# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 8 सितम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-201 ■ पृष्ठ-15 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# फसल क्षति का आकलन कर प्रभावित किसानों को दिया जायेगा मुआवजा : सीएम

**वैशाली व सारण के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा बाढ़ में डूबने से मौत मामले में मृतकों के आश्रितों को दी गई 4-4 लाख रुपये**

## सम्राट ने बाढ़ राहत शिविर में लोगों को खुद परोसा भोजन, साथ में खाया



**पटना/हाजीपुर (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को वैशाली एवं सारण जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हाजीपुर और सोनपुर में संचालित बाढ़ राहत शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

वैशाली जिले में गंगा ब्रिज थाना के सामने संचालित बाढ़ राहत शिविर में सीएम ने कम्युनिटी किचन का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन वितरण काउंटर और निबंधन सह नियंत्रण कक्ष में व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सीएम ने स्वयं लोगों को भोजन परोसा। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता देखी और शिविर में रह रहे लोगों से पूछा कि उन्हें भोजन एवं अन्य सुविधाओं में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं है। लोगों ने बताया कि शिविर में अच्छी व्यवस्था है और उन्हें पर्याप्त भोजन मिल रहा है। सीएम ने राहत शिविर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों से बातचीत की। शिविर में महिलाओं और पुरुषों के लिए की गई अलग-अलग रहने की व्यवस्था का भी उन्होंने जायजा लिया और सीधे संवाद किया। वहीं बाढ़ के पानी में डूबने से हुई मृत्यु के मामलों में मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। स्वास्थ्य शिविर के निरीक्षण के दौरान सीएम ने निर्देश दिया कि बीमार होने की स्थिति में बाढ़ पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए परेशानी न हो। सीएम ने पशु चिकित्सा शिविर की भी जानकारी ली और अधिकारियों को पशुओं के लिए पर्याप्त दवा उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात सीएम ने सारण जिले के सोनपुर शहर स्थित स्काउट एंड गाइड सेंटर में संचालित बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां बाढ़ पीड़ितों के साथ भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण हुई फसल क्षति का आकलन कराया जाएगा और प्रभावित किसानों को समुचित मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही, गंगा में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी सरकार काम कर रही है।

## बाढ़ से लोगों को स्थायी रूप से निजात दिलाने को सरकार प्रयासरत : सम्राट

**एक-एक हाउस होल्ड की जांच कर नुकसान का किया जाएगा आकलन**

**पटना (एनएसबी)।** हाजीपुर एवं सोनपुर में राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा नदी के जलस्तर में लगभग 17 से 18 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। फरक्का बराज से अभी लगभग 15 लाख क्यूसेक पानी का लगातार डिस्चार्ज हो रहा है। अगले दो-तीन दिनों में स्थिति में और राहत मिलने की संभावना है। पदाधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आपदा से लोगों को निजात दिलाने के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। बाढ़ प्रभावित लोगों को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, इलाज, पढ़ाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर स्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है। स्थिति सामान्य होने के बाद एक-एक हाउस होल्ड की जांच कर नुकसान का आकलन किया जाएगा तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव राहत प्रदान की जाएगी। गंगा नदी के स्ट्रेच को एक सीमा में बांधने के संबंध में केंद्रीय जल आयोग से भी बातचीत की गई है, ताकि प्रत्येक वर्ष बाढ़ से उत्पन्न होने वाली समस्या से लोगों को स्थायी रूप से निजात दिलाई जा सके। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विधायक जनक सिंह, संजय सिंह, सिद्धार्थ पटेल, जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, वैशाली डीएम वर्षा सिंह, सारण डीएम वैभव श्रीवास्तव सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सूबे के 11 जिलों में बाढ़ का कहर जारी, 10.26 लाख लोग प्रभावित

## गंगा-पुनपुन खतरे के निशान से ऊपर, दियारा के गांवों में घुसा पानी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। गंगा और उसकी सहायक नदियों के उफान ने राज्य के कई जिलों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। राज्य के 11 जिलों के 50 प्रखंडों की 201 ग्राम पंचायतों में करीब 10.26 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं, जबकि राजधानी पटना में गंगा और पुनपुन कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। हालांकि सोमवार 7 सितंबर को जारी आकंड़ों के मुताबिक, पटना के दीघा घाट और गांधी घाट पर गंगा नदी के जलस्तर में 16 सेमी की गिरावट देखने को मिली है। फिर भी जलस्तर खतरे के निशान से उपर बना हुआ है। बढ़ते जलस्तर का असर अब सिर्फ दियारा और निचले इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि पटना के श्मशान घाटों पर भी संकट खड़ा हो गया है, जहां अंतिम संस्कार के लिए जगह कम पड़ने लगी है। कई गांवों में घरों तक पानी पहुंच चुका है और प्रभावित परिवार नाव के सहारे सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य तेज करने के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं।

**गंगा समेत कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर :** बिहार में गंगा समेत कई प्रमुख नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंडक नदी डुमरिया घाट और हाजीपुर में खतरे के निशान को पार कर चुकी है। वहीं, कोसी नदी बलतारा और कुसेर्ला में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बूढ़ी गंडक खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर है। गंगा नदी दीघा, हाथीदह, भागलपुर, कहलगांव, बक्सर और मुंगेर में भी खतरे के स्तर को पार कर चुकी है। इसके अलावा पुनपुन नदी श्रीपालपुर और घाघरा नदी दरौली में भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कई नदियों के बढ़ते जलस्तर ने राज्य के निचले और दियारा क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति को और गंभीर बना दिया है। जल संसाधन विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को दीघा और गांधी घाट पर गंगा नदी के जलस्तर में 16 सेमी की गिरावट देखने को मिली है। लेकिन गांधी घाट पर गंगा खतरे के निशान से 1.38 मीटर ऊपर बह रही है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पटना के तटवर्ती और निचले इलाकों में सतर्कता बरती जा रही है। दीघा घाट पर भी गंगा खतरे के निशान से ऊपर बनी हुई है। जलस्तर में 21 सेमी की गिरावट दर्ज की गई है।



### तेजस्वी यादव ने पीएम को लिखा पत्र, बिहार की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित की मांग



**पटना।** बिहार में बाढ़ की गंभीर स्थिति को लेकर राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तत्काल बिहार का दौरा करने और राज्य में आई विनाशकारी बाढ़ को ह्यराष्ट्रीय आपदाह्न घोषित करने की मांग की है। उन्होंने केंद्र सरकार से बिहार के लिए तत्काल 5 हजार करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता के साथ हरसंभव मानवीय और जरूरी सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि बिहार इस समय भीषण बाढ़ की त्रासदी से गुजर रहा है और 20 जिले बाढ़ जनित आपदा की चपेट में हैं।

### 11 जिलों के 50 प्रखंडों में बाढ़ का असर

नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण बिहार के 11 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार और अरवल शामिल हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन 11 जिलों के 50 प्रखंडों की 201 ग्राम पंचायतों में बाढ़ का असर है। इन प्रभावित क्षेत्रों में करीब 10.26 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं।

घरेलू एलपीजी बुकिंग का नियम बदला

## अब दूसरे सिलेंडर के लिए नहीं करना होगा इंतजार



**45 दिन से घटाकर अब 25 दिन में कर सकेंगे बुकिंग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू एलपीजी ग्राहकों के लिए सरकार ने सिलेंडर बुकिंग के नियम में बदलाव किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक एलपीजी रीफिल बुकिंग और अगली बुकिंग के बीच का अंतर 45 दिन से घटाकर 25 दिन कर दिया है। यानी अब ग्राहक पिछला सिलेंडर बुक करने के 25 दिन बाद अगला सिलेंडर बुक कर सकेंगे।

इस बदलाव से खासतौर पर ग्रामीण इलाकों के उन ग्राहकों को राहत मिलेगी, जिन्हें अगला सिलेंडर बुक करने के लिए 45 दिन का लंबा इंतजार करना पड़ता था. अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के घरेलू एलपीजी ग्राहकों के लिए 25 दिन का समान नियम होगा.इससे पहले घरेलू एलपीजी रीफिल की बुकिंग के बीच 45 दिन का अंतर रखा गया था. इसके चलते जिन परिवारों में गैस सिलेंडर जल्दी खत्म हो जाता था, उन्हें अगली बुकिंग के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था. अब यह अंतर घटाकर 25 दिन कर दिया गया है. इसका मतलब है कि एक बार सिलेंडर बुक करने के 25 दिन पूरे होने के बाद ग्राहक दोबारा रीफिल बुक कर सकेगा।

## पटना स्नातक सीट पर चुनाव से पहले जदयू खेमे में राजनीति तेज

**उमेश कुशवाहा ने अनंत सिंह और नीरज कुमार के साथ की बैठक**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद की पटना स्नातक सीट पर चुनाव से पहले जदयू खेमे में राजनीति तेज हो गई है। सोमवार को विधायक अनंत सिंह और जदयू एमएलसी नीरज कुमार जदयू कार्यालय पहुंचे। करीब 35 मिनट तक जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के साथ बंद कमरे में बैठक चली। बैठक से बाहर निकलने के बाद अनंत सिंह ने कोई बयान नहीं दिया। वो चुपचाप पार्टी ऑफिस से निकल गए। एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि पहले अनंत सिंह ने जो कहा हो उससे मतलब नहीं, आज कुछ कहा क्या। वो मेरे समर्थन में हैं। दरअसर, अनंत सिंह गुरुवार को बाढ़ के बेढ़ना गांव पहुंचे थे। इस गांव में जहरीली शराब पीने से 4 लोगों की मौत हुई थी। अनंत सिंह 4 दिन में दूसरी बार पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे। मुलाकात बाद मीडिया से बात करते हुए अनंत सिंह ने आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर साफ कहा था कि वे इस चुनाव में डॉ. अनुज सिंह का पूरा समर्थन करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह को नई दिल्ली स्थित उनके मंत्रालय के कार्यालय में एक गुमनाम पत्र के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद बेगूसराय टाउन पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, गिरिराज सिंह के नाम एक गुमनाम पत्र 3 सितंबर को नई दिल्ली स्थित उनके मंत्रालय के कार्यालय में डाक से पहुंचा था। इस पत्र में केंद्रीय मंत्री को जान से मारने की धमकी दी गई थी और इसमें आतंकवादियों का भी जिक्र किया गया था।

### सेवानिवृत्त शिक्षक से दिनदहाड़े 49 हजार लूटे

**तुरकौलिया/मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने पुलिसिया चौकसी को ठेंगा दिखाते हुए दिनदहाड़े लूट की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की शाखा से पैसे निकालकर पैदल अपने घर लौट रहे एक सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) शिक्षक से बाइक सवार दो बदमाशों ने डरा-धमकाकर 49,000 हजार नगद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद मुख्य मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा को लेकर गहरा आक्रोश है।

### IRCTC केस में लालू परिवार को अभी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य आरोपियों के खिलाफ कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप तय करने के संबंध में अपना फैसला टाल दिया। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आईआरसीटीसी होटल घोटाले की जांच के दायरे में लाया गया है। राउज एवेन्यू कोर्ट, जिसे आदेश सुनाना था, ने फैसला स्थगित कर दिया है और अब संभवतः 10 सितंबर को फैसला सुनाएगा। ईडी का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए आईआरसीटीसी होटल घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय के कथित मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है।

### जमुई में तेज रफ्तार हाइवा ने बाप-बेटी को कुचला, दोनों की मौत

**जमुई।** चकाई-जमुई मुख्य मार्ग पर बटिया थाना क्षेत्र के बटिया जंगल स्थित चिरन पुल के पास सोमवार को तेज रफ्तार हाइवा ने कार और बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पिता व 3 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मृतकों की पहचान सोनो थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी सुशील कुमार बरनवाल (38) और उनकी तीन वर्षीय बेटी प्रिया कुमारी के रूप में हुई है।

### रांची में लोजपा विधायक के पुत्र का अपहरण

**रांची।** झारखंड के चतरा से लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के विधायक जनार्दन पासवान के बेटे का रांची में एमिटी यूनिवर्सिटी गेट के पास से अपहरण कर लिया गया है। इसकी सूचना मिलते ही रांची पुलिस ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। विधायक ने बताया कि उनके बेटे को कुछ अज्ञात लोग जबरन अपने साथ ले गए हैं। विधायक का पुत्र इसी यूनिवर्सिटी का छात्र है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है और रांची से बाहर जाने वाले सभी रास्तों पर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है।

## सशस्त्र बलों को खतरों से निपटने के लिए पूरी आजादी : राजनाथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को खतरों का निर्णायक जवाब देने के लिए आजादी और संसाधन दोनों दिए गए हैं, जिसमें दुश्मनों के इलाके में घुसकर उन पर हमला करना भी शामिल है।

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि शांति और कमजोरी के बीच स्पष्ट अंतर है। उन्होंने कहा कि अगर कोई देश भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो कोई बातचीत नहीं होगी। इसके बजाय, हमारे रक्षा बल मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि भारत शांति में विश्वास करता है और युद्ध या किसी इलाके पर कब्जा नहीं चाहता, लेकिन डर से पैदा हुई शांति निंदनीय है, जबकि शांति के लिए लड़ा गया युद्ध सम्मान के योग्य है। सिंह ने कहा कि दुश्मनों ने कई तरीकों से भारत की सुरक्षा को कमजोर करने की कोशिश की है, जिसमें जम्मू-कश्मीर में युवाओं को गुमराह करना, भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए फंडिंग करना, आतंकवाद फैलाना और समाज में बंटवारा पैदा करना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पुनर्वास, कट्टरपंथ से दूर करने और रोजगार के अवसर पैदा करके इन मंसूबों को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर ने अभूतपूर्व प्रगति देखी है। भारत की आतंकवाद-विरोधी रणनीति पर बात करते हुए रक्षा मंत्री ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयरस्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया, जिनमें आतंकवादियों और उनके आकाओं को निशाना बनाया गया था।

## मेरे रिटायर होने का इंतजार कर रहे : CJI

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरावली पर्वत श्रृंखला विवाद पर बनाई गई हाई-पावर्ड कमेटी (एचपीसी) को रिपोर्ट देने के लिए 6 महीने का अतिरिक्त समय देने से मना कर दिया।



कोर्ट ने कमेटी को हर हाल में 30 नवंबर 2026 तक रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा- क्या कमेटी मेरे रिटायर होने का इंतजार कर रही है? उन्होंने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि कमेटी दिन-रात काम करे और 2 महीने में रिपोर्ट दे। सीजेआई जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा कि अगर कमेटी रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम नहीं है, तो वह बताए। ऐसी स्थिति में कमेटी का दोबारा गठन किया जाएगा। सीजेआई सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे और जस्टिस विक्रम नाथ देश के अगले सीजेआई बनेंगे।

## 15 अगस्त 2047 तक भारत दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र होगा : अमित शाह



**बंबोलिम (गोवा) (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में गोवा पुलिस को 'प्रेसिडेंट्स कलर्स' सौंपने के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि गोवा पुलिस को सम्मानित 'प्रेसिडेंट्स कलर्स' प्रदान करना मेरे लिए भी बहुत गर्व की बात है, क्योंकि आज आठ दशकों की गौरवशाली गोवा पुलिस सेवा और सम्मान के साथ राष्ट्रपति के दिए हुए निशान के साथ देशभर की पुलिस की कतार में खड़ी है। ये हम सबके लिए बहुत गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि ये गौरव जिन-जिन राज्यों की पुलिस को मिला है, पुलिस के उस गौरवशाली इतिहास, पेशवेर उत्कृष्ठता, साहस और अनुशासन और समर्पण के कारण ही राष्ट्रपति ने गोवा को 'प्रेसिडेंट्स कलर्स' से सम्मानित करने का काम किया है। गोवा छोटा परंतु बहुत महत्वपूर्ण राज्य है और गोवा की पुलिस को सुरक्षित शहर, सुरक्षित समुदाय और सुरक्षित समुद्री सीमाएं ये तीनों दायित्व गोवा राज्य की रचना के साथ ही प्राप्त हुए हैं। गोवा राज्य की रचना के बाद गोवा पुलिस ने अपने दायित्व को भली-भांति निभाया है। विकसित राष्ट्र की यह पहली शर्त होती है कि राष्ट्र की आंतरिक और सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो जाए। गोवा पुलिस को आंतरिक और सीमाओं की सुरक्षा करने का गौरव मिला है। गोवा की लंबी समुद्री सीमा की सुरक्षा भी गोवा पुलिस के कंधे पर है।

## स्पेस एजेंसी सरकारी संस्था ही है : ISRO चेयरमैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी सरकारी संस्था है और इसका निजीकरण नहीं हुआ है। उन्होंने इसरो के कर्मचारियों की चिंताओं को जायज बताते हुए कहा कि उनका समाधान किया जाएगा।



नारायणन बेंगलुरु स्पेस एक्सपो (BSX) के 9वें सीजन के उद्घाटन समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में अंतरिक्ष क्षेत्र और स्पेस इकोनॉमी को बढ़ाने के लिए ISRO प्राइवेट कंपनियों और स्टार्टअप्स के साथ काम कर रहा है। नारायणन का बयान क्रफ्ढ की 9 कर्मचारी संगठनों के 4 सितंबर को भेजे गए पत्र के बाद आया। संगठनों ने इसरो के मैन्युफैक्करिंग और ऑपरेशनल कामों को प्राइवेट संस्थाओं को सौंपने के प्रस्ताव पर जवाब मांगा था। हम सरकारी निवेश के साथ काम कर रहे हैं। लेकिन अब हमारे सामने कई तरह के काम हैं।

# बिहार में आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से खुलेगा शैक्षिक एवं आध्यात्मिक विश्वविद्यालय : शिक्षा मंत्री

दैनिक नवसंदेश

**पटना/ बेंगलुरु।** बिहार के शिक्षा क्षेत्र में नैतिक, संस्कारयुक्त और समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर से बिहार में एक ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना का अनुरोध किया है, जहां आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा को भी स्थान मिले।

प्रस्तावित विश्वविद्यालय में मेडिटेशन सेंटर, आयुर्वेद केंद्र और गुरुकुलम की व्यवस्था होगी। यहां वैदिक शिक्षा के साथ विज्ञान की भी पढ़ाई कराई जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसे संस्थान की स्थापना से बिहार के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, मानसिक संतुलन और जीवन-मूल्यों की सीख भी मिलेगी।

**श्री श्री रविशंकर से शिक्षा मंत्री की लंबी वार्ता :** बिहार महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के बाद सोमवार को शिक्षा मंत्री ने बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में श्री श्री रविशंकर से मुलाकात की। दोनों के बीच बिहार में शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण, नैतिक शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने सहित विभिन्न विषयों पर लंबी बातचीत हुई। शिक्षा मंत्री ने श्री श्री से आग्रह किया कि जिस प्रकार विश्व के 180 देशों में उनके शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, उसी प्रकार बिहार में भी एक संस्थान स्थापित किया जाए। इससे बिहार के शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

**मेडिटेशन सेंटर, आयुर्वेद केंद्र और गुरुकुलम की होगी व्यवस्था, वैदिक शिक्षा के साथ विज्ञान की भी होगी पढ़ाई**

**आर्ट ऑफ लिविंग और एससीईआरटी के बीच एमओयू पर बनी सहमति, जल्द पटना आएगी संस्था की टीम**

**श्री श्री रविशंकर से शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की वार्ता, बिहार में शैक्षिक एवं आध्यात्मिक केंद्र विकसित करने का मिला आश्वासन**

**नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर शनिवार को नो बैग डे के दिन सभी स्कूलों में आर्ट ऑफ लिविंग का होगा प्रचार-प्रसार**

**आर्ट ऑफ लिविंग और एससीईआरटी के बीच होगा एमओयू :** वार्ता के दौरान आर्ट अफ लिविंग और एससीईआरटी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने पर सहमति बनी। इसके लिए आर्ट ऑफ लिविंग की टीम जल्द पटना आएगी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। इस समझौते के तहत राज्य के सभी डायट (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) में आर्ट ऑफ लिविंग के पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण से शिक्षकों को रूबरू कराया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षक नैतिक शिक्षा और जीवन-मूल्यों से जुड़े इन पाठ्यक्रमों को विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे। इसकी शुरुआत सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में स्थापित सभी मडल स्कूलों से की जाएगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से राज्य के अन्य सभी स्कूलों में भी इसे लागू किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर से बिहार में विश्वविद्यालय की स्थापना का अनुरोध किया।

**हर शनिवार नो बैग डे पर नैतिक शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा :** श्री तिवारी ने बताया कि हर शनिवार नो बैग डे पर सभी स्कूलों में आर्ट ऑफ लिविंग की गतिविधियों और नैतिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच नैतिक, बौद्धिक और संस्कारयुक्त शिक्षा को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

**पटना के आसपास विकसित होगा शैक्षिक एवं आध्यात्मिक केंद्र :** श्री श्री रविशंकर ने पटना के आसपास आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से एक शैक्षिक एवं आध्यात्मिक केंद्र विकसित करने का आश्वासन दिया। इस केंद्र के माध्यम से गया, गोपालगंज, दरभंगा और भागलपुर पर विशेष फोकस रहेगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़ने के बाद शिक्षा विभाग संस्था की विभिन्न गतिविधियों को अपनाएगा। इससे पहले गया स्थित बिपार्ड में संस्था की ओर से 1500 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अब बिहार के सभी शिक्षकों को भी प्रशिक्षण देने की दिशा में काम किया जाएगा।

**श्री श्री रविशंकर को सिद्धपीठ थावे आने का शिक्षा मंत्री ने दिया न्योता :** शिक्षा मंत्री ने श्री श्री रविशंकर को बिहार के प्रमुख सिद्धपीठ थावे आने का न्योता भी दिया। श्री श्री रविशंकर ने अगले वर्ष बिहार आने की सहर्ष सहमति दी।

**दुनिया के 182 देशों तक पहुंची आर्ट ऑफ लिविंग की गतिविधियां :** मालूम हो कि आर्ट ऑफ लिविंग का प्रभाव 120 देशों में है। संस्था की ओर से अब तक वैश्विक स्तर पर 10 करोड़ पेड़ लगाए गए हैं। 65 देशों में आठ लाख कैदियों का पुनर्वास किया गया है। 156 देशों में आपदा राहत अभियान चलाया गया है। भारत के अलावा अमेरिका, लैटिन अमेरिका और यूरोप के 5250 विश्वविद्यालय परिसरों में संस्था ने अपनी उपस्थिति दर्ज की है। अब तक 5 लाख करपोरेट लीडर तैयार किए गए हैं और 20 लाख युवाओं को आजीविका कौशल में प्रशिक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों के लिए 1356 मुफ्त विद्यालय चलाए जा रहे हैं। वहीं, 2500 युवाओं को सौर ऊर्जा का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा चुका है। आर्ट ऑफ लिविंग का प्रचार-प्रसार 182 देशों में है और संस्था की विद्या तकरीबन एक अरब से ज्यादा लोगों तक पहुंचाई गई है। पूरे विश्व में 40 हजार प्रशिक्षित शिक्षक संस्था की ओर से ट्रेनिंग दे रहे हैं।

## खबरें : एक नजर में

### अगमकुआं स्थित संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला को मिली एनबीएल मान्यता

**पटना / एनएसबी।** बिहार में आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में बिहार सरकार को महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। पटना के अगमकुआं स्थित संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला टेस्टींग के क्षेत्र में मान्यता प्रदान की गई है, यह मान्यता अगले 2 बर्षो के लिए मिला है। एनबीएल मान्यता प्राप्त होने से राज्य में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की जांच के लिए उपलब्ध वैज्ञानिक एवं मानकीकृत परीक्षण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**दूध से लेकर मसालों और खाद्य तेलों तक की जांच होगी :** स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि बिहार में नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। एनबीएल मान्यता मिलना खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जांच व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस मान्यता से विभिन्न खाद्य एवं खाद्य उत्पादों की जांच के लिए वैज्ञानिक और मानकीत व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी जांच व्यवस्था बेहद आवश्यक है। दूध एवं दुग्ध उत्पादों, मसालों, अनाज, दालों, खाद्य तेलों, नमक और अन्य खाद्य पदार्थो के विभिन्न गुणवत्ता मानकों की जांच की सुविधा उपलब्ध होना राज्य की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा। सरकार का उद्देश्य है कि वैज्ञानिक जांच और प्रभावी निगरानी के माध्यम से आम लोगों के स्वास्थ्य की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### बाकरगंज यातायात पोस्ट पर लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई

**पटना / एनएसबी।** 5 सितम्बर को संध्या 6 : 45 बजे बाकरगंज यातायात पोस्ट के औचक निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में गंभीर लापरवाही और उदासीनता का मामला सामने आया। ड्यूटी के दौरान मोबाइल का उपयोगः निरीक्षण में सअनि रविन्द्र कुमार मंडल, मसि 9258 गीता कुमारी एवं गृह 103451 सुरज कुमार केबिन के अंदर बैठकर मोबाइल चलाते मिले, जबकि बाहर जाम की स्थिति थी। नियमों की अनदेखी : पिक ऑवर (शाम 17 : 00 से 20 : 00 बजे) के दौरान केबिन के बाहर रहकर यातायात संचालन के स्पष्ट निर्देश के बावजूद कर्मियों द्वारा इसकी अवहेलना की गई। वेतन निर्धारण एवं स्पष्टीकरणः लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए सअनि रविन्द्र कुमार मंडल एवं मसि 9258 गीता कुमारी का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक (धारित) दिया गया है तथा तीनों कर्मियों से 07 दिनों में स्पष्टीकरण मांगा गया है। गृह रक्षक पर कार्रवाईः मामले में संलिप्त गृह रक्षक 103451 सुरज कुमार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अलग से प्रतिवेदन समर्पित किया जा रहा है।

### एसकेएफआई के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष को मातृ शोक, समाजसेविका सरिता श्रीवास्तव नहीं रही, चित्रांश समाज में शोक की लहर

**छपरा / एनएसबी।** समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया ,दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष,कायस्थ परिवार,छपरा के मुख्य संयोजक एवं समाजसेवी अभिजीत श्रीवास्तव की माता समाजसेविका सरिता श्रीवास्तव का निधन सोमवार को भले सुबह हो गया । इस निधन की खबर मिलते ही फेडरेशन के सदस्यों एवं चित्रांश बन्धुओं में शोक की लहर दौड़ गई। पुत्र अभिजीत श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि मेरी माता का दाह संस्कार सारण जिला के रिविलगंज नगर पंचायत स्थित सेमरिया शमशान घाट पर सरयुग नदी के किनारे मंगलवार को होगा। समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया ,दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष,कायस्थ परिवार,छपरा के मुख्य संयोजक एवं समाजसेवी अभिजीत श्रीवास्तव की माता समाजसेविका सरिता श्रीवास्तव का निधन सोमवार को अहले सुबह हो गया । नई दिल्ली स्थित आवास पर इनका निधन हार्टअटैक से हो गई। 68 वर्षीय सरिता श्रीवास्तव प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रामशंकर प्रसाद सिन्हा उर्फ फुल्ली बाबू एवं स्वर्गीय इंदु भूषण सिन्हा की सुपुत्री थी उनका पैतृक बेपचे दाउदपुर,सारण से था । परिवार में सबसे छोटी बेटी और संयुक्त परिवार की संस्कारी सदस्य रही । छपरा शहर के भगवान बाजार निवासी ठाकुर प्रसाद श्रीवास्तव की पुत्र बधू एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी थी। इनके पति का निधन कोविड 2019 में हो गया था। अपने पीछे एक पुत्र ,पुत्र वधु ,पुत्री,दामाद एवं नातीन सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गयी।



सरिता श्रीवास्तव (फाइल फोटो)।

## गयाजी के क्षितिज कश्यप ने पहनी सेना की वर्दी, दादा-दादी और माता-पिता का बढ़ाया मान

**क्रेन स्कूल गया से पढ़ाई, दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीतिक विज्ञान में स्नातक के बाद पहले ही प्रयास में हासिल की सफलता**

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश)।** 'अफसर प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए), चेन्नई' के पासिंग आउट परेड के अंतिम पग के साथ गयाजी के लाल क्षितिज कश्यप ने अधिकारी कैडेट के रूप में अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर भारतीय सेना में शामिल होकर जिले का नाम रोशन किया है। अंतिम पग पार करते समय उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और आंखों में देशसेवा का जज्बा साफ नजर आया है।

नियाजीपुर पोस्ट कुजापी, गया के रहने वाले क्षितिज कश्यप ने बताया कि उनके परिवार ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनके दादा नरेन्द्र कुमार सिंह सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, दादी श्यामा कुमारी सेवानिवृत्त शिक्षिका हैं। उनके पिता किसान हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। क्षितिज ने गया के क्रेन स्कूल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीतिक विज्ञान में स्नातक किया। सेना में अधिकारी बनने के अपने पहले ही प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की है। क्षितिज ने कहा कि उन्हें बचपन से ही भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का जुनून था। ओटीए के प्रशिक्षण ने उन्हें एक युवा से अधिक जिम्मेदार और आत्मविश्वासी व्यक्ति बनाया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और जिम्मेदारी का महत्व सीखा। कठिन शारीरिक प्रशिक्षण ने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान समय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती थी। प्रतिदिन शारीरिक प्रशिक्षण, कक्षाएं, ड्रिल, खेल और अन्य गतिविधियों से दिन पूरी तरह व्यस्त रहता था। गर्मी के मौसम में प्रशिक्षण विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण रहा, जिसने हर परिस्थिति और देश के किसी भी हिस्से में तैनाती के लिए तैयार किया गया है। क्षितिज ने बताया कि सैन्य प्रशिक्षण के दौरान सम्मान, कर्तव्य, साहस और निस्वार्थ सेवा जैसे भारतीय सैन्य मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर मिला है। वरिष्ठ अधिकारियों, कनिष्ठों और साथी अधिकारियों के प्रति सम्मान तथा सैन्य परंपराओं और शिष्टाचार की सीख भी प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। उन्होंने कहा कि सिविलियन पृष्ठभूमि से आने के कारण सैन्य जीवन उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था। शुरुआती दौर में अनुशासन, सुबह जल्दी उठना, शारीरिक चुनौतियों और नियमित दिनचर्या के साथ तालमेल बैठाना कठिन रहा। शारीरिक और मानसिक थकान के बावजूद हर दिन समान ऊर्जा और एकाग्रता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती थी। इस दौरान कोर्समेट, परिवार और दोस्तों के सहयोग ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी है। क्षितिज ने कहा कि ओटीए से मिली शिक्षा और मूल्यों को वह जीवन के हर क्षेत्र में अपनाएंगे। अनुशासन, ईमानदारी, साहस, टीम भावना और जिम्मेदारी उनके सैन्य जीवन का आधार रहेगा। उन्होंने भारतीय सेना की गरिमा और परंपराओं को बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा, विनम्रता और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया है।



गयाजी के लाल क्षितिज कश्यप परिजनो के साथ।

## बिहार की विनाशकारी बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे : तेजस्वी

**पटना / एनएसबी।** तेजस्पी यादव ने कहा कि बिहार इस समय भीषण बाढ़ की त्रासदी से गुजर रहा है। इस समय बिहार के 20 जिले बाढ़ जनित आपदा की चपेट में हैं। इस आपदा में फंसे लाखों लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। नदियों में निरंतर बढ़ते जलस्तर से जल ग्रहण क्षेत्र में वृद्धि के कारण सार्वजनिक ढांचे को भारी नुकसान हुआ है तथा हजारों करोड़ के जान-माल की क्षति हुई है। राज्य की बड़ी आबादी भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवा, बिजली आपूर्ति, पशुचारा एवं सुरक्षित आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है।

देश के सबसे गरीब और पिछड़े राज्य बिहार की एनडीए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही बाढ़ राहत एवं बचाव व्यवस्था ऊँट के मुँह में जीरे समान है। बिहार में विनाशकारी बाढ़ ने लाखों लोगों का जीवन तबाह कर दिया है, लेकिन बिहार सरकार और बिहार से निर्वाचित केंद्रीय मंत्री व सांसद बेबस, लाचार, अक्षम और असहाय नजर आ रहे हैं। वो ना तो केंद्र सरकार से इस भीषण बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करा पा रहे हैं और ना ही बिहार के लिए विशेष राहत एवं सहायता राशि की मांग मजबूती से उठा पा रहे हैं।

यह स्थिति केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन के अंतर्गत वर्षो से चली आ रही सतत्त विफलता का भी परिणाम है। प्रत्येक वर्ष बाढ़ आने के बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं हुआ है।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ।

यह अत्यंत चिंता का विषय है कि दिवालिया हो चुकी बिहार सरकार बाढ़ पीड़ितों की सहायता करने में उदासीन है। आपदा राहत की राशि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए सुनिश्चित किया जाना चाहिए था किन्तु इस वर्ष राज्य की आकस्मिक निधि एवं अन्य वित्तीय संसाधनों का उपयोग नियमित सरकारी खर्चो में इस प्रकार हुआ है कि आपदा के समय राहत के लिए धन की अत्यंत कमी हो रही है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में मेरा सविनय आग्रह है कि केंद्र सरकार- बिहार की विनाशकारी बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे। बिहार की मदद के लिए तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए विशेष बाढ़ राहत पैकेज उपलब्ध कराए। भीषण बाढ़ से प्रभावित एवं सड़क संपर्कहीन क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त नाव, बोट एवं अन्य संसाधनों की तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## भारत तिवारी मामले में बिहार मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**पटना / एनएसबी।** बिहार के भोजपुर के बिलौटी निवासी भारत तिवारी के पुलिस एनकाउंटर मामले में बिहार मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने 10 अगस्त 2026 को बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर इन अधिकारियों से दो दिनों में जवाब मांगा था। इसके बाद फिर आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक को आगामी 16 सितंबर को आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

भारत तिवारी इनकाउंटर मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता डा अजय कुमार पांडेय ने भारत तिवारी इनकाउंटर मामले को गंभीरता से लेते हुए 7 जुलाई 2026 को बिहार के पुलिस महानिदेशक , गृह सचिव, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और बिहार मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखा कर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था।

भोजपुर के इस अतिसंवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता डा अजय कुमार पांडेय ने व्यक्तिगत प्रयास से इस मामले बिहार के तमाम पुलिस अधिकारियों से संपर्क में रहे। इसका परिणाम है कि बिहार मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। बिहार मानवाधिकार आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक को 16 सितंबर 2026 को आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता डा अजय कुमार पांडेय ने बताया कि वे इस अतिसंवेदनशील मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट और पटना उच्च न्यायालय में पीआईएल दायर करेंगे। डा पाण्डेय का मानना है कि यह एक एनकाउंटर नहीं है बल्कि मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की पुलिस बंदी में हत्या की गई है। मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को लेकर केंद्र और बिहार सरकार के पास कोई मापदंड नहीं है।

## ग्रैंड तीज महोत्सव में फैशन शो, नृत्य और संगीत ने बांधा समां

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** महाराजा कामेश्वर कम्प्लेक्स स्थित एलिना रिसॉर्ट में आयोजित ग्रैंड तीज महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। तीज के पारंपरिक उत्सव को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत करते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में फैशन शो, नृत्य और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

यह कार्यक्रम बहुरानी साड़ी कंपनी के स्वामी निशा डिडवानिया और कुमारी रूबी के द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सारिका के चौहान, निदेशक, नींव फाउंडेशन थीं। वहीं विशेष अतिथि रेखा सिंह, मुखिया, मोतीराजपुर, छपरा ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाई।

अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। तीज महोत्सव के दौरान आयोजित फैशन शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों और आकर्षक रूप-सज्जा के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। तीज की पारंपरिक संस्ति, सौंदर्य और आधुनिक फैशन का सुंदर मेल दर्शकों को खूब पसंद आया। इसके साथ ही नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डा़ सुनंदा केशरी, निदेशक, स्टडी प्लस तथा स्वाति प्रिया, जो लंदन से विशेष रूप से आई थीं, ने निभाई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, आत्मविश्वास, वेशभूषा, व्यक्तित्व और मंचीय प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा होते ही प्रतिभागियों और दर्शकों में उत्साह देखने को मिला।





महाराजा कामेश्वर कम्प्लेक्स स्थित एलिना रिसॉर्ट में आयोजित ग्रैंड तीज महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

तीज क्विन का खिताब मोना और कीर्ति ने अपने नाम किया। वहीं प्रथम उपविजेता का खिताब पूजा और माधुरी को मिला। द्वितीय उपविजेता के रूप में मालिका और दिव्या चुनी गईं। जबकि तृतीय उपविजेता का सम्मान प्रीति और अलीशा को प्राप्त हुआ।

विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथियों और निर्णायकों ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता को मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करते हैं। तीज जैसे पारंपरिक पर्व को सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैशन और मनोरंजन के साथ जोड़कर मनाना हमारी समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सुंदर माध्यम है।

पूरे कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रंग-बिरंगे परिधानों, पारंपरिक श्रृंगार, संगीत और नृत्य से सजा एलिना रिसॉर्ट का वातावरण पूरी तरह तीजमय नजर आया। एमपी जैन बताया की कार्यक्रम के अंत में विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गईं और आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए अतिथियों, निर्णायकों तथा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबरें खास-खास

### राज्य के सरकारी विद्यालयों की पहली कॉमिक बुक 'निपुण चितरंगी' की शुरुआत

**कहानी, चित्र और संवाद के माध्यम से बच्चों को सीखने का मिलेगा रोचक अवसर**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को और अधिक रोचक, सहज एवं आनंददायक बनाने की दिशा में एक नई पहल शुरू की गई है। निपुण बिहार मिशन के उद्देश्यों को बच्चों तक सरल और प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय, सीतामढ़ी की ओर से 'निपुण चितरंगी' नामक कॉमिक बुक के प्रकाशन की शुरुआत की गई है। 'निपुण चितरंगी' को बिहार के सरकारी विद्यालयों की पहली कॉमिक बुक के रूप में तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों को पाठ्यवस्तु के साथ-साथ जीवन में उपयोगी सीख से जोड़ना है। इसके लिए कहानी, चित्र और संवाद का सहारा लिया गया है, ताकि बच्चे पढ़ाई को बोझ के बजाय आनंद के रूप में महसूस करें और सीखने में उनकी रुचि बढ़े। इस कॉमिक बुक की शुरुआत सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन की मुदुला कुमारी के मार्गदर्शन में की गई है। कॉमिक के माध्यम से बच्चों की भाषा, समझ और सीखने की क्षमता को मजबूत करने के साथ उन्हें रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी उपयोगी बातों से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। 'निपुण चितरंगी' निपुण बिहार मिशन के लक्ष्यों को बच्चों के अनुकूल तरीके से प्रस्तुत करने की एक रचनात्मक पहल है। सरल भाषा, आकर्षक चित्रों और रोचक संवादों के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने और उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया है। इस तरह की रचनात्मक पहल से विद्यालयों में सीखने का माहौल और अधिक आनंददायक बनेगा तथा बच्चों को बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं के साथ जीवनोपयोगी ज्ञान हासिल करने में भी मदद मिलेगी।





### आईजीआईएमएस पटना ने अपना पहला टीएवीआइ प्रोसीजर किया, कार्डियक केयर में एक बड़ी उपलब्धि

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईजीआईएमएस ), पटना ने अपना पहला ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (टीएवीआइ) प्रोसीजर सफलतापूर्वक किया है, जो इंस्टीट्यूट में एडवांस्ड कार्डियक केयर में एक अहम उपलब्धि है। यह प्रोसीजर आईजीआईएमएस के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर और हेड, सीनियर इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट डा. रवि विष्णु प्रसाद ने किया। टीएवीआइ प्रोसीजर एक 77 साल के पुरुष मरीज पर किया गया, जो गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस और कई को-मॉर्बिड बीमारियों से पीड़ित थे। वह सीओपीडी और एडवांस्ड प्रोस्टेट बीमारी से पीड़ित थे। पिछले साल, उनकी एलएडी में एंजियोप्लास्टी हुई थी। मरीज की हार्ट पंपिंग कैपेसिटी भी कम हो गई थी, और लेफ्ट वेंट्रिकुलर इजेक्शन फ्रैक्शन लगभग 30 प्रतिशत था। एओर्टिक स्टेनोसिस एक ऐसी कंडीशन है जिसमें दिल का एओर्टिक वाल्व पतला हो जाता है, जिससे दिल से शरीर के बाकी हिस्सों में खून का नर्मल फ्लो मुश्किल हो जाता है। गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस वाले मरीजों को सांस लेने में दिक्कत, सीने में तकलीफ, थकान और फिजिकल एक्टिविटी करने की क्षमता में कमी महसूस हो सकती है। टीएवीआइ एक मिनिमली इनवेसिव ट्रीटमेंट है जिसमें कन्वेंशनल ओपन-हार्ट सर्जरी करने के बजाय कैथेटर के जरिए एक नया हार्ट वाल्व डाला जाता है। नया वाल्व आमतौर पर कमर में एक आर्टरी के जरिए डाला जाता है और मरीज के डैमेज एओर्टिक वाल्व के अंदर लगाया जाता है। एक बार लगाने के बाद, नया वाल्व काम करना शुरू कर देता है और ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने में मदद करता है। टीएवीआइ उन मरीजों के लिए खास तौर पर फायदेमंद है जिन्हें अपनी उम्र, मेडिकल कंडीशन या ओवरअल हेल्थ की वजह से ओपन-हार्ट सर्जरी से ज्यादा रिस्क हो सकता है। टीएवीआइ और सर्जिकल वाल्व रिप्लेसमेंट के बीच चुनाव एक स्पेशल हार्ट टीम मरीज की हेल्थ, दिल की कंडीशन, एनाटमी और सर्जिकल रिस्क को ध्यान में रखकर करती है। आजीआईएमएम में पहले टीएवीआइ प्रोसीजर के लिए, 24.5 एमएम एमवाईवीएएल ट्रांसकैथेटर हार्ट वाल्व का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया। वाल्व को मिनिमली इनवेसिव कैथेटर-बेस्ड प्रोसीजर के जरिए डिलीवर किया गया और मरीज के नेटिव एओर्टिक वाल्व के अंदर सफलतापूर्वक लगाया गया। यह सफल प्रोसीजर आईजीआईएमएस में स्ट्रक्चरल हार्ट और वाल्वुलर हार्ट डिजीज प्रोग्राम को मजबूत करने की दिशा में एक जरूरी कदम है। इससे बिहार और आस-पास के इलाकों में गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस वाले मरीजों के लिए एडवांस्ड इलाज के ऑप्शन की उपलब्धता बढ़ेगी। इस उपलब्धि पर कमेंट करते हुए, डा. रवि विष्णु प्रसाद ने कहा, आईजीआईएमएस में पहले टीएवीआई का सफलतापूर्वक पूरा होना हमारे इंस्टीट्यूशन और बिहार में एडवांस्ड कार्डियक केयर के लिए एक अहम मील का पत्थर है। यह कम्प्लेक्स वाल्वुलर हार्ट डिजीज वाले मरीजों के लिए मॉडर्न, मिनिमली इनवेसिव इलाज के ऑप्शन लाने और इस इलाके में एडवांस्ड कार्डियक थेरेपी तक पहुंच बढ़ाने के हमारे कमिटमेंट को दिखाता है। यह उपलब्धि भारत में एडवांस्ड ट्रांसकैथेटर हार्ट वाल्व ट्रीटमेंट की बढ़ती उपलब्धता को भी दिखाती है। अपना पहला टीएवीआई प्रोसीजर सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ, आईजीआईएमएस ने पूरी ट्रांसकैथेटर वाल्व ट्रीटमेंट सर्विस डेवलप करने और बिहार और आस-पास के इलाकों के मरीजों को एडवांस्ड कार्डियक केयर देने की दिशा में एक जरूरी कदम उठाया है।



डा. रवि विष्णु प्रसाद ।

### अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय में हुआ गोपाल सिंह नेपाली जयंती-मास समारोह का आयोजन

**भागलपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कथाशिल्पी शरतचंद पथ (दीपनारायण सिंह स्मारक चौक) अवस्थित अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय में शब्द यात्रा भागलपुर के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली जयंती-मास समारोह का आयोजन किया गया । अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार मिश्र ने कवि गोपाल सिंह नेपाली के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए आगत साहित्यकारों का स्वागत किया। तो संचालन व्याख्याता सह अकादमिक प्रभारी प्रदीप कुमार ने भी नेपाली की चर्चा करते हुए कहा कि स्कूली जीवन में ही उसकी भाई बहन कविता पढ़ने का मौका मिला और आज उन्हें साक्षात याद कर मैं काफी अभिभूत हूं । मुख्य अतिथि शब्दयात्रा गोपाल सिंह नेपाली जयंती-मास समारोह अभियान के प्रणेता वरिष्ठ पत्रकार कवि लघुकथाकार पारस कुंज ने कहा गोपाल सिंह नेपाली को आज आत्मसात करने का समय आ गया है। नई पीढ़ी उनसे और उनकी कविताओं से परिचित हों। विशिष्ट अतिथि नेपाली साहित्य विशेष पत्रकार कवि डा ओमप्रकाश सामबे ने नेपाली जी की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि आज पुनः वाली स्थिति बनती जा रही है। ऐसे में उनके गीत शब्द वान की कार्य कर रहा है। गरीमामई उपस्थिति दर्ज कराते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक वरिष्ठ रंगकर्मी साहित्यकार डा मनोज कुमार सिंह ने उनके फिल्मी जीवन की चर्चा की। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर के सेवानिवृत्त प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष रंगकर्मी आशु कवि डा जयंत जलद ने उनके कई लोकप्रिय कविताओं को गाकर सुनाया। कृष्णा कलायन कला केन्द्र, भागलपुर की बहुचर्चित संस्थापिका कवयित्री श्रीमती श्वेता सुमन ने नेपाली के गीत - एक देश एक राष्ट्र एक राष्ट्रभाषा को सुनाकर पूरे माहौल में हिन्दी के प्रति समर्पण की भावना भर जगा दी। दीपनारायण सिंह महाविद्यालय, रजौन के सहायक प्राध्यापक मुनि साहित्यकार, कवि प्रो (डा.) नवीन निकुंज ने नेपाली के कई गीतों को सुनकर भावभिवोर कर दिया। संगीत सिरोमणी शिक्षक, कवि साहित्यकार लोकगायक कपिल देव पाला ने भी उनकी कविता - मौसम है रंगरेज गुलाबी, लाल चूनरिया रंग दे सुनाया। प्राध्यापिका श्रीमती सीमा फुलेरा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एक गीत - दूर जाकर न कोई विसारा करे, मन दुबारा तिबारा पुकारा को गाकर पूरे प्रासाल को गुनगुना दिया। महाविद्यालय की छात्र-छात्राएं सौरभ भारद्वाज, प्रशांत कुमार, अंकुश रंजन, कुमारी आरती, स्वाति, अजीत कुमार, माधव कुमारघ आदि ने नेपाली की एक सेघ एक कविताओं को गा-सुनाकर झूमा दिया।





राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली जयंती-मास समारोह का आयोजन किया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशासन ने बटवाया त्रिपाल



**आरा/उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)।** नई आशा की पहल पर आरा प्रखंड के भदेया एवं उदवंतनगर प्रखंड़ के बडकागांव मुसहर टोला में त्रिपाल का वितरण कराया गया। बसंतपुर पंचायत के मुखिया सुजीत सिंह उर्फ अंगद ने भदेया मुसहर टोली के कल शाम त्रिपाल बंटवाने के साथ सामुदायिक रसोई में भोजन करवाया। उदवंतनगर प्रखंड के बामपाली पंचायत अंतर्गत बड़कागांव मुसहर टोला में भी प्रशसन ने त्रिपाल का वितरण कराया।

### राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने को लेकर प्रबुद्ध महिलाओं की बैठक



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ह्यमहिलाओं की राजनीतिक पाठशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रमह्न को लेकर प्रबुद्ध एवं जागरूक महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. उषा विद्यार्थी, पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा बिहार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीतल जी, सुषुमलता कुशवाहा, कृष्णा देवी, रूबी तिवारी, उषा चैबे, शालिनी सिंह, ममता सिंह, चुनी पांडेय, मधु मिश्रा, करुणा कुमारी, पुष्पा सिंह कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध महिलाएं उपस्थित रहीं।

### एक्सपायरी दवा वितरण का आरोप

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा माले राज्य स्थाई समिति सदस्य व क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस बयान जारी कर संवाददाताओं को बताया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों के बीच आरा सदर प्रखंड के लक्ष्मणपुर बाढ़ राहत कैम्प लगाकर एक्सपायरी दवा का वितरण कर रही थी। जैसे ही दवा के एक्सपायरी होने का लेबल ग्रामीणों ने देखा हंगामा शुरू हो गया तथा उग्र ग्रामीणों द्वारा आरा बड़हरा रोड़ को जाम कर दिया।

### दूसरे दिन भी जारी रही लंगर रसोई



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा सदर प्रखंड अंतर्गत पिरौटा पंचायत के पिरौटा गांव स्थित राजद नेता रघुपति यादव के आवास पर दूसरे दिन भी लंगर जारी रही। सैकड़ों की संख्या में बाढ़ प्रभावित बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं नौजवान साथियों ने लंगर में भोजन किया। साथ ही बड़हरा विधानसभा के घांघर, मिल्की, बीनटोलवा में टैक्टर के माध्यम से पहुंचकर राजद नेता रघुपति यादव बाढ़ प्रभावित गांवों में हजारों लोगों को फूड पैकेट का वितरण किया। इस अवसर पर टपू कुमार, धर्मेन्द्र यादव, मदन यादव, चंगनी यादव, तारकेश्वर पासवान, पप्पू यादव, अखिलेश यादव, अनिल राणावत आदि मौजूद रहे।

### कुमुद पटेल का अभिनंदन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आमरण अनशन करने वाले कुमुद पटेल ी का पटेल सेवा संघ, भोजपुर के तत्वावधान में धोबी घटवा स्थित चैधरी भवन में



अभिनंदन समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कुमुद पटेल ने अपनी मांगों को लेकर 21 दिनों तक जिस दृढ़ इच्छाशक्ति, धैर्य और साहस के साथ आमरण अनशन किया, वह संघर्ष की मिसाल है। अध्यक्षता नरेंद्र कुमार सिंह, मंच संचालन राजकुमार पासवान एवं धन्यवाद ज्ञापन सियाराम सिंह ने किया। मौके पर पर डा सोनी शर्मा, अशोक कुमार चैधरी, डॉ. स्वामीनाथ जी, बिक्कु सिंह प्रधान, ओंकार रुद्रा, रिंकु चैधरी, हरे राम चैधरी, दया पटेल, गौतम चैधरी, सुभाष राय, बिनेश पटेल, आदि थे।

### डांस बिहार डांस सीजन-5 में डीपीएस इंटरनेशनल की छात्रा ने रचा इतिहास

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** डांस बिहार डांस सीजन-5 के भव्य मंच पर डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, मौलाबाग, आरा की प्रतिभाशाली छात्रा कियारा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किड्स सोलो (बच्चों के एकल नृत्य) वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम पूरे बिहार में रोशन किया। कियारा सिंह ने अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुति, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रतिभा से निर्णायकों एवं दर्शकों को प्रभावित किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में डीपीएस इंटरनेशनल के कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भी अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों में पीयूषद्दसब-जूनियर वर्ग, पिहूद्दकिड्स वर्ग, प्रियलद्दसब-जूनियर वर्ग, मयंक एवं श्लोक युगल नृत्य, कृति सब-जूनियर वर्ग, आराध्या सब-जूनियर वर्ग, रिया सब-जूनियर वर्ग, कियारा किड्स वर्ग तथा जानवी किड्स वर्ग शामिल हैं। महागुरु कनु मुखर्जी, वर्षा खान, सोनू प्रीतम, ऋषिकल्प पाठक, अंकुर आनंद, वायरस गुरु डॉ. विकास तथा पत्रकार मुकेश सिंह जैतेश सहित कई गणमान्य लोगों ने कियारा का सम्मान करते हुए उसका उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के निदेशक अंकुर आनंद वर्मा ने कियारा सिंह सहित सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

### बाढ़ प्रभावित गांवों में नाव से पहुंच रहे एलपीजी सिलेंडर

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ प्रभावित इलाकों में एलपीजी सिलेंडर की



कमी के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। इसके लिए इंद्रावती इंडेन गैस एजेंसी, शाहपुर की ओर से विशेष पहल की गई है। बाढ़ के कारण सड़क संपर्क बाधित होने के बावजूद एजेंसी द्वारा नाव के माध्यम से वेंडरों के जरिए प्रभावित गांवों में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। एजेंसी के प्रबंधक अवध किशोर ने बताया कि प्रोपराइटर जितेंद्र दुबे ने निर्देश दिया है कि पोषक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बाढ़ प्रभावित गांवों में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखी जाए।

### तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पांडेपुर गांव में सोमवार की दोपहर विद्युत स्पर्शाघात से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पांडेपुर गांव निवासी स्व. अक्षयलाल कुम्हार के 45 वर्षीय पुत्र गुलाब चंद पंडित के रूप में हुई है।

### चोरी के सामान के साथ युवक गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना पुलिस द्वारा चोरी गयी सामान के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले से शनिवार को की गयी। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का एक गैस सिलेंडर बरामद हुआ। वह नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी कुंदन कुमार उर्फ कृष्णा कुमार है। बता दे कि 4 अगस्त की देर रात थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी प्रेम साह जब अपने दुकान के बाहर सोए थे। उसी बीच कुंदन कुमार उर्फ कृष्णा कुमार अपने अन्य साथियों के साथ उनके दुकान में प्रवेश कर वहां रखे गैस भरा हुआ सिलेंडर, बीस हजार रुपये नगद एवं आटा वाला सेट सहित अन्य सामान चोरी कर ली थी।

# मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में संचालित सामुदायिक किचेन का किया निरीक्षण



**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** प्रभारी मंत्री, अरूण शंकर प्रसाद द्वारा बड़हरा प्रखंड अंतर्गत बबुरा पंचायत में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया गया। इस क्रम में उन्होंने उच्च विद्यालय, बबुरा में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा संचालित सामुदायिक किचेन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा द्वारा प्रभारी मंत्री को जिले में बाढ़ की वर्तमान स्थिति तथा प्रशासन द्वारा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं के अनुरूप राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। माननीय प्रभारी मंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों को पूरी तत्परता, संवेदनशीलता एवं समन्वय के साथ संचालित करने तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने सामुदायिक किचेन में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए की जा रही भोजन व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाए। इस अवसर पर मंत्री, उच्च शिक्षा संजय सिंह टाइगर तथा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सामुदायिक किचेन में बाढ़ प्रभावित लोगों को स्वयं भोजन परोसा गया एवं अपने हाथों से खाना खिलाया गया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, अवधेश दीक्षित, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा), अपर समाहर्ता, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला कॉलेज में बिहार में आर्सेनिक प्रदूषण विषय पर सेमिनार आयोजित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एम.एम. महिला कॉलेज, आरा के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा बिहार में आर्सेनिक प्रदूषण विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. नरेंद्र प्रताप पालित ने की। मुख्य अतिथि डॉ. विभा वर्मा थीं। इस अवसर पर महाराजा कॉलेज, आरा से डॉ. उषा कुमारी ने आर्सेनिक प्रदूषण की समस्या के समाधान के उपायों पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने बिहार में आर्सेनिक प्रदूषण की गंभीर समस्या, विशेष रूप से भूजल में आर्सेनिक की उपस्थिति, उसके पर्यावरणीय प्रभाव तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. विभा वर्मा ने अपने संबोधन में आर्सेनिक प्रदूषण से संबंधित विभिन्न केस स्टडी प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में दूषित भूजल के लंबे समय तक सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने आर्सेनिक प्रभावित क्षेत्रों की पहचान, जल की गुणवत्ता की नियमित जाँच तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विभागाध्यक्ष राखी सिंह ने विषय की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए। प्राचार्य प्रो. नरेंद्र प्रताप पालित ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करना उच्च शिक्षा संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सर्वश्रेष्ठ वक्ता प्रतियोगिता में एकता कुमारी, नांसी गोस्वामी और सिमरन सिंह को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। मोहिनी पटेल, सेमेस्टर 7 को द्वितीय पुरस्कार तथा अंजलि गुप्ता और अनिशा कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. सादिया मैम, मनोविज्ञान विभाग तथा डॉ. प्रियंका मैम, रसायन विज्ञान विभाग शामिल थीं। कार्यक्रम में प्रो. राजीव कुमार, डॉ. शुमैला फातिमा, डॉ. सरोज कुमारी, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. कंचन कुमारी, डॉ. नेहा वर्मा तथा डॉ. शीला भी उपस्थित रहे।

## बाढ़ ने मचाई तबाही, प्रभारी मंत्री ने प्रभावित इलाकों का लिया जायजा



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए श्रम संसाधन मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री अरुण शंकर ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हरिहरपुर पंचायत के चंदा केवटिया एवं करजा पंचायत क्षेत्र में सड़क मार्ग से पहुंचकर बाढ़ से उत्पन्न हालातों को नजदीक से देखा। इस दौरान उन्होंने बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर हुई फसल क्षति का भी जायजा लिया तथा स्थानीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री को प्रखंड के सभी बीस पंचायतों व शाहपुर नगर पंचायत के कुछ वार्डो को प्रभावित होने से अवगत कराया गया। इससे मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए विस्तृत प्रतिवेदन सौंपा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित पंचायतों में क्षति का शीघ्र आकलन कराएं। विशेष रूप से फसल क्षति का सर्वे कर जल्द से जल्द प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा गया। ताकि प्रभावित लोगों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जा सके। दौरे के दौरान मंत्री संजय सिंह टाइगर, स्थानीय विधायक राकेश रंजन, डीएम मनेश कुमार मीणा, एसपी अवधेश दीक्षित, डीडीसी अरुण प्रकाश, एसडीएम ओमप्रकाश लाल, एसडीपीओ पंकज मिश्रा, भाजपा नेता मुक्तेश्वर ओझा, बीडीओ शत्रुंजय सिंह, सीओ आनंद प्रकाश, बीस सूत्री अध्यक्ष अंकित पांडे, पंकज तिवारी सहित कई जनप्रतिनिधि, नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भोजपुर के नौ थानों में नए थानाध्यक्ष की पोस्टिंग



**कुमार रजनीकांत नवादा थानाध्यक्ष बने डीआईयू के नये प्रभारी बने रौशन पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने जारी किया जिलादेश**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर में अपराध पर निबंध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा 11 पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण और नई जगह पदस्थापन किया गया है। सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई स्थानों पर 24 घंटे के अंदर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। फेरबदल में जगदीशपुर, नवादा, बिहिया, पीरो, चांदी, कोईलवर, ईमादपुर, गजराजगंज और चैरी थाना के थानाध्यक्ष बदले गए हैं, पुनि. आशीष कुमार साह को कोईलवर थाना के पर्यवेक्षी पदाधिकारी की जिम्मेदारी से स्थानांतरित कर जगदीशपुर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुनि. कुमार रजनीकांत अब नवादा थाना के थानाध्यक्ष होंगे। इससे पहले वे डीआईयू भोजपुर के प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पुनि. विपिन बिहारी को नवादा थानाध्यक्ष पद से स्थानांतरित कर बिहिया थानाध्यक्ष बनाया गया है। बिहिया थानाध्यक्ष सुन्देश्वर कुमार दास को गजराजगंज थाना की जिम्मेदारी दी गई है। पुनि. नरोत्तम चन्द्र को कोईलवर थानाध्यक्ष पद से स्थानांतरित कर पीरो थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। पीरो थानाध्यक्ष दीपक कुमार साह को कोईलवर थाना में पर्यवेक्षी पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुनि. सुनीत कुमार सिंह को ईमादपुर थाना के थानाध्यक्ष पद से हटाकर चांदी थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस केन्द्र से पुनि. सुशांत कुमार मंडल को कोईलवर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। जिलादेश में चांदी थाना के थानाध्यक्ष पुनि. राकेश कुमार रौशन को डीआईयू का नया प्रभारी बनाया गया है। पुनि. राकेश कुमार सिंह को चैरी थाना के थानाध्यक्ष पद से स्थानांतरित कर ईमादपुर थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। चैरी थाना की कमान पुअनि. धनंजय कुमार सिंह को दी गई है, धनंजय कुमार सिंह इससे पहले गजराजगंज थाना में अपर थानाध्यक्ष के पद पर तैनात थे।

## सोनबरसा मठ में श्रीकृष्ण झूलनोत्सव का आयोजन



**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** सोनबरसा गॉव स्थित श्री लक्ष्मी नारायण तोताद्री मठ में अनंत विभूषित 1008 स्वामी रंगनाथाचार्य जी के मंगला नुशासन में चल रहे श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपरांत भव्य झूलन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज ने कहा कि जन्मोत्सव के बाद श्री कृष्ण को झूले पर विराजमान कर झुलाने की परम्परा (झूलन उत्सव) अत्यंत भावपूर्ण, मनोरम और भक्ति रस से सरोकार रखने वाली है। यह उत्सव ईश्वर के प्रति केवल पूजा-अर्चना नहीं बल्कि एक पारिवारिक स्नेह, वात्सल्य और आत्मीयता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रिमझिम फुहारों के बीच भगवान को झूला झुलाना प्रकृति के प्रति आभार और अलौकिक आनंद का प्रतीक है। इस आशय की जानकारी लक्ष्मी नारायण मंदिर तोताद्री मठ सोनबरसा के मीडिया प्रभारी चंदन कुमार ने दी।

## अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर रोक हेतु चलेगा रोको-टोको अभियान



**मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठीः बोले एसपीः आम नागरिकों से बेहतर संवाद स्थापित कर करें त्वरित समाधान**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में रविवार को मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने की। समीक्षा गोष्ठी में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थानाध्यक्ष एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहें। गोष्ठी में एसपी ने जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण, लंबित कांडों के निष्पादन तथा आमजनों के लिए शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानेवार अपराध की समीक्षा करते हुए गंभीर एवं महत्वपूर्ण कांडों के त्वरित अनुसंधान एवं निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, साथ ही लंबित वारंट, कुर्की-जब्ती एवं अन्य लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। जिले के चिन्हित हॉटस्पॉट एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्ती, निगरानी एवं वाहन जांच को और प्रभावी बनाने तथा अपराध की रोकथाम के लिए लगातार सक्रिय एवं सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस-पब्लिक समन्वय को और मजबूत करने के उद्देश्य से सभी थानों को कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने, आम नागरिकों से बेहतर संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रमुख चैक-चैराहों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं बल की मुस्तैद तैनाती सुनिश्चित करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु जिले में सघन ह्यरोको-टोको अभियानह्न चलाने तथा संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की लगातार जांच करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## श्रृंगार एवं मनिहारी की दो दुकानों में नगदी व कीमती कॉस्मेटिक सामान की चोरी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना क्षेत्र के बिचली रोड में रविवार एवं सोमवार की दरमियानी रात चोरों ने दो दुकानों के शटर का ताला तोड़कर नगदी, कीमती कास्मेटिक समान की चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान दुकानदार एवं स्थानीय लोगों ने रंगेहाथ एक चोर को पकड़ लिया। जबकि उसके तीन-चार साथी भागने में सफल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने




चोर की जमकर धुनाई कर दी। मौके पर पहुंची टाउन थाना की पुलिस ने चोर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक ताला काटने वाला कटर बरामद किया। जानकारी के मुताबिक रविवार एवं सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर बिचली रोड स्थित पहले राजेश मनिहारी श्रृंगार स्टोर के शटर का ताला काटकर उसमें रखे नगदी एवं कीमती कॉस्मेटिक सामान चुरा लिया। इसके बाद दूसरे सावित्री श्रृंगार मुन्ना भाई के दुकान का शटर का तोड़कर गल्ला में रखे नगदी व अन्य समय चोरी कर लिया। इसी दरमियान खटखट की आवाज से पड़ोस के एक व्यक्ति की नींद खुल गई। उन्होंने इसकी सूचना मोबाइल से दुकानदार को दे दी। दुकानदार एवं आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और रंगेहाथ चोर को दबोच लिया। गिरफ्तार चोर टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज बिहार कालोनी निवासी राहुल कुमार उर्फ डमरू बताया जा रहा है।

## हत्या के प्रयास में दो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मठिया के समीप गुरुवार कि शाम हत्या के प्रयास मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जख्मी छात्र कृष राज के फर्द बयान पर थाना क्षेत्र के अनाइठ बाजार मोहल्ला निवासी स्व. मुन्ना यादव के पुत्र पवन यादव एवं अनीश यादव को नामजद आरोपित बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कृष राज के द्वारा बताया गया है कि गुरुवार की देर शाम को अपने मोहल्ले के ही अमन भैया के साथ बाइक द्वारा बाजार से आटा लेकर जब घर वापस लौट रहा था। तभी अनाइठ मठिया स्थित ट्रांसफार्मर के समीप उसके बाइक का पीछा करते हुए मोहल्ले के ही अनीश यादव एवं उसका भाई पवन यादव आए और उसे गोली मार दी। इस संबंध में नवादा थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान आरोपियों के घर से कारतूस बरामद किया है।

## जीरो माइल के साथ समीप ट्रैफिक जाम से हलकान रहे वाहन चालक एवं राहगीर



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर से सटे जीरो माइल के समीप सोमवार की सुबह से ही ट्रैफिक जाम लगा हुआ है। जर्जर सड़क, जल जमाव एवं वाहनों के ओवरटेक करने के चक्कर में जाम की स्थिति विकराल हो जा रही है। आलम यह है कि लोगों को मिनटों का सफर तय करने में घंटे लग जा रहे हैं। स्कूल बसों पर सवार बच्चे परेशान दिख रहे हैं। लोगों को पैदल आने-जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह से ही शहर से सटे जीरो माइल के समीप एकाएक वाहनों का दबाव बढ़ गया। जर्जर सड़क एवं सड़क के दोनों ओर जल जमाव के कारण स्थिति खराब हो गई। वाहन चालकों द्वारा के एक-दूसरे के ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रैफिक जाम की स्थिति विकराल हो गई। इससे आरा-सासाराम, आरा-अरवल, आरा-मोहनिया एवं आरा से पटना जाने वाली सड़क में वाहनों की लंबी कतारे लग गई। ऐसी स्थिति में बाइक से आने-जाने वालों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के दक्षिणी इलाकों से आरा शहर आने वाले लोगों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल बसों में बैठे बच्चे परेशान दिख रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बेनीपुर को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करें सरकार : किसान सभा

**बेनीपुर में किसान सभा का पंचायत सम्मेलन संपन्न**



**बेनीपुर (एनएसबी)।** बिहार राज्य किसान सभा से सम्बद्ध हरसिंगपुर-दाथ पंचायत किसान काउंसिल का सम्मेलन चरितर पासवान की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन प्रांगण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।भूमिहीनों को 10 डिसमिल बासगीत जमीन एवं एक-एक एकड़ खेती योग्य जमीन जोत के लिए देने,काबिज जमीन का पर्चा अविलंब दिया जाए - किसानों एवं बटाईदारों का कर्ज माफ किया जाए, बेनीपुर को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाए, आदि मांग शामिल है। सम्मेलन में पंचायत किसान काउंसिल का गठन भी किया गया, जिसमें अध्यक्ष - चरितर पासवान, उपाध्यक्ष - ठकौ सहनी, सचिव - गंगा सदा, संयुक्त सचिव - डोमणी देवी और कोषाध्यक्ष - सकल पासवान चुने गए। मौके पर बिहार राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव श्याम भारती ने कहा की किसान सभा ने जमीन के मुद्दे को लेकर 30 सितंबर को पोलो मैदान, लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में राज्य स्तरीय भूमि अधिकार सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से स्कूटी सवार दो युवक घायल

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** दरभंगा-मुजफ्फरपुर उच्च पथ पर सिमरी थाना क्षेत्र के शास्त्री चौक के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। ठोकर की आवाज सुनकर मौके पर लोगो की भीङ जुट गई। स्थानीय लोगो ने दोनो घायलो को इलाज के लिए निजी अस्पताल मे ले गये। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके वाहन लेकर निकल गया। घायल सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भपुरा वार्ड संख्या सात हाजीगंज टोला निवासी मो शमी एवं खालिद इकबाल बताया गया है। बताया जाता है कि दोनों युवक स्कूटी से दरभंगा से अपने गांव भपुरा जा रहे थे। इसी दौरान एन एच 27 पथ पर शास्त्री चौक के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में ठोकर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की जुटी भीड़ ने दोनों घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज कराया गया।

### आकर्षक झांकी के साथ निकली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की विसर्जन शोभायात्रा



**तारडीह (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के राजाखड़वार, पुतई, कैथवार समेत विभिन्न गांवों में आयोजित तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा के बाद सोमवार देर शाम प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। युवक-युवतियां रंग-बिरंगे परिधानों में राधा-कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए बैंड-बाजे की धुन पर झूमते नजर आए। अबीर-गुलाल उड़ाते और पटाखे छोड़ते श्रद्धालुओं ने विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। इसके बाद प्रतिमाओं का तालाब एवं कमला नदी में विसर्जन किया गया।इधर, ठेंगहा पंचायत के मोतनाजे गांव में आज मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

### जल्द पान की खेती को कृषि का दर्जा दिलाया जाएगा:डॉ. संजीव चौरसिया

**विधायक डॉ. संजीव चौरसिया, चौरसिया समाज के कार्यक्रम में हुए शामिल**

फोटो 6 कार्यक्रम मे :डॉ. संजीव चौरसिया व अन्य



दरभंगा (एनएसबी)। जिले के केवटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बनौली गांव में चौरसिया समाज का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक और दीघा विधानसभा, पटना से विधायक डॉ. संजीव चौरसिया भी शामिल हुए। इस आयोजन का एक खास मकसद पान की खेती करने वाले किसानों और इससे जुड़ी परेशानियों पर चर्चा करना भी था। इस मौके पर वहां मौजूद चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष विजय कुमार चौरसिया, वरिष्ठ व सम्मानित सदस्य भरत चौरसिया, रंजीत भगत, डा. राकेश भगत, सुधीर भगत, महिन्द भगत, सुमन भगत सहित सैकड़ों पान किसानों और पान के कारोबार से जुड़े लोगों से डॉ. संजीव चौरसिया ने चर्चा की और उनकी दिक्कतों और परेशानियों को समझा। डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि सरकार से बात कर जल्द से जल्द पान की खेती को कृषि का दर्जा दिलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द पान- किसान सलाहकार बोर्ड की स्थापना का भी आश्वासन दिलाया। डॉ. संजीव चौरसिया की इस पहल को चौरसिया समाज के लोगों ने खुल कर सराहा और उसका स्वागत किया।
जल्द पान की खेती को कृषि का दर्जा दिलाया जाएगा:डॉ. संजीव चौरसिया

### विधायक डॉ. संजीव चौरसिया, चौरसिया समाज के कार्यक्रम में हुए शामिल

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के केवटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बनौली गांव में चौरसिया समाज का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक और दीघा विधानसभा, पटना से विधायक डॉ. संजीव चौरसिया भी शामिल हुए। इस आयोजन का एक खास मकसद पान की खेती करने वाले किसानों और इससे जुड़ी परेशानियों पर चर्चा करना भी था। इस मौके पर वहां मौजूद चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष विजय कुमार चौरसिया, वरिष्ठ व सम्मानित सदस्य भरत चौरसिया, रंजीत भगत, डा. राकेश भगत, सुधीर भगत, महिन्द भगत, सुमन भगत सहित सैकड़ों पान किसानों और पान के कारोबार से जुड़े लोगों से डॉ. संजीव चौरसिया ने चर्चा की और उनकी दिक्कतों और परेशानियों को समझा। डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि सरकार से बात कर जल्द से जल्द पान की खेती को कृषि का दर्जा दिलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द पान- किसान सलाहकार बोर्ड की स्थापना का भी आश्वासन दिलाया। डॉ. संजीव चौरसिया की इस पहल को चौरसिया समाज के लोगों ने खुल कर सराहा और उसका स्वागत किया।

### सन ऑफ ब्राह्मण की बैठक में 14 एजेंडों पर चर्चा, संगठन को मजबूत करने का संकल्प



**बेनीपुर (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र के धेरुख गांव में रविवार को सन ऑफ ब्राह्मण संगठन की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष झा ने की। बैठक के दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों सहित कुल 14 एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज की एकजुटता, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान संगठन की ओर से "जो देगा ब्राह्मण का साथ, ब्राह्मण देगा उनका साथ" का नारा भी दिया गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में संगठन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष झा ने कहा कि संगठन को और मजबूत करने के लिए आने वाले दिनों में हर पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में समाज को एकजुट रखने और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी समन्वय और एकजुटता को मजबूत करना है। बैठक में मौजूद लोगों ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# मिथिला विश्वविद्यालय में ए आई पर आधारित होगा पांच दिवसीय कार्यशाला

**मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया ब्रोशर का विमोचन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विश्वविद्यालय रसायन विभाग द्वारा रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, एल.एन.एम.यू. के सहयोग से आयोजित होने वाली पाँच दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला ह्लरिसर्च विथ एआई : फ्रॉम आईडियाज टू इन्नोवाशन ह्व के ब्रोशर का विमोचन कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी द्वारा किया गया। यह कार्यशाला 14 से 18 सितंबर, 2026 तक आयोजित की जाएगी।इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन एवं रसायन विभागाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार चौधरी, डॉ अनिन्द्र शर्मा, डॉ अभिषेक राय एवं डॉ मोनी शर्मा उपस्थित रहे।कार्यशाला के ब्रोशर का विमोचन करते हुए माननीय कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने आयोजकों को शुभकामनाएँ दीं तथा कार्यशाला की सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रकार की व्यावहारिक कार्यशालाएँ शिक्षकों एवं शोधार्थियों को आधुनिक



ब्रोशर का विमोचन करते कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी।

तकनीकों से परिचित कराने में उपयोगी सिद्ध होंगी।ब्रोशर के अनुसार कार्यशाला में चाट जी पी टी , गेमिनी , क्लाडे , कोपायलट और परप्लेक्सीटी जैसे ए आई उपकरणों के उपयोग, प्रभावी प्रॉम्प्ट लेखन, लेसन प्लान एवं अकादमिक सामग्री तैयार करने तथा ए आई सहायित अकादमिक लेखन और शोध परियोजनाओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य उच्च शिक्षा एवं शोध में जनरेटिव ए आई के प्रभावी उपयोग के लिए प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना है। कार्यशाला में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ वक्ताओं की भी सहभागिता होगी। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ अनिन्द्र शर्मा एवं डॉ अभिषेक राय संयोजक की भूमिका में हैं, जबकि प्रो दिलीप कुमार चौधरी अध्यक्ष हैं।

## खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण

**सीएम साइंस कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय खेल सप्ताह का हुआ समापन**



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानाचार्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जीवन में खेल बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार खेल में उतार-चढ़ाव आते हैं और प्रदर्शन के आधार पर हार-जीत निर्धारित होती है, ठीक उसी प्रकार जीवन में भी ऐसी परिस्थितियां आती हैं। खेल की तरह जीवन में भी सक्रिय भागीदारी से परस्पर सहयोग तथा प्रेम की भावना बढ़ती है। यह बात सीएम साइंस कालेज के कामेश्वर भवन में सोमवार को आयोजित राष्ट्रीय खेल सप्ताह के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. दिलीप कुमार चौधरी ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार मिश्र ने कहा कि खेल हमें अनुशासन में रहने की शिक्षा देता है। जो सफल कैरियर के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। इससे जीवन में सकारात्मक वातावरण के साथ समन्वय, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना मजबूत होती है। मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित एम. आर. एम. कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. पुष्पम नारायण ने कहा कि छात्र-छात्राओं का जीवन में लक्ष्य होना जरूरी है। भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार दास आदि ने भी संबोधित किया। डॉ. निधि झा के संचालन में आयोजित समापन समारोह में धन्यवाद ज्ञापन मैथिली विभागाध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र कुमार झा ने किया।इससे पहले इस साप्ताहिक आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बतौर आयोजन सचिव डॉ निधि झा ने बताया कि विगत 28 अगस्त से शुरू हुई यह प्रतियोगिता 5 सितम्बर तक आयोजित किए गये इस साप्ताहिक आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेल भावना, शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. आदित्य नाथ मिश्र, डॉ. प्रवीण कुमार झा एवं उत्सव की सराहनीय भूमिका रही।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर मरीजों का इलाज अब डीएमसीएच में होगा संभव



कार्यक्रम में प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी एवं अन्य ।

**न्यूरोलाजी विभाग के आपरेशन थियेटर और आईसीयू का हुआ शुभारंभ**

**दरभंगा/एनएसबी।** डीएमसीएच के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में सोमवार को न्यूरोलाजी विभाग के आपरेशन थियेटर और आईसीयू का शुभारंभ हुआ। फीता काटकर उद्घाटन प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय और जिलाधिकारी कौशल कुमार ने किया। इस दौरान आयुक्त ने बताया कि सुविधाओं के साथ ही असुविधाएं भी उत्पन्न होती है। इन्हें दूर कर डीएमसीएच में मौजूद आधुनिक स्वास्थ्य बंदोबस्त का अपेक्षित लाभ मरीजों को दिलाने की पहल हो। दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को उपचार में होनेवाली दिक्कतों में बदलाव नहीं हो रहा है। इस पर अस्पताल प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही डीएमसीएच की सकारात्मक बातों से पब्लिक को अवगत कराया जाएं। उन्होंने बड़े सफल आपरेशन, जांच आदि का साप्ताहिक विवरण रिपोर्ट जारी करने भी सलाह दी। वहीं डीएम कौशल कुमार ने बताया कि न्यूरोलाजी विभाग के ओटी और आईसीयू की शुरूआत होते ही सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के आठ में से छह विभागों में इमरजेंसी, ओपीडी और इनडोर सेवा चालू हो गई है। जल्द ही शेष बचे दो विभागों में भी उपचार आरंभ किया जाएगा। इससे पूर्व दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षु आईएएस कल्पना रावत और क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी आकाश ऐश्वर्य, सिविल सर्जन डा. अरुण कुमार, डीएमसीएच प्राचार्य डा. यूसी झा, अधीक्षक डा. जगदीश चंद्र, उपाधीक्षक डा. अमित कुमार, एनिस्थीया विभागाध्यक्ष डा. हरि दामोदर सिंह, रेडियोलाजी विभागाध्यक्ष डा. संजय झा, नेत्ररोग विभागाध्यक्ष डा. आसिफ शहनवाज, शिशु रोग विभागाध्यक्ष डा. रिजवान हैदर आदि के साथ आईसीयू का निरीक्षण किया। वहीं 20 के आईसीयू के सभी बेड पर लगे मानिटर और वेंटिलेटर को चलाकर देखा। साथ ही आपरेशन थियेटर के मेडिकल उपकरणों की जानकारी चिकित्सकों से ली।

## डीएमसीएच में निजी जांच घर नहीं जाने पर बिचौलियों ने मरीज के स्वजन को पीटा

**दरभंगा (एनएसबी)।** डीएमसीएच परिसर में बिचौलिए अब दबंगई पर उतारू हो गए। निजी जांचघर जाने से इंकार करने पर ये स्वजन के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। रविवार को डीएमसीएच इमरजेंसी में एक स्वजन को कमरे में बंद कर बिचौलियों ने जमकर पीटा। जिसके बाद आहत स्वजन ने घटना की जानकारी अधीक्षक सहित कई जनप्रतिनिधियों को भी दी। जिसके बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। सुरक्षा गार्ड और बेंता पुलिस ने बिचौलियों की तलाश की पर बिचौलिए चिह्नित नहीं हुए। जिसके बाद डीएमसीएच कर्मियों ने समझा-बुझाकर मरीज का उपचार कराया। सोमवार को इसे लेकर अधीक्षक डा. जगदीश चंद्र ने कर्मियों को निर्देशित कर दोबारा ऐसी घटना नहीं हो, ऐसा बंदोबस्त करने को कहा है। बताया जाता है कि मोरो थाना क्षेत्र के अरेर गांव निवासी लाला सहनी की मां बाइक की ठोकर से चोटिल हो गई। जिसके बाद स्वजन उन्हें लेकर डीएमसीएच पहुंचे। पर्ची कटाने के बाद इमरजेंसी के डाक्टरों ने एक्सरे कराने का परामर्श दिया। स्वजन लाला सहनी ने बताया कि जांच पर्ची लेकर इमरजेंसी कक्ष से निकलते ही चार-पांच बिचौलियों ने घेर लिया। फिर सब डीएमसीएच में एक्सरे नहीं होने की बात कहकर निजी जांचघर चलने के लिए विवश करने लगे। इस दौरान पूछने पर एक बिचौलियों ने एक्सरे जांच का चार्ज 2100 रूपए बताया। इस पर लाला सहनी ने निजी जांच घर जाने से इंकार कर दिया। जिसके बाद तू-तू-मै-मै होने लगी और बिचौलिए लाला सहनी को एक कमरे में बंद कर पीटने लगे। बताया जाता है कि मारपीट के बाद लाला सहनी ने एक जनप्रतिनिधि को फोन कर दिया। जिसके बाद डीएमसीएच में अफरातफरी मच गई और अधिकारियों के निर्देश पर उक्त मरीज का आनन-फानन में इलाज पूर्ण कर डिस्चार्ज किया गया। बहरहाल डीएमसीएच के ऐसे माहौल से मरीज व स्वजन दहशत में दिखते हैं। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने बिचौलियों से निपटने के लिए सुरक्षा गार्डों को चौकन्ना किया है।

## अंतर वेतन भुगतान में देरी से उबला शिक्षकों का आक्रोश

**गांधी जयंती के दिन से शिक्षक बैठेंगे अनशन पर**



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक।

**दरभंगा (एनएसबी)।** एक ओर जहां पूरे देश में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम पूरे धूम धाम से मनाया जा रहा है तथा सरकारी एवं निजी संस्थाने शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक दिवस मना रहा है, वही जिले के सरकारी शिक्षक अपने मांगो को लेकर सड़को पर है। राज्यव्यापी आह्वान पर केंद्रीय कर्मियों के भांति सातवें वेतनमान का लाभ देने तथा बुढ़ापे का एक मात्र सहारा पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर सत्याग्रह किया तो वही स्थानीय समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि डेढ़ साल से ऊपर हो गया स्थानीय निकाय से राज्यकर्मी बने हुए लेकिन उनका एरियर आज भी कार्यालयों के फाइल में दबा हुआ है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के कार्यालय में बैठे कुछ कर्मी निजी स्वार्थ व पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर जान बूझकर शिक्षकों को परेशान करते है और अधिकारीगण भी इस पर संज्ञान लेने के बदले उल्टे शिक्षक को ही दोषी मानते है। बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपगुट के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में शिक्षक ने पैदल मार्च निकाल कर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद मंडल, महासचिव रंजन पासवान ने बताया कि केंद्रीय वेतनमान और पुरानी पेंशन को लेकर आगामी गांधी जयंती से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जायेगा। वही उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ साल से विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक, प्रधान शिक्षक व प्रधानाध्यापक अंतर वेतन के लिए दर ब दर भटकने को मजबूर है लेकिन उनका सुधि लेना वाला कोई नहीं है। प्रखंड कार्यालय से जिला कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते उनका चप्पल तक घिस गया किंतु अंतर वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। ऐसा नहीं है कि इस बीच में भुगतान नहीं हुआ है हुआ है किंतु चुनिंदा लोगों का लेकिन किस आधार पर यह किसी को ज्ञात नहीं। वही संघ के जिला प्रवक्ता धनंजय झा, जिला सचिव राजीव पासवान और अन्य लोगों ने बताया कि जिला स्तर पर जिला पत्र संग्रह व वितरण केंद्र की स्थापना एक सार्थक निर्णय था लेकिन यह भी महज हाथी का दांत साबित हुआ है। शिक्षकों के सैकड़ों पत्र जमा तो हुए लेकिन उसका निष्पादन हुआ कि नहीं अभी तक शिक्षकों को कोई जानकारी नहीं है।

## दरभंगा जिले में 2019 से अब तक के सभी कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग



केंद्रीय मंत्री से मिलते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंगा (एनएसबी)।** केंद्र की मोदी सरकार समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। विश्व के किसी भी देश की तुलना में भारत में अल्पसंख्यक समाज ज्यादे सुरक्षित है। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने नई दिल्ली में बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान से मुलाकात कर दरभंगा एवं मिथिला क्षेत्र में अल्पसंख्यक समाज के कल्याण और विकास से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करने के बाद उपरोक्त बातें कही है। सांसद डा ठाकुर ने शिक्षा, छात्रावास, आवासीय विद्यालय, कौशल विकास, रोजगार, आधारभूत सुविधाओं तथा अल्पसंख्यक युवाओं के सशक्तीकरण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया तथा दरभंगा जिले में 2019 से अब तक के सभी कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। सांसद डॉ ठाकुर ने मंत्री के समक्ष दरभंगा संसदीय क्षेत्र में वर्ष 2019 से अब तक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के माध्यम से स्वीकृत, संचालित एवं पूर्ण किए गए सभी विकास कार्यों और योजनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने के लिए चर्चा करते हुए कहा कि जांच केवल सरकारी कागजों और कार्यालयी अभिलेखों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि फाइल से लेकर जमीन तक प्रत्येक योजना की वास्तविक स्थिति की जांच होनी चाहिए। सांसद डा ठाकुर ने मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कि इस जांच का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को राजनीतिक रूप से निशाना बनाना नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के नाम पर संचालित योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। सांसद डा ठाकुर ने कहा कि दरभंगा और मिथिला के अल्पसंख्यक समाज के बच्चों एवं युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है उन्हें बेहतर शिक्षा, कौशल, रोजगार, उद्यमिता और आधुनिक अवसरों से जोड़ने की।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध देशी कट्टा एवं चोरी की मोटरसाईकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 6 सितंबर की रात्रि रहिका थाना की पुलिस टीम रात्रि गश्ती, आसूचना संकलन एवं सघन चेकिंग अभियान पर थी। इसी क्रम में समय करीब 02:45 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि फुहरी से खरौआ जाने वाले रास्ते पर 01 मोटरसाइकिल पर सवार 02 व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करते हुए तेजी से जा रहे हैं। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार रहिका थाना की पुलिस टीम जैसे ही उक्त स्थल पर पहुँची तो पुलिस बल को देखते ही बाइक सवार दोनों युवकों ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस बल द्वारा चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान नवीन कुमार पासवान एवं मनीष कुमार के रूप में हुई। उनके पास मौजूद बिना नंबर प्लेट वाली काले रंग की यामाहा मोटरसाईकिल के कागजात मांगने पर वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। तदोपरांत कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पिछले माह रहिका से ककरौल जाने वाले रास्ते में एक नाश्ते की दुकान के पास से उक्त बाइक की चोरी की थी तथा पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट खोलकर आग में जला दिया था। पुलिस द्वारा जब उक्त मोटरसाइकिल की विधिवत तालाशी ली गई तो सीट से 01 देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों के द्वारा बताया गया कि वे क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए देशी कट्टा अपने पास रखते थे। तदोपरांत पुलिस द्वारा बरामद अवैध देशी कट्टा एवं चोरी की मोटरसाईकिल को विधिवत जब्त किया गया। इस संदर्भ में रहिका थाना द्वारा कांड संख्या-254/26, आर्म्स एक्ट दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है एवं अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

### प्रखंड प्रमुख रीता कुमारी ने किया विद्यालय भवन का शिलान्यास.

**बिस्फी(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र मे बच्चों को निर्बाध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रखंड प्रशासन ने जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश पर सोमवार को नया प्राथमिक विद्यालय राम सागर टोल के परिसर में 15 लाख की राशि से दो कमरे का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख रीता कुमारी एव बीडीओ बसंत कुमार सिंह ने किया. प्रखंड प्रमुख ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए. भवनविहीन अथवा भूमिहीन विद्यालयों में भी पठन-पाठन के लिए तत्काल समुचित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है. बीडीओ बसंत कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. इस संबंध में सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. वही सरकारी विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के लिए अब बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर की जाएगी. इसको लेकर 11 बिंदुओं पर विद्यालय प्रधानाध्यापकों से रिपोर्ट तलब की गई है. जिसमे भवनविहीन अथवा भूमिहीन विद्यालय भी शामिल है. इस मौके पर समाज सेवी मदन यादव, मोहम्मद चांद, मनोज कुमार मंडल, सुधीर कुमार मंडल, शिक्षिका नीलम कुमारी, शंभू यादव, सहायक शिक्षक परवेज आलम सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.



### 21 से होगा 42वां मिथिला विभूति स्मृति पर्व समारोह, तैयारी शुरू



**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** मिथिलांचल सर्वांगीण विकास संस्थान के तत्वावधान में बेनीपट्टी स्थित श्रीलीलाधर प्लस टू उच्च विद्यालय के विशाल प्रांगण में आगामी 21, 22 एवं 23 नवंबर की रात्रि तीन दिवसीय 42वां मिथिला विभूति स्मृति पर्व समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह की सफलता को लेकर संस्थान की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यह जानकारी रविवार को बेनीपट्टी ब्लॉक रोड स्थित अनिका फार्मा के समीप आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष अमरनाथ झा भोलन ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में बिहार, भारत एवं नेपाल सरकार के कई मंत्री और प्रतिनिधियों के अलावा देश-विदेश के मूर्धन्य विद्वान, कवि, साहित्यकार एवं कलाकार शामिल होंगे। क्षेत्रीय विधायक, सांसद एवं विधान पार्षद भी समारोह में उपस्थित रहेंगे। अमरनाथ झा ने बताया कि इस अवसर पर संस्थान की ओर से ह्यविद्योत्तमाह्व स्मारिका के दूसरे अंक का प्रकाशन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिथिला एवं मैथिली के विकास तथा मिथिला की संस्कृति, सभ्यता, कला और परंपरा को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से संस्थान पिछले 42 वर्षों से लगातार इस समारोह का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने क्षेत्र सहित संपूर्ण मिथिलांचल के लोगों से समारोह में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर सहयोग एवं भागीदारी की अपील की। संस्थान के प्रधान महासचिव सह वार्ड पार्षद रामबरण राम ने कहा कि मिथिला एवं मैथिली के विकास के लिए कृतसंकल्पित संस्थान की ओर से आयोजित इस वर्ष का 42वां मिथिला विभूति स्मृति पर्व समारोह ऐतिहासिक होगा। उन्होंने लोगों से अपनी अधिकाधिक उपस्थिति दर्ज कराकर समारोह को सफल बनाने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. एमटी रेजा, अधिवक्ता पंकज कुमार चौधरी, डॉ. नवीन झा, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार झा, संतोष झा कन्हैया, नथुनी राम, कौशल कुमार झा, भाग्यनारायण मिश्र, पत्रकार सह मुख्य प्रवक्ता संतोष कुमार मिश्र, संगठन सचिव गौरव मिश्रा, पंडित गुलाब झा, मोदनारायण झा, रामकिशोर झा एवं ललित झा सहित संस्थान के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का कायाकल्प: एएनसी रजिस्ट्रेशन, ऑनलाइन ओपीडी और दवा वितरण में शत-प्रतिशत उपलब्धि

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा के दिये गए निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता आपदा संतोष कुमार की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जिले में प्रथम तिमाही के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण में 102 प्रतिशत की उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई है, जिसमें लौकही, अंधराठाढ़ी और मधेपुर प्रखंड सबसे आगे रहे। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की पूरी खुराक देने में भी जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा है। जिले के सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों को मिलाकर कुल 6,646 प्रसव कराए गए, जिसमें झंझारपुर और खुटौना का प्रदर्शन सराहनीय पाया गया। इसके अतिरिक्त सदर अस्पताल मधुबनी में अगस्त माह के दौरान 159 सफल सिजेरियन प्रसव भी संपन्न कराए गए। शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में अति कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए संचालित एनआरसी केंद्र में झंझारपुर और खुटौना ने निर्धारित लक्ष्य से दोगुना दाखिला कर बेहतर कार्य किया है। वहीं सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू में अगस्त महीने में 138 नवजात शिशुओं का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 100 प्रतिशत ऑनलाइन ओपीडी परामर्श दर्ज किया गया है। कलुआही, खजौली, मधवापुर, मधेपुर और बेनीपट्टी पीएचसी ने शत-प्रतिशत ऑनलाइन ओपीडी परामर्श का लक्ष्य बनाए रखा। इसके अलावा त्वरित पंजीकरण हेतु 'स्कैन एंड शेयर' सेवा का व्यापक उपयोग किया गया तथा 76 प्रतिशत ओपीडी परामर्शों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड से जोड़ा गया, जिसमें सदर अस्पताल मधुबनी 98 प्रतिशत उपलब्धि के साथ जिले में सबसे आगे रहा। अस्पतालों में दवा वितरण और जांच सुविधाओं के संबंध में बताया गया कि मरीजों को ओपीडी में निःशुल्क दवा वितरण की दर 104 प्रतिशत रही, जिसमें अनुमंडलीय अस्पताल फूलपरास और राजनगर सीएचसी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। वहीं जिले भर के अस्पतालों में कुल 16,974 पैथोलॉजी जांचें आयोजित की गईं। बैठक के समापन पर समीक्षा के दौरान जिन चिकित्सकों का ऑनलाइन ओपीडी रेशियो 95 प्रतिशत से कम पाया गया, उनके विरुद्ध विभागीय समीक्षा और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। अपर समाहर्ता आपदा संतोष कुमार ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन प्रखंडों में संस्थागत प्रसव अथवा पैथोलॉजी जांच का प्रतिशत कम है, वहां तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं ताकि जिलेवासियों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।

# घोघरडीहा थाना द्वारा फर्जी पासपोर्ट व अवैध विदेशी वीजा गिरोह का पदार्फाश

**विभिन्न राज्यों के 62 पासपोर्ट, मोटरसाईकिल एवं 4 मोबाइल के साथ गिरोह के 4 शातिर सदस्य गिरफ्तार**

**रूस, गल्फ के देशों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर पैसे ठगने का करते थे अपराध**



गिरफ्तार अभियुक्त

**मधुबनी(एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में मधुबनी पुलिस द्वारा विधि व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में मध्य रात्रि समय करीब 02:00 बजे घोघरडीहा थाना की पुलिस टीम हनुमान चौक के पास रात्रि गश्ती एवं विशेष वाहन चेकिंग अभियान पर थी तो शत्रुपट्टी की ओर से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर अचानक बाइक घुमाकर भागने लगे। पुलिस बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए दोनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान मो० इरशाद एवं रफी अहमद के रूप में हुई। उनके पास मौजूद काले रंग के बैग तथा मोटरसाइकिल की विधिवत तलाशी लेने पर बैग से भारत के विभिन्न राज्यों एवं जिलों से निर्गत कुल 62 मूल पासपोर्ट, 05 खाली रजिस्ट्री लिफाफे एवं 02 मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में मो० इरशाद ने बताया कि उसके पिता मो० आरजू द्वारा गांव के ग्रामीण डाक सेवक मो० अदनान हुसैन के पते पर देश के अलग-अलग हिस्सों से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर पासपोर्ट मंगवाए जाते हैं। इसके बाद वे दोनों इन पासपोर्ट्स को पटना एवं कानपुर के एजेंटों (मयंक व श्रवण) तक पहुंचाने का काम करते हैं। प्राप्त स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल सघन छापामारी करते हुए मुख्य सरगना मो० आरजू तथा डाककर्मी मो० अदनान हुसैन को भी उनके घरों से विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनके पास से 02 मोबाइल फोन जब्त किए गए। पूछताछ में मो० आरजू ने बताया कि रूस में रहने के दौरान वह अंतरराष्ट्रीय एजेंटों के संपर्क में आया था। वर्ष 2024 से वह डाककर्मी की मिलीभगत से नौकरी का प्रलोभन देकर पासपोर्ट मंगाता था तथा प्रति पासपोर्ट 2-2 लाख रूपया लेकर टूरिस्ट वीजा पर अवैध रूप से विदेश भेजता था। साथ ही अन्य लोगों के नाम पर फर्जी पासपोर्ट व दस्तावेज तैयार कर तस्करी का सिंडिकेट चला रहा था। इस संदर्भ में घोघरडीहा थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार चारों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस द्वारा गिरोह से जुड़े पटना व कानपुर के एजेंटों की गिरफ्तारी हेतु विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है'

## निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा में नहीं होगी लापरवाही:डीएम आनंद शर्मा



जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण करते

**मधुबनी(एनएसबी)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने सोमवार को जिले में स्थित ईवीएम वेयर हाउस एवं वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन का जायजा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयर हाउस परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था तथा ईवीएम एवं वीवीपैट के रख-रखाव से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील सामग्री हैं। इनके सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता मुकेश रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### एक स्विफ्ट कार से 129.60 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**खजौली (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के छपराढ़ी गांव से नीले रंग की एक स्विफ्ट कार से 129.60 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने कार सहित शराब को जब्त कर लिया। वहीं शराब धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर वहां से भाग निकला। फरार शराब धंधेबाजों की पहचान खजौली थाना क्षेत्र के छपराढ़ी ग्राम निवासी ठकहार यादव के पुत्र पप्पू यादव एवं जगदीश यादव के पुत्र राजू यादव के रुप में हुई है। थानाध्यक्ष सपन कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली की छपराढ़ी गांव में एक कार से अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप उतारी जा रही है। सूचना के सत्यापन में एसआई राजेन्द्र चौरसिया के नेतृत्व में थाना पुलिस जब वहां पहुंची तो एक युवक एक नीले रंग की शिफ्ट कार से कुछ कार्टन उतार रहा था। पुलिस पर नजर पड़ते ही वहां मौजूद दोनों युवक भाग निकला। महाल चौकीदार के द्वारा भागे दोनों युवक की पहचान पप्पू यादव एवं राजू यादव के रुप में की गई। पुलिस ने शराब सहित कार को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार दोनों शराब धंधेबाजों के विरुद्ध मद्यनिषेध कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।

## डीएम ने आमजनों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



शिकायत सुनते जिलाधिकारी

**मधुबनी, (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत ह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्ल कार्यक्रम के तहत आमजनों से सीधा संवाद किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों एवं परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का निष्पादन समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम के दौरान मधवापुर प्रखंड निवासी गणेश राय ने केवाला भूमि पर जबरन घर बनाए जाने की शिकायत की। वहीं, बाबूबरही प्रखंड के धमौरा निवासी मोहम्मद सुभान ने सार्वजनिक रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने के संबंध में आवेदन दिया। मधवापुर प्रखंड के बलवा निवासी ललिता देवी ने दबंगों द्वारा गाली-गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों की गंभीरता से जांच करने तथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन में संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाता है। इस व्यवस्था के माध्यम से नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को दर्ज करा सकते हैं, जिनका निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाता है। आमजन अपनी शिकायतों के समाधान के लिए ह्यसहयोगह्ल पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों एवं छात्रावासों में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा प्राप्त शिकायतों के नियमित अनुश्रवण एवं निष्पादन की प्रभावी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। विद्यार्थी अपनी समस्याएं और शिकायतें सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 के माध्यम से भी दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के लिए सहयोग पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि ह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्ल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जनोन्मुखी, संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाना है। जिला प्रशासन आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक एवं सुगम तरीके से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा जिला स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन




कार्यक्रम को संबोधित करते

**मधुबनी (एनएसबी)।** सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय के सभागार में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सरोज सिंह के संचालन में सेवा संकल्प अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में वंदे मातरम गीत ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, और पूर्व प्रधानमंत्री स्व० अटल बिहारी वाजपेई जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं आगत अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अध्यक्षीय भाषण देते हुए जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा ने कहा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के समर्पित सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संपर्क और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं उनकी तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सेवा संकल्प अभियान को लेकर संयोजक एवं सहसंयोजक सहित चार सदस्य टीम का गठन किया गया। सभी पदाधिकारी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष को के सेवा संकल्प अभियान जो 17 सितंबर से 17 तक अक्टूबर तक होगा इसके लिए सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक लग जाए। मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य सह जिला प्रभारी अर्जुन सहनी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को जन-जन का अभियान बनाना है, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी करनी है । इस अभियान में आशीर्वाद का दीया, करोड़ों बच्चों के सपनों को भारत के तहत राष्ट्रव्यापी ड्राइंग एवं भाषण, प्रतियोगिता ,नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की ओर, सेवा मेरा योगदान ,विकसित भारत संकल्प यात्रा, रंगोली कार्यक्रम ,मशाल यात्रा सहित कई कार्यक्रम होंगे लिए। पूर्व विधान परिषद सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष ,महामंत्री एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक जाकर कार्यकताओं को एकजुट होकर लग जाएं । बैठक में निवर्तमान जिला अध्यक्ष शंकर झा, देवेंद्र कुमार यादव, रंजीत यादव सुबोध चौधरी ,राधा देवी, शिव शंकर पांडेय,संतोष भगत, चंद्रवीर यादव, प्रमोद सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना, प्रशांत ठाकुर ,राम सकल यादव ,सतीश ठाकुर, प्रमिला पूर्वे, रवि सिंह,प्रतिमा रंजन, आदित्य झा ,कन्हैया साह, प्रंशात राय, दीप्ति राउत, रितु मंडल, माला देवी ,अजय भगत, संजय महतो, अनिल सिंह, पंकज राठौर ,सुशील सहनी, साधना ठाकुर, अशोक कुशवाहा, दानी झा, आयुष सिंह ,मनीष सिंह उद्धव, सुनील कुंवर, उपेंद्र शाह, अशोक राम, अरुण राय, सनत झा,कुंदन सिंह, चंद्रजीत यादव, राम पुकार ठाकुर ,रामचंद्र मिश्र, सुमित कुमार सिंह ,शशि कुमार साहू, मुन्ना चौधरी, दिलीप ठाकुर, बिनो राम,मनीष करण, रवि महतो,सुमन झा सिया राम महतो विरेंद्र प्रतिहस्त सहित जिला पदाधिकारी , सभी 39 मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं कार्यक्रम के संयोजक, सहसंयोजक उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री मृत्युंजय कुमार कुंदन ने किया।

## पर्यावरण संरक्षण के संदेश को परिवार और समाज तक पहुंचाएं छात्र :डीपीओ आनंद अंकित

**मधुबनी(एनएसबी)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डामू, बासोपट्टी एवं जिला गंगा समिति ह्यनमामि गंगेह्ल, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में आज वन्यजीव एवं पौधों का संरक्षण विषय पर छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जैव विविधता एवं उसके महत्व, जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति संरक्षण जैसे विषयों को अपनी कल्पनाशीलता से जोड़ते हुए रंग-बिरंगी एवं आकर्षक पेंटिंग बनाई। विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से वन्यजीवों एवं पौधों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. एहसान अहमद ने कहा कि 'विद्यालय में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों की रचनात्मक क्षमता का विकास होता है और उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत होती है। हम सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करते हैं।' विद्यालय की विशिष्ट शिक्षिका सोनी कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने वन्यजीव एवं पौधों के संरक्षण को अपनी कल्पनाओं में उतारा है। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण के संदेश को अपने परिवार एवं समाज तक भी पहुंचाएं। इस तरह की गतिविधियां बच्चों को प्रकृति के करीब लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मौके पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई। डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि जिला गंगा समिति ह्यनमामि गंगेह्ल, मधुबनी द्वारा विद्यालयों में आयोजित की जा रही ऐसी गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को जल, पर्यावरण एवं जैव विविधता के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। वन्यजीव एवं पौधों का संरक्षण हमारी साझा जिम्मेदारी है। पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रकृति के प्रति अपनी संवेदनशीलता और रचनात्मक सोच को अभिव्यक्त किया है। हमारा प्रयास है कि बच्चे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाएं तथा प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी ने प्रथम, ज्योति कुमारी ने द्वितीय तथा मरजीना खातून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सिकंदर पासवान, पूनम कुमारी, सुभद्रा कुमारी, रविन्द्र कुमार मंडल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



बच्चों द्वारा प्रस्तुत

## मुजफ्फरपुर पहुंचे बीएसएपी के एडीजी, कहा-बिहार की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के हो रहे कई प्रयास

# बीएसएपी की क्षमता बढ़ाने के लिए दो नई बटालियन बनाने का प्रस्ताव : हसनैन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक नैयर हसनैन खान सोमवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। मालीघाट स्थित बीएमपी-06 (बीएसएपी-6) परिसर में उन्होंने डीआईजी और कमांडेंट के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में वाहिनी की कार्ययोजना, अबतक की गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसके बाद प्रेस मिडिया के प्रतिनिधियों

से बातचीत में एडीजी नैयर हसनैन खान ने बताया कि उनका मुजफ्फरपुर दौरा मुख्य रूप से औपचारिक समीक्षा के उद्देश्य से था। लंबे समय बाद मुजफ्फरपुर पहुंचने पर उन्होंने बीएसएपी-6 की कार्ययोजना और अबतक की गतिविधियों की जानकारी ली। समीक्षा के बाद उन्होंने वाहिनी परिसर का स्थल निरीक्षण किया और वहां


मालीघाट स्थित बीएसएपी-6 का निरीक्षण करते एडीजी नैयर हसनैन खान।

उपलब्ध सुविधाओं के साथ चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा लिया। इस दौरान बेसिक कोर्स कर रहे जवानों और महिला कर्मियों के साथ सभा कर उन्होंने बातचीत की तथा जवानों से उनके सुझाव और समस्याओं की जानकारी ली।

एडीजी नैयर हसनैन खान ने कहा कि बीएसएपी-6 को बेहतर बेसिक प्रशिक्षण इकाई के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के साथ जवानों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीएसएपी की क्षमता बढ़ाने के लिए दो नई बटालियन के गठन का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन है। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस पर जल्द निर्णय होने की उम्मीद है। इसके साथ ही बीएसएपी जवानों की क्षमता बढ़ाने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स की तर्ज पर प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य जवानों को आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी परिस्थितियों से निपटने के लिए अधिक सक्षम बनाना है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर बिहार को आंतरिक सुरक्षा के मामलों में बाहरी बलों पर कम निर्भर रहना पड़े।

एडीजी ने बताया कि करीब 40 महिला जवानों को एनएसजी में कमांडो कोर्स के लिए भेजा गया है। वहां उन्हें विशेष कमांडो प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन महिला जवानों को बिहार पुलिस की एक मजबूत महिला कमांडो विंग के रूप में विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएसएपी की प्रशिक्षण क्षमता, आधारभूत संरचना और जवानों की दक्षता बढ़ाने पर लगातार काम किया जा रहा है।

## नई रेलवे क्रॉसिंग बंद करने के प्रयास पर रोक की मांग

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मेहसौल स्थित नई रेलवे क्रॉसिंग/नईम बाग रास्ते को रेलवे विभाग द्वारा बंद किए जाने की कोशिश पर रोक लगाने की मांग को लेकर सोमवार को पूर्व सांसद प्रतिनिधि मो. जुनैद आलम मेहसौलवी ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर आवेदन सौंपा।

आवेदन में वर्ष 2015 के अनुमंडल कार्यालय के पत्र संख्या 580 एवं अंचल अधिकारी, डुमरा की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि रेलवे लाइन के दोनों ओर सड़क मौजूद है और आम लोगों के आवागमन के लिए उक्त रास्ता वर्षों से उपयोग में है। जांच रिपोर्ट में जनहित में रेलवे फाटक/गुमटी बनाने की अनुशंसा भी की गई थी। मो. जुनैद आलम ने डीएम से मामले की पुनः जांच, रेलवे अधिकारियों के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण तथा आम जनता की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षित रेलवे क्रॉसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### गायघाट में 50 लाख की विदेशी शराब बरामद, दो चालक गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को गायघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मैथी टोल प्लाजा के पास से गुजर रही एक कंटेनर को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कंटेनर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। बताया जा रहा है कि कंटेनर में 300 से अधिक कार्टन


कंटेंनर पर लदी शराब के साथ गिरफ्तार दोनों वाहनकर्मी।

विदेशी शराब लदी थी, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शराब की खेप हरियाणा से लाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कंटेनर के दो चालकों को मौके से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल उत्पाद विभाग की टीम गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप किसने मंगाई थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### सीएचसी के निरीक्षण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत कई कर्मी मिले अनुपस्थित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के सरैया प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का सोमवार को बीडीओ गौरव कुमार ने प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्था, साफ-सफाई और कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार अनुपस्थित मिले। इसके अलावा चिकित्सक डॉ. तन्नू कुमारी, एएनएम जयंती कुमारी, सुप्रिया कुमारी और मधु कुमारी समेत कई कर्मी भी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान दवा काउंटर के पास गंदगी पसरी मिली। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं थी। इसके अलावा अस्पताल में कुछ आवश्यक सुविधाओं की कमी भी सामने आई। इस पर बीडीओ ने संबंधित कर्मियों और अधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।



सरैया सीएचसी का निरीक्षण करते बीडीओ।

बीडीओ ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष हरेंद्र साह, उपाध्यक्ष प्रद्युम्न कुशवाहा, अबरार आलम, अशोक कुमार, रेशमी देवी, वीरेंद्र साह, विजयंत कुमार, गणेश सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### शिक्षक दिवस पर यूनियन बैंक ने डीएवी शिक्षकों को किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शिक्षक दिवस के अपलक्ष्य मे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मालिघाट शाखा की ओर से डीएवी पब्लिक स्कूल, मालिघाट के प्राचार्य एवं शिक्षकों को सम्मानित कर बधाई दी गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अमर कुमार ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हिमांशु पांडेय को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा शिक्षक दिवस की बधाई दी। शाखा प्रबंधक अमर कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करते हैं। उनके ज्ञान, संस्कार एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके निरंतर योगदान की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हिमांशु पांडेय ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों का सम्मान समाज में शिक्षा और गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति सम्मान को और मजबूत करता है। इस अवसर पर प्रबंधक विशाल कुमार, उप शाखा प्रबंधक रत्नेश कुमार, अविनाश कुमार गिरि, नीलमणि भास्कर, अभिषेक कुमार, शांतनु सहित बैंक एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।


शिक्षक दिवस के अपलक्ष्य मे स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित करते बैंक के अधिकारी गण।

## विशुनपुर बघनगरी में एक माह से नल-जल योजना ठप, समस्या से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

# पेयजल के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** घरों के नलों से पानी आने का इंतजार करते-करते ग्रामीणों को एक माह गुजर गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। पानी की टंकी मौजूद है और पाइपलाइन भी बिछी हुई है, बावजूद इसके करीब 500 परिवारों को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मुख्य पाइपलाइन फटने के कारण विशुनपुर बघनगरी पंचायत में पीएचईडी की नल-जल योजना करीब एक माह से ठप है। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा।

बड़ी संख्या में ग्रामीण पानी की टंकी परिसर पहुंचे और विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द जलापूर्ति बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद से घरों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद है। पंचायत में डेढ़ लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी होने के बावजूद इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इससे ग्रामीणों को पीने के पानी के साथ-साथ घरेलू कार्यों के लिए भी पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है। ग्रामीण सोनू कुमार ने बताया कि करीब 10 दिन पहले पीएचईडी के जेई और सहयोग पोर्टल पर पाइपलाइन की समस्या को लेकर शिकायत की गई थी। इसके बावजूद अब तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं हो सकी है।

आनंद कुमार, विशाल कुमार, शिवम कुमार, पुतुल देवी, नीता देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से जलापूर्ति बंद रहने के कारण लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। पुतुल देवी और नीता देवी ने बताया कि नल से पानी नहीं आने के कारण घर के जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। लोगों को पानी के लिए दूसरी जगहों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरतों के बीच करीब एक माह से नल-जल योजना बंद रहने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।


पानी संकट को लेकर प्रदर्शन करती गांव की महिलाएं।

मुखिया बबिता कुमारी ने बताया कि पाइपलाइन की मरम्मत के लिए जेई से लेकर कार्यपालक पदाधिकारी तक से कई बार बात की गई है।

शिकायत के बाद पीएचईडी के एसडीओ ने स्थल का निरीक्षण भी किया, लेकिन अब तक जलापूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। उन्होंने जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर नल-जल योजना शुरू कराने की मांग की है। इस संबंध में पीएचईडी के जेई राहुल कुमार ने बताया कि संबंधित संवेदक के एग्रीमेंट की अवधि समाप्त हो चुकी है। नए एग्रीमेंट के लिए टेंडर की प्रक्रिया होने वाली है। विभागीय स्तर से पाइपलाइन की मरम्मत के लिए पत्र भेजा गया है। आदेश मिलते ही पाइपलाइन की मरम्मत कराकर जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## काँटी विधायक ने किया चांदनी चौक से गरम चौक तक सड़क का निरीक्षण

**कांटी (एनएसबी)।** कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने सोमवार को चांदनी चौक धर्मकांटा से बझिला मोड़ होते हुए महेश भगत बनवारी लाल कॉलेज के रास्ते हीरानगर, गरम चौक तक जाने वाली जर्जर सड़क मार्ग का ग्रामीण कार्य विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क की बदहाल स्थिति के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर जलजमाव की समस्या का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों एवं राहगीरों से सड़क की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क लंबे समय से जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में सड़क पर जलजमाव होने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण राहगीरों, स्थानीय लोगों एवं वाहन चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक अजीत कुमार ने मौके पर मौजूद ग्रामीण कार्य विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को सड़क की स्थिति का शीघ्र तकनीकी निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मती में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़क की मरम्मती का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए। साथ ही जलनिकासी की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की सड़कों और जलजमाव जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही उक्त सड़क के मरम्मती कार्य की प्रक्रिया शुरू कराकर लोगों को राहत दिलाई जाएगी। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि बिहार विधानसभा के प्राकलन समिति में उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को इस मामले से अवगत कराया था, जिस पर विभागीय सचिव ने ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता धीरेंद्र कुमार को पटना तलब कर इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता कनीय अभियंता, नगर निगम के उप नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता समेत संबंधित अधिकारी सहित जदयू नेता इरफान अहमद दिलकश, टुन्ना शर्मा, गंगा सरण सिंह, कमलेश कांत गिरी, शंभू शरण ठाकुर, सुनील पासवान, रत्नेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



संबंधित अधिकारियो के साथ जर्जर सड़क का निरीक्षण करते क्षेत्रीय विधायक।

## मुजफ्फरपुर दरभंगा हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाईक में मारी टककर

# बाइक सवार युवक की मौत, 2 घायल

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** गायघाट प्रखंड के बेनीबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बरुआरी चौहान चौक के समीप मुजफ्फरपुर-दरभंगा एनएच- 27 पर सोमवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार और बाइक में हुई टक्कर से बाइक सवार महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 की टीम की मदद से स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए गायघाट सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सभी को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार एसकेएमसीएच पहुंचने के दौरान रास्ते में हीं गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। वहीं घायलों में शामिल एक महिला व एक युवक को इलाज के लिए इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। मृत युवक की पहचान औराई थाना क्षेत्र के रामपुर अजरकवे ग्राम निवासी शत्रुघ्न दास के 23 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। इस दुर्घटना में मृतक की 21 वर्षीय नवविवाहिता पत्नी अंजली कुमारी और 24 वर्षीय दोस्त फुलकुमार घायल है। मिली जानकारी के अनुसार चंदन बिहार से बाहर रहकर नौकरी करता था। एक महीना पहले हीं चंदन की शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को चंदन अपनी पत्नी के साथ बाहर जाने के लिए गांव के हीं दोस्त फूल कुमार को साथ लेकर ट्रेन पकड़ने दरभंगा जा रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया है कि तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच चंदन को गंभीर चोट लगी थी। जिसके कारण एसकेएमसीएच पहुंचने के पहले हीं रास्ते मे उसकी मौत हो गई।



इस मामले मे बेनीबाद थानाध्यक्ष डी के सिंह ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने कार और बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद कार चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। कार चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एनडीए की तैयारी कर रहे छात्र की हत्या, नदी किनारे मिला शव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एनडीए की तैयारी कर रहे 18 वर्षीय छात्र सुप्रज्ञ शौर्य मुकुट की हत्या से मुजफ्फरपुर में सनसनी फैल गई। तीन दिनों से लापता छात्र का शव रविवार को अहियापुर थाना क्षेत्र में अखाड़ाघाट पुल के पास बूढ़ी गंडक नदी के किनारे मिला। तत्काल शव की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन सोमवार को शव की पहचान होते हीं तीन दिनों से लापता पुत्र की खोज कर रहे सुप्रज्ञ के परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। बताया गया है कि सुप्रज्ञ सहबाजपुर निवासी मणिभूषण कुमार सिंह उर्फ टिल्लू सिंह का पुत्र था। वह अखाड़ाघाट-सिकंदरपुर क्षेत्र की एक लाइब्रेरी में नियमित रूप से पढ़ाई करता था और एनडीए परीक्षा की तैयारी कर रहा था। परिजनों के अनुसार, करीब एक सप्ताह बाद उसकी परीक्षा होने वाली थी। छात्र के लापता होने के बाद उसके पिता ने शनिवार को अहियापुर थाने में तीन लोगों को नामजद करते हुए अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके अगले दिन नदी किनारे एक युवक का शव मिला, जिसकी उस समय पहचान नहीं हो सकी। सोमवार को परिजन एसकेएमसीएच के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां शव की पहचान सुप्रज्ञ के रूप में हुई। पहचान होते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों व रिश्तेदारों में आक्रोश फैल गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए उसे पैतृक गांव ताराजीवर ले जाया गया। परिजनों ने नामजद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और हत्या के कारणों का खुलासा करने की मांग की है।



# श्याम नंदन सहाय महाविद्यालय में शिक्षकों का सांकेतिक धरना

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** श्याम नंदन सहाय कॉलेज में सोमवार को शिक्षकों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। शिक्षक प्रतिनिधि (टीआर) एवं शासी निकाय सदस्य प्रो डॉ. राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोजित धरने में शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करने की मांग की गई। शिक्षकों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई को देखते हुए वेतन वृद्धि अब आवश्यक हो गई है।

धरने को संबोधित करते हुए प्रो. डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि प्रभारी प्राध्यापक को शिक्षकों की मांग पर जल्द निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों के अंदर वेतन वृद्धि को लेकर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो शिक्षक व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



धरना प्रदर्शन करते कॉलेज के प्राध्यापक गण।

आंदोलन के अगले चरण में आमरण अनशन के साथ प्रभारी प्राध्यापक का घेराव भी किया जाएगा। शिक्षकों ने कहा कि फिलहाल सांकेतिक धरने के माध्यम से अपनी मांग अधिकारियों तक पहुंचाई गई है। उनका कहना है कि महाविद्यालय के प्रभारी प्राध्यापक फरवरी 2017 से पद पर हैं। धरना दे रहे शिक्षकों ने बिहार सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2019 में जारी पत्र का भी हवाला दिया।

शिक्षकों के अनुसार, उक्त पत्र में कॉलेज की आय में से 70 प्रतिशत राशि शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन पर तथा 30 प्रतिशत राशि विकास मद में खर्च करने का प्रावधान बताया गया था। शिक्षकों का आरोप है कि इस व्यवस्था के अनुरूप वेतन वृद्धि नहीं की जा रही है। उन्होंने इसे सरकार के आदेश का उल्लंघन बताते हुए महाविद्यालय की आय और वेतन व्यवस्था पर स्पष्ट निर्णय लेने की मांग की। धरने पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच मौजूदा वेतन से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

**15 दिन में वेतन वृद्धि नहीं तो आंदोलन की चेतावनी**

उन्होंने प्रभारी प्राध्यापक से जल्द वेतन वृद्धि की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांग पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरना में डॉ. अपर्णा, डॉ. अप्रिता कुमारी, डॉ. रंजना कुमारी, डॉ. शांभवी श्रीवास्तव, डॉ. रंजन शर्मा, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. अमिता रंजन, डॉ. कुमारी संगीता, डॉ. सुकन्या झा, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. सुषमा भारती, डॉ. कल्पना, डॉ. रेणु, डॉ. रूबी सिन्हा, डॉ. सलोनी भारती, डॉ. जया भारती, डॉ. रीता श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. राकेश कुमार मिश्रा, डॉ. राजन कुमार, मो. सहाबुद्दीन हैदर, डॉ. मनीष कृष्ण, प्रो. रविंद्र कुमार सिंह और डॉ. सुनील सिन्हा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बैरगनिया के सतपुरवा स्थित बगीचा से अज्ञात 25 वर्षीय युवती का शव पेड़ से लटके अवस्था में बरामद

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के सतपुरवा स्थित बगीचा से एक अज्ञात 25 बर्षीय युवती का शव पेड़ से लटके हुए अवस्था मे बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मिली जानकारी



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस व ग्रामीणों की भीड़।

के अनुसार थाना क्षेत्र के चकवा पंचायत अंतर्गत सतपुरवा मलंग बाबा वार्ड-1 स्थित बगीचा में सोमवार को एक अज्ञात युवती का शव पेड़ से लटकता हुआ देख कर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई, आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना बैरगनिया थाना को दी।थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी,एसआई अनुराग कुमार,एएसआई मृत्युंजय कुमार सशस्त्र बल के साथ पहुँच कर छानबीन में जुटे थे तभी रीगा अंचल के पुलिस निरीक्षक संजीव कुमार भी घटनास्थल पर पहुँच गए वहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुँचकर गहन छानबीन के साथ साक्ष्य जुटाने में जुट गई थी।पुलिस की कोशिश के बाद भी पेड़ से लटकती युवती के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है,पुलिस शव की पहचान कराने की हर सम्भव कोशिश कर रही है।

चर्चा है कि यह अज्ञात युवती सुनशान बगीचा में कब,कैसे पहुँची और आत्महत्या किया है जिसकी गहन जांच,शव की पहचान,पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही खुलासा संभव हो सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर, पुलिस ने आसपास के लोगों से अपील की है कि यदि किसी युवती के लापता होने की जानकारी हो अथवा शव की पहचान के संबंध में कोई सूचना हो तो तत्काल थाना को इसकी जानकारी दें।

### गर्भावस्था में एनीमिया की रोकथाम को लेकर जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** गर्भावस्था के दौरान एनीमिया की रोकथाम, समय पर पहचान एवं उचित प्रबंधन को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में सोमवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग टीम (डीएमटी) के सदस्यों ने भाग लिया। डीएमटी सदस्यों को गर्भावस्था में एनीमिया की स्क्रीनिंग, आयरन-फोलिक एसिड अनुपूरण, पोषण, परामर्श एवं समुदाय स्तर पर रोकथाम के प्रभावी उपायों की तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान फील्ड स्तर पर एनीमिया की पहचान और प्रभावी प्रबंधन से जुड़े व्यवहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। साथ ही उचित एनीमिया प्रबंधन के लिए एफसीएम डोज पर भी बल दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत डीएमटी के प्रशिक्षित सदस्य जिले के विभिन्न प्रखंडों में आउटरीच प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम

**डीएमटी सदस्यों को स्क्रीनिंग, उपचार व पोषण संबंधी उपायों की दी गई जानकारी**



प्रशिक्षण कार्यक्रम मे शामिल डीएमटी सदस्य गण।

से एएनएम एवं सीएचओ को इसी विषय पर प्रशिक्षित करेंगे।

इसके माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता बढ़ाने तथा गर्भवती महिलाओं तक एनीमिया की जांच, उपचार, पोषण संबंधी सलाह एवं आवश्यक सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), डीएम एंड ईओ एवं पिरामल फाउंडेशन की जिला टीम की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने एनीमिया मुक्त भारत के लक्ष्य को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। गर्भवती महिलाओं में समय पर जांच, उचित उपचार, आयरन-फोलिक एसिड का नियमित सेवन, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी तथा पिरामल फाउंडेशन की जिला टीम के साथ साथ गांधी फेलो, करुणा फेलो सहित प्रत्येक प्रखंडों से एक एएनएम, एक जीएनएम एवं बीएचएम मौजूद थे।

## जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने डुमरा एवं बथनाहा अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# निरीक्षण में गैरहाजिर मिले दो अंचलों के 17 कर्मी, एक दिन का कटेगा वेतन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सोमवार को डुमरा एवं बथनाहा अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, कार्यालयीन कार्यों के निष्पादन तथा आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया गया।

बथनाहा अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पूर्वाह्न 10:45 बजे तथा डुमरा अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पूर्वाह्न 11:10 बजे कुछ कर्मी अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन स्थगित करने तथा उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।

बथनाहा अंचल कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए कर्मियों में शत्रुध्न राम संविदा लिपिक, तौसीफ रजा, निम्नवर्गीय लिपिक, सुश्री खुशबू कुमारी निम्नवर्गीय लिपिक, सुश्री शबनम कुमारी अंचल अमीन, क्षितिज राज श्रीवास्तव, डेटा इंट्री ऑपरेटर, कुमुद कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर, श्रीमती नयन कृष्णानी, कार्यपालक सहायक, श्रीमती सुमन कुमारी, डाटा इंट्री ऑपरेटर, प्रवीण कुमार कार्यपालक सहायक एवं कमलेश पासवान कार्यालय परिचारी शामिल हैं।

इसी प्रकार डुमरा अंचल कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए कर्मियों में श्री अमित वर्मा डाटा इंट्री ऑपरेटर, श्री संजीव कुमार डाटा इंट्री ऑपरेटर, सुश्री शिखा कुमारी अमीन, सुश्री पल्लवी जोशी अमीन, श्रीमती आरती कुमारी कार्यपालक सहायक, श्रीमती रागिनी कुमारी कार्यपालक सहायक एवं श्री संजीत कुमार कार्यपालक सहायक शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में समय पर उपस्थिति एवं अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन प्रशासन की कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ निर्धारित समय पर मिले, इसके लिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी तत्परता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।



कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

उन्होंने कहा कि अनधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सभी कर्मियों को अपने कर्तव्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करना होगा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने तथा अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## सरैया मे महंगाई के खिलाफ लोगों ने प्रतिवाद जुलूस निकल किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी की सरैया प्रखंड इकाई के तत्वाधान में चीनी, प्याज सहित तमाम आवश्यक चीजों की अप्रत्याशित महंगाई के विरोध में सरैया चौक पर प्रतिवाद मार्च निकाला गया। यह मार्च सरकारी अस्पताल के समीप से शुरू होकर सरैया चौक होते हुए जैतपुर मोड़ पर पहुंच कर प्रतिवाद सभा में परिवर्तित हो गया। वापस लो, महँगी जमाखोरी कालाबाजारी पर रोक लगाओ आदि नारे लगाते चल रहे थे। प्रतिवाद सभा को कौशल भगत,अनिल राम व विनोद ठाकुर ने संबोधित किया।

वक्ताओ ने कहा कि सरकारों की जन विरोधी पूंजीपति के साथ देने के कारण आज महंगाई की सुनामी आ चुकी है। आम जनों को लूटकर जमाखोरों, कालाबाजरियों, धन्नासेठो की




महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व पार्टी जिला कमिटी सदस्य कौशल भक्त एवं जिला कमिटी सदस्य अनिल राम ने संयुक्त रूप से किया।

**वक्ताओ ने कहा कि सरकारों की जन विरोधी पूंजीपति के साथ देने के कारण आज महंगाई की सुनामी आ चुकी**

जुलुस में शामिल पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ आमजन केंद्र सरकार पर महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाते हुए 'बांधो महंगी रोको दाम, नहीं तो होगी नींद हराम', आसमान छुट्टी महंगाई पर रोक लगाओ, चीनी, प्याज सहित तमाम आवश्यक चीजों के दामों में की गई वृद्धि तिजोरी भरी जा रही है। शिक्षा, इलाज, उर्वरक, कीटनाशक, बीज, डीजल, पेट्रोल को लगातार महंगा किया जा रहा है। महंगाई के खिलाफ जोरदार व दीर्घ स्थाई जनआंदोलन ही समय की मांग है। प्रतिवाद सभा मे राम प्रवेश शाह, राजन राय, कंचन भगत, विशाल पासवान रंजीत राय, रामबाबू राय, टुनटुन प्रजापति सहित दर्जनों की संख्या मे स्थानीय लोग भी शामिल थे।

## सबका सम्मान–जीवन आसान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए जिसमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।



आमजनों की समस्याओं को सुनाते जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया।

आज के इस कार्यक्रम में योगेंद्र ठाकुर बघारी रूनी सैदपुर अनुग्रह अनुदान,अजय कुमार मलाही परिहार अतिक्रमण का मामला, संगीता देवी खरका बसंत बोखरा अतिक्रमण,हरि ओम शर्मा ,टिकौली रुन्नीसैदपुर अतिक्रमण से संबंधित, चंद्र कुमार मधुबन चक महिला बिजली बिल से संबंधित, महादेवी मेहसौल दाखिल खारिज से संबंधित, अकली देवी डुमरी कला मुआवजा भुगतान से संबंधित,शोभा देवी कैलाशपुरी दाखिल खारिज से संबंधित, रीमा कुमारी राधाउर सुरसंड सेविका चयन को लेकर ,कुमार नितिन सिंह सरसौला सुरसंड भूमि नामांतरण से संबंधित, स्वाति कुमारी मेजरगंज विकास मित्र के बहाली को लेकर ,इनके अतिरिक्त लगभग बड़ी संख्या में अन्य नागरिक भी पहुंचे।

## पीडीएस डीलरों ने खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता की मांग उठाई

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग को लेकर डुमरा प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया को आवेदन सौंपा है। डीलरों ने खाद्यान्न की गुणवत्ता, बोरी के वजन और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की है।

डीलरों ने आवेदन में बताया कि डुमरा गोदाम से खाद्यान्न प्राप्त करने के दौरान उन्हें कई महत्वपूर्ण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं का प्रभाव खाद्यान्न वितरण व्यवस्था के साथ-साथ लाभुकों पर भी पड़ता है।

डीलरों ने विशेष रूप से गुणवत्तापूर्ण एवं खाने योग्य चावल उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि गोदाम से साफ-सुथरा, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णतः खाने योग्य चावल उपलब्ध कराया जाए, ताकि लाभुकों को किसी प्रकार की शिकायत न हो।

**डुमरा के पीडीएस डीलरों ने डीएम को दिया आवेदन, गुणवत्तापूर्ण चावल, समान वजन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित कराने की मांग**

वहीं, गेहूं एवं चावल की बोरियों के वजन में एकरूपता और पारदर्शिता सुनिश्चित कराने की भी मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि गेहूं की बोरी निर्धारित 51.500 किलोग्राम वजन के साथ उपलब्ध कराई जाती है, जबकि चावल की बोरी का वजन 50.500 किलोग्राम बताया गया है। डीलरों ने खाद्यान्न की प्रत्येक बोरी का वजन निर्धारित मानक के अनुसार सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है।

डीलरों ने कहा कि गोदाम से खाद्यान्न निर्गत करते समय प्रत्येक बोरी के वजन की स्पष्ट एवं पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद, असमानता या लाभुकों को परेशानी उत्पन्न न हो।

आवेदन में कहा गया है कि जन वितरण प्रणाली गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कल्याणकारी व्यवस्था है। इसलिए खाद्यान्न की गुणवत्ता और वजन से लेकर वितरण तक प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता आवश्यक है।

डुमरा प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने डीएम तनय सुल्तानिया से मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने तथा गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न एवं निर्धारित वजन सुनिश्चित कराने की मांग की है।7 सितंबर 2026 को दिए गए आवेदन की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए दी गई है।

आवेदन पर विश्वनाथ प्रसाद यादव, मोहम्मद अमीरूल, आशा कुमारी, जौहर अली, अविनाश कुमार, संजय कुमार, चंद्रकला यादव, अनीता कुमारी, अवधेश कुमार, रवि रौशन कुमार, अरविंद पटेल, पृथ्वी राज कुमार, तनवीर आलम, दीपक कुमार, सपना कुमारी, विजय कुमार, संजीव कुमार, किरण देवी, जगरनाथ साह, गगनदेव महतो, मुन्ना कुमार, गौरीशंकर साह, रमेश कुमार, सुरती सिंह, सरिता चंद्रवंशी, शंकर शाफी, गुंजा देवी, राजा बाबू, राम इकबाल साह समेत अन्य जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं।

## कला संवाद में सम्मानित हुए वरिष्ठ रंगकर्मी एवं शिक्षक सुधीर कुमार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरला श्रीवास सोशल कल्चरल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा मालीघाट में ह्यकला संवादह्ल का आयोजन कठपुतली कलाकार कांता देवी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कला, संस्कृति, रंगमंच एवं सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा हुई।



रंगकर्मी एवं शिक्षक सुधीर कुमार को सम्मानित करते संस्था के सचिव सुनील कुमार।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कांता देवी ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का एक प्रभावी साधन है। कठपुतली कला लंबे समय से सामाजिक संदेशों को जन जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम रही है। इस परंपरा को आगे बढ़ाने की प्रेरणा सरला श्रीवास एवं शांति गुप्ता के कार्यों से मिलती है। उन्होंने कहा कि कठपुतली कला भारत की समृद्ध लोक एवं पारंपरिक कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बदलते समय और डिजिटल तकनीक के दौर में इस कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा आधुनिक माध्यमों से जोड़ने की आवश्यकता है। सरला श्रीवास युवा मंडल की अध्यक्ष सुमन कुमारी ने कहा कि कला तभी सार्थक होती है, जब वह समाज के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बने। सरला श्रीवास ने कठपुतली कला के माध्यम से समाज को जोड़ने, जागरूक करने, हिंसा को समाप्त करने और शांति का संदेश देने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

इस अवसर पर मध्य विद्यालय चकिया के प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सुधीर कुमार तथा मध्य विद्यालय टरमा के फिजिकल टीचर मुकेश कुमार मालाकार को उनके दीर्घ, समर्पित एवं प्रेरणादायी योगदान के लिए कठपुतली कलाकार एवं फाउंडेशन के सचिव सुनील कुमार द्वारा ह्यलीचिया लाले लालह्न पुस्तक एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि सुधीर कुमार सरकारी शिक्षक होने के साथ-साथ रंगमंच के क्षेत्र में लगभग चार दशकों से सक्रिय वरिष्ठ रंगकर्मी हैं। वे विभिन्न मॉड्यूल में ह्यशिक्षा में नाटक कला के मास्टर ट्रेनर के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। कला, संस्कृति और थिएटर में उनकी विशेष रुचि रही है। वे नाटक, कहानी एवं पटकथा लेखन के साथ-साथ लघु फिल्म, टेली-फिल्म, नाटक एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निमार्ता-निर्देशक के रूप में भी अपनी पहचान बना चुके हैं।

सुधीर कुमार संरचना आर्ट थिएटर (SAT) के संस्थापक सचिव हैं, जिसकी स्थापना 27 मार्च 1987 को हुई थी। वे मंच संचालन एवं इवेंट मैनेजमेंट से भी जुड़े रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी सुधीर कुमार एवं शिक्षक मुकेश कुमार मालाकार के दीर्घ एवं समर्पित योगदान की सराहना करते हुए सुनील कुमार ने उनके स्वस्थ, सक्रिय एवं रचनात्मक जीवन की कामना की। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य बबिता ठाकुर ने किया।

## ऑपरेशन मुस्कान से लौट रही लोगों के चेहरों पर मुस्कान, 60 चोरी-गुम मोबाइल बरामद

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी के निर्देश पर जिला आसूचना इकाई की ओर से चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन मुस्कानह्व के तहत पुलिस ने चोरी एवं गुम हुए 60 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है।



अभियान के तहत सोमवार को 32 लोगों से संपर्क स्थापित कर उनके बरामद मोबाइल फोन उन्हें सुपुर्द किए गए। शेष लोगों को भी सूचित कर उनके मोबाइल नियमानुसार सौंपे जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मोबाइल बरामदगी का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जिला पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि मोबाइल फोन चोरी अथवा गुम होने की स्थिति में संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराने के साथ उएक्फ़ पोर्टल पर भी इसकी सूचना दर्ज करें। इससे मोबाइल को ट्रैक करने और उसकी बरामदगी में पुलिस को सुविधा मिलती है। अभियान में जिला आसूचना इकाई के प्रभारी एसआई मोसिर अली, सिपाही राहुल कुमार, सुबोध कुमार चौधरी, मो. जावेद, नीतिश कुमार, सचिन कुमार सहित विभिन्न थानों के नोडल पदाधिकारी शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# लुई फिशर की दृष्टि में गांधी

अमेरिकी पत्रकार और लेखक लुई फिशर ने 1942 में सेवाग्राम आश्रम में महात्मा गांधी के साथ लगभग एक सप्ताह बिताया। उसी अनुभव पर उन्होंने 'गांधी के साथ एक सप्ताह' नाम से पुस्तक लिखी। बाद में उन्होंने महात्मा गांधी की प्रसिद्ध जीवनी भी लिखी।

फिशर ने गांधी के प्रभाव को समझने की कोशिश करते हुए लिखा कि आधुनिक इतिहास के जिन बड़े नेताओं के नाम दुनिया जानती है चर्चिल, रूजवेल्ट, लॉयड जॉर्ज, स्टालिन, लेनिन, हिटलर, वुडरो विल्सन, कैजर, लिंकन, नेपोलियन, मेटरनिख और टैलेरां आदि उन सबके पास राज्यों की शक्ति उपलब्ध थी।

लेकिन गांधी के पास न कोई राज्य था, न सरकार, न पुलिस और न सत्ता का कोई तंत्र। फिर भी उन्होंने बँटे हुए देश के दूर-दूर तक और पूरी दुनिया के लोगों के मन पर अपना प्रभाव डाला।

फिशर के अनुसार, लोगों के मन पर गांधी जैसा प्रभाव डालने वाला एकमात्र गैर-सरकारी व्यक्ति कार्ल मार्क्स था। अंतर यह था कि मार्क्स का विचार अंततः एक शासन-व्यवस्था की स्थापना का कार्यक्रम था, जबकि गांधी का प्रभाव किसी सरकारी सत्ता पर आधारित नहीं था।

फिशर गांधी के बारे में आगे बताते हैं कि उनका प्रभाव उनके लेखन के कारण नहीं था। बहुत कम लोगों ने उनकी किताबें पढ़ी थीं। गांधी लोगों तक पहुँचे प्रत्यक्ष संपर्क, अपने आचरण, अपने कर्म, अपने उदाहरण और सत्य तथा अहिंसा जैसे सरल सिद्धांतों के प्रति अपनी निष्ठा के माध्यम से।

गांधी से फिशर का सीधा सवाल

9 जून 1942 को सेवाग्राम में गांधी के साथ टहलते हुए लुई फिशर ने उनसे पूछा - आप इतने सारे लोगों पर अपने प्रभाव का कारण क्या मानते हैं

गांधी ने उत्तर दिया- मेरा विचार है कि मेरे प्रभाव का कारण यह है कि मैं सत्य का अनुसरण करता हूँ। यही मेरा लक्ष्य है।

फिशर इस उत्तर से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वे सत्य की शक्ति को कम नहीं आँकते, लेकिन केवल सत्य का अनुसरण करना उन्हें इस प्रभाव की पूरी व्याख्या नहीं लगता।

उन्होंने गांधी से कहा कि हिटलर जैसे नेताओं ने झूठ बोलकर भी सत्ता और प्रभाव हासिल किया था। फिर गांधी के बारे में सवाल यह है कि आपके पीछे न कोई सरकार है, न पुलिस, न सत्ता का तंत्र, न कोई औपचारिक शक्तिय फिर आप करोड़ों लोगों को किस प्रकार प्रभावित कर सके कि वे अपना आराम, अपना समय और यहाँ तक कि अपना जीवन भी त्यागने को तैयार हो गए।

गांधी ने उत्तर दिया- सत्य केवल शब्दों की बात नहीं है। वास्तव में सत्य का अर्थ है सत्य को अपने जीवन में जीना। इसके बाद गांधी ने कहा कि यह सही है कि उनके पास बहुत साधन नहीं हैं, उनकी शिक्षा भी बहुत बड़ी नहीं है और वे बहुत अधिक पढ़ते भी नहीं हैं।
फिशर ने फिर एक दूसरा अनुमान रखा- क्या ऐसा तो नहीं कि जब गांधी भारत की स्वतंत्रता की बात करते हैं, तो वे उस बात को व्यक्त करते हैं जिसे करोड़ों भारतीय पहले से अपने मन में महसूस कर रहे हैं

गांधी ने कहा -हाँ, शायद ऐसा ही है।
लेकिन इस पूरे संवाद का सबसे महत्वपूर्ण उत्तर वही है जो गांधी ने पहले दिया था- मैं सत्य का अनुसरण करता हूँ। यही मेरा लक्ष्य है।

और जब फिशर ने सत्ता के साधनों के बिना गांधी के प्रभाव का रहस्य पूछा, तो गांधी ने उस उत्तर को और गहरा करते हुए कहा- सत्य केवल शब्दों की बात नहीं हैय सत्य को अपने जीवन में जीना ही असली बात है।
यही गांधी की शक्ति का सार था।

दुनिया के बड़े नेताओं के पास राज्य की शक्ति थी। गांधी के पास राज्य की शक्ति नहीं थी। उनके पास सत्य को अपने जीवन में उतारने की शक्ति थी। और लुई फिशर की दृष्टि में, गांधी के समान लोगों के मन पर प्रभाव डालने वाला गैर-सरकारी व्यक्ति केवल कार्ल मार्क्स था।

*शिवानन्द 6 सितंबर 26*

# तेज बारिश का पानी- हर बार वही कहानी


रत्नेश मिश्र

बारिश की हर बौछार मिलेनियम सिटी को घुटनों पर ला देती है। करोड़ों के फ्लैट, इंफ्रास्ट्रक्चर कौड़ियों का ! एक तरफ गगनचुंबी इमारतें, बड़ी-बड़ी इंटरनेशनल कंपनियों के चमकते दफ्तर और देश भर से आकर बसे लाखों लोगों के सपने...दूसरी तरफ चंद घंटों की बारिश। उसके बाद तालाब बनी सड़कें, घंटों लंबा ट्रैफिक जाम और गाड़ियों में लाचार बैठे लोग। देश के कथित सुपर-स्मार्ट शहर गुरुग्राम की हर मानसून की कड़वी हकीकत है। गुरुग्राम ने ही नहीं दिल्ली-एनसीआर के तमाम इलाकों ने हाल के दिनों में इसका फिर अनुभव किया है।
सवाल यह है कि हर साल मानसून आने के बाद हमें यही कहानी क्यों दोहरानी पड़ती है। क्या इसके लिए सिर्फ असामान्य बारिश को जिम्मेदार माना जा सकता है । शायद नहीं। मौसम में बदलाव के कारण कम समय में अधिक बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं लेकिन समस्या सिर्फ आसमान से गिरने वाले पानी की मात्रा की नहीं है। असली सवाल यह है कि शहर उस पानी को संभालने के लिए कितना तैयार है

शहरों का तेजी से विस्तार हुआ है। खेत, खाली जमीन, तालाब, झीलें और प्राकृतिक जलधाराएं सिकुड़ती गईं। उनकी जगह सीमेंट और कंक्रीट ने ले ली। नतीजा यह हुआ कि जो पानी पहले जमीन में धीरे-धीरे समा जाता था, उसके लिए अब रास्ता कम बचा है। वह सड़कों पर बहता है और थोड़ी देर में जलभराव का रूप ले लेता है। विशेषज्ञ भी शहरी बाढ़ के पीछे कंक्रीटीकरण, प्रातिक जल निकायों के नुकसान और कमजोर ड्रेनेज व्यवस्था को प्रमुख कारण मानते हैं।

दिल्ली जैसे महानगर में समस्या और गंभीर है। यहां बारिश का पानी निकालने वाली नालियां और ड्रेनेज व्यवस्था अलग-अलग एजेंसियों से जुड़ी हैं। सड़क किसी एक एजेंसी की, नाला दूसरी एजेंसी का और उसके आसपास का विकास किसी तीसरी संस्था के अधिकार क्षेत्र में। जब पानी भरता है तो जिम्मेदारी तय करना भी मुश्किल हो जाता है। हमारी शहरी व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिम्मेदारी कई की और जवाबदेही किसी की नहीं।

हर साल मानसून से पहले नालों की सफाई के दावे होते हैं। तस्वीरें जारी होती हैं। मशीनें दिखाई जाती हैं। बैठकें होती हैं। लेकिन पहली बड़ी बारिश उन तैयारियों की वास्तविकता सामने रख देती है।

हाल ही में दिल्ली में जलभराव के मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई भी हुई। 25 अगस्त को हुई बारिश तेज बारिश की वजह से गंभीर जलभराव के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने नई दिल्ली वालों से बाकायदा दिली माफी मांगी थी। इसी तरह 2 सितंबर को गुरुग्राम के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भी जलभराव से हुई दिक्कतों को लेकर गुरुग्रामवासियों से माफी मांगी थी। यह बताता है कि प्रशासन अब लापरवाही को लेकर जवाबदेही तय करने की कोशिश कर रहा है।

सवाल केवल एक आला अधिकारी या जनप्रतिनिधि द्वारा माफी मांगने का नहीं है। नई दिल्ली की स्थिति देश के अन्य शहरों की तुलना में वैसे भी बिल्कुल अलग है क्योंकि यह देश की राजधानी है और देश का चेहरा है। दो दिन पहले नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में भी पानी भर गया था।

> **जलभराव में क्यों डूब जाती है शहरी नियोजन व्यवस्था**
>
> **बारिश को रोका नहीं जा सकता। मौसम को आदेश नहीं दिया जा सकता, लेकिन पानी को रास्ता जरूर दिया जा सकता है। इसलिए जब बारिश हो और सड़क पर पानी भर जाए तो केवल यह सवाल न पूछा जाए कि इतनी बारिश क्यों हुई, सवाल यह भी पूछा जाए कि इतनी बारिश के पानी के लिए शहर ने रास्ता क्यों नहीं बनाया । क्योंकि जलभराव सिर्फ पानी का संकट नहीं है। यह हमारे शहरी नियोजन, प्रशासनिक जवाबदेही और विकास की सोच का आईना है।**

12- 13 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होना है, जिसमें दुनिया भर से सैकड़ो मेहमान दिल्ली आएंगे। यदि उसे वक्त बारिश की वजह से कहीं जल भराव हुआ तो बदनामी पूरे देश की होगी। ऐसी स्थिति में यह जरूरी है कि नई दिल्ली को जलभराव की समस्या से निपटने के लिए फूलप्रूफ इंतजाम करने होंगे। गुरुग्राम भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का हब है। यहां भी देश-विदेश के तमाम पेशेवरों का जमावड़ा हमेशा रहता है।

हमें यह तय करना होगा कि जलभराव को हर साल आने वाली प्राकृतिक आपदा मानना है या इसे शहरी प्रशासन की स्थायी समस्या के रूप में लेना है। अगर कोई सड़क हर बारिश में डूबती है तो वहां सिर्फ पंप लगाकर पानी निकाल देना समाधान नहीं हो सकता। वहां यह पता लगाना होगा कि पानी आता कहां से है, जाता कहां है और बीच में रुकता क्यों है इसी तरह अंडरपास बनाते समय केवल सड़क यातायात को ध्यान में रखना पर्याप्त नहीं है। यह भी देखना होगा कि अत्यधिक बारिश की स्थिति में वहां पानी की निकासी कैसे होगी। बड़े-बड़े फ्लाईओवर और एक्सप्रेसवे बनाने से पहले उनके आसपास की प्राकृतिक जलनिकासी व्यवस्था का अध्ययन तो होता ही होगा लेकिन उसे पर ठीक से अमल अपने आप पर बड़ा सवाल है।

दूसरी बड़ी जरूरत है, शहर को पानी के खिलाफ नहीं, पानी के साथ जीना सीखना होगा। तालाबों और झीलों को बचाना होगा। वर्षाजल संचयन भवन निर्माण की औपचारिक शर्त तो है, लेकिन इस शर्त को अनिवार्य रूप से लागू करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। पार्कों और खुले क्षेत्रों को पूरी तरह कंक्रीट से ढकने की प्रवृत्ति रोकनी होगी। जहां संभव हो, पानी को जमीन में उतारने की व्यवस्था करनी होगी।

तकनीक भी इस समस्या का बड़ा समाधान बन सकती है। बारिश की रियल टाइम जानकारी, जलस्तर सेंसर, ट्रैफिक निगरानी और स्थानीय स्तर पर चेतावनी प्रणाली को एक साथ जोड़कर यह पता लगाया जा सकता है कि अगले एक-दो घंटे में कौन-सा इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकता है।

कुछ महानगरों में स्थानीय स्तर की बाढ़ चेतावनी प्रणालियों पर काम भी हुआ है लेकिन तकनीक अकेले समस्या का समाधान नहीं करेगी। सबसे पहले राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति जरूरी है। नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। नालियों में कूड़ा डालना, जलनिकासी के रास्तों पर अतिक्रमण करना और हर खाली जमीन को निर्माण के लिए इस्तेमाल करना समस्या को बढ़ाता है।

बारिश को रोका नहीं जा सकता। मौसम को आदेश नहीं दिया जा सकता लेकिन पानी को रास्ता जरूर दिया जा सकता है। इसलिए जब बारिश हो और सड़क पर पानी भर जाए तो केवल यह सवाल न पूछा जाए कि इतनी बारिश क्यों हुई सवाल यह भी पूछा जाए कि इतनी बारिश के पानी के लिए शहर ने रास्ता क्यों नहीं बनाया । क्योंकि जलभराव सिर्फ पानी का संकट नहीं है। यह हमारे शहरी नियोजन, प्रशासनिक जवाबदेही और विकास की सोच का आईना है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# सैमसंग ने गैलेक्सी टैब एस 10 प्लस पर पेश किए खास फेस्टिव ऑफर्स

सैमसंग ने आज भारत में त्योहारों से पहले अपने फ्लैगशिप टैबलेट गैलेक्सी टैब एस 10 प्लस पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की। इसमें अत्याधुनिक हार्डवेयर और एआई से चलने वाले फीचर, दोनों हैं। इससे यह उन पेशेवरों, रचनात्मक लोगों और तकनीक के शौकीनों के लिए सही विकल्प बन जाता है, जो काम, मनोरंजन और स्मार्ट होम संभालने, तीनों के लिए एक ही उपकरण चाहते हैं।

गैलेक्सी टैब एस 10 पल्स में 31.47 सेमी का डायनैमिक एमोलेड 2 एक्स डिस्प्ले है, जिसमें एंटी-रिफ्लेक्टिव तकनीक दी गई है, ताकि रंग चटख दिखें और चमक आंखों में न चुभे। दस्तावेज पर काम करना हो, प्रेजेंटेशन देखना हो या कुछ स्ट्रीम करना हो, यह डिस्प्ले हर बार डुबो देने वाला अनुभव देता है। इसमें चार स्पीकर हैं, जिन्हें एआई से चलने वाले डायलग बूस्ट का साथ मिलता है, जिससे आवाज साफ सुनाई देती है। साथ ही आईपी68 रेटिंग और आर्मर एल्युमीनियम की बनावट इसे रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए मजबूत बनाती है।

इसके साथ आने वाला एस पेन काम और क्रिएटिविटी, दोनों के लिए नई राहें खोलता है। बैठक में कोई विचार लिख लेना हो, किसी दस्तावेज पर टिप्पणी करनी हो या कोई खाका खींचना हो, एस पेन टैबलेट के साथ काम करने का सहज तरीका देता है। नोट असिस्ट एआई की मदद से बोली गई बातों को अपने आप लिखता है और उनका सार भी तैयार करता है, यानी लंबी चर्चा या लंबे व्याख्यान को व्यवस्थित नोट में बदल देता है। पीडीएफ ओवरले ट्रांसलेशन से पीडीएफ का अनुवाद बिना अटके, स्क्रीन पर ही एक परत के रूप में मिल जाता है, जिससे कई भाषाओं के दस्तावेज संभालना आसान हो जाता है। हैंडराइटिंग हेल्प हाथ से लिखे नोट को साफ-सुथरा कर देता है, ताकि वे बेहतर तरीके से सहेजे जा सकें और आसानी से पढ़े जा सकें।
गैलेक्सी टैब एस 10 प्लस रोजमर्रा के कामों को भी आसान बनाता है। गूगल के सर्किल टू सर्च से इस्तेमाल करने वाले ऐप बदले बिना, स्क्रीन पर ही किसी चीज को खोज या अनुवाद कर सकते हैं। यह फीचर किसी विषय पर जानकारी जुटाने, पढ़ते-पढ़ते कुछ देख लेने या तुरंत कोई पाठ अनुवाद करने में मदद करता है। एआई वाले एयर कमांड से गैलेक्सी एआई असिस्टेंट के फीचर तक तुरंत पहुंच मिलती है।

# बिहार में बाढ़ पीड़ितों की व्यथा : किसको सुनाऊँ, कौन सुनेगा, इसलिए चुप रहते हैं


प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

किसको सुनाऊँ, कौन सुनेगा... इसलिए चुप रहते हैं।

बिहार में बाढ़ कोई नई त्रासदी नहीं है। हर वर्ष बारिश आती है, नदियां उफनती हैं, तटबंधों पर दबाव बढ़ता है और देखते ही देखते हजारों-लाखों परिवारों की जिंदगी पानी के हवाले हो जाती है। खेत डूब जाते हैं, घरों में पानी घुस जाता है, सड़कें टूट जाती हैं, विद्यालयों में पढ़ाई ठप हो जाती है और रोज कमाकर खाने वाले परिवारों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। लेकिन बाढ़ का पानी उतर जाने के बाद भी पीड़ितों की जिंदगी में पसरा संकट जल्दी नहीं उतरता।

सबसे बड़ी विडंबना यही है कि बाढ़ का पानी दिखाई देता है, लेकिन बाढ़ पीड़ितों का दर्द अक्सर दिखाई नहीं देता।
नाव पर बैठा वह परिवार, जिसकी पूरी गृहस्थी कुछ बोरियों में सिमट गई है, अपने छोटे बच्चे को गोद में लेकर उंची जगह की तलाश करती वह मांय पानी में खड़े होकर अपने घर और खेत को डूबते हुए देखता किसान, पशुओं के लिए चारा जुटाने की चिंता में भटकता गरीब, बीमारी, भूख और असुरक्षा के बीच रात गुजारता बुजुर्ग , इन सबकी पीड़ा को आखिर किस शब्द में लिखा जाए।

वे शायद इसलिए चुप हैं कि उन्हें लगता है किसको सुनाऊँ कौन सुनेगा।

बाढ़ के दिनों में राहत की घोषणाएं होती हैं। प्रशासनिक तैयारियों की खबरें आती हैं। नावें चलती हैं, सामुदायिक रसोई शुरू होती हैं, राहत सामग्री पहुंचाने की बातें होती हैं। अधिकारी निरीक्षण करते हैं और जनप्रतिनिधि भी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हैं। यह सब जरूरी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या राहत केवल कुछ दिनों की व्यवस्था का नाम है क्या बाढ़ पीड़ितों का दर्द सिर्फ तब तक दिखाई देता है, जब तक पानी लोगों के घरों में खड़ा रहता है

बाढ़ उतरती है, लेकिन गरीब की परेशानी नहीं उतरती। पानी उतरने के बाद असली संघर्ष शुरू होता है। घर में रखा अनाज खराब हो चुका होता है। कपड़े और बिस्तर सड़ चुके होते हैं। मिट्टी का घर कमजोर पड़ चुका होता है। खेत में लगी फसल बर्बाद हो जाती है। मवेशियों के लिए चारा नहीं होता। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। रोज कमाने और रोज खाने वाले परिवार के सामने कई दिनों तक रोजगार का संकट बना रहता है।

एक किसान के लिए फसल सिर्फ फसल नहीं होती। उसमें उसकी कई महीनों की मेहनत, बच्चों की पढ़ाई की उम्मीद, बेटी की शादी का सपना और परिवार के भविष्य की सुरक्षा जुड़ी होती है। जब वही फसल पानी में डूबती है तो केवल खेत नहीं डूबता, एक परिवार का सपना डूबता है।

जिस मजदूर का घर पानी में घिर जाता है, उसके सामने सिर्फ रहने की जगह का सवाल नहीं होता। उसके सामने रोजगार का सवाल होता है। वह अपने परिवार को लेकर कहां जाए बच्चों को क्या खिलाए पशुओं को कहां बांधे वापस घर लौटे तो घर बचा भी है या नहींयह अनिश्चितता उसे भीतर से तोड़ देती है।
और सबसे दुखद स्थिति तब होती है जब पीड़ित अपनी समस्या बताने के लिए बार-बार दरवाजे खटखटाता है, लेकिन उसे सिर्फ आश्वासन मिलता है।
आश्वासन पेट नहीं भरता।
घोषणा घर नहीं बनाती।
कागज पर दर्ज राहत दर्द कम नहीं करती।
बाढ़ पीड़ितों को दया नहीं, अधिकार चाहिए। उन्हें केवल राहत की तस्वीरें नहीं, राहत का वास्तविक लाभ चाहिए। उन्हें ऐसी व्यवस्था चाहिए जिसमें संकट की घड़ी में उन्हें अपने अधिकार के लिए बार-बार किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े।
बिहार की नदियां जीवन भी देती हैं और विनाश भी। गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, कमला, महानंदा जैसी नदियां राज्य की पहचान हैं, लेकिन इनके किनारे रहने वाली आबादी के लिए हर साल बरसात एक नई परीक्षा लेकर आती है। वर्षों से बाढ़ नियंत्रण, तटबंधों की मजबूती, जल निकासी और पुनर्वास की योजनाओं पर चर्चा होती रही है। फिर भी हर वर्ष वही तस्वीरें लौट आती हैंडूबी सड़कें, जलमग्न गांव, नावों में बैठे परिवार, छतों पर शरण लिए लोग और पानी में खड़े विद्यालय।

सवाल योजनाओं की कमी का ही नहीं है, सवाल उनके प्रभावी क्रियान्वयन का भी है।

बाढ़ के समय सबसे अधिक परेशानी बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार लोगों को होती है। जिन घरों में शौचालय और स्वच्छ पानी की व्यवस्था नहीं रह जाती, वहां स्वास्थ्य संकट तेजी से बढ़ सकता है। दूषित पानी से बीमारी का खतरा बढ़ता है। छोटे बच्चों की दिनचर्या बिगड़ती है। गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए चिकित्सा सुविधा तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है।

ऐसे समय में राहत शिविर या सामुदायिक रसोई केवल भोजन देने की जगह नहीं होनी चाहिए। वहां स्वच्छ पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाएं, महिलाओं के लिए सुरक्षित व्यवस्था और बच्चों के लिए विशेष ध्यान भी जरूरी है।

क्योंकि बाढ़ केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, यह मानवीय संवेदना की भी परीक्षा है।

विद्यालयों की स्थिति भी चिंता का विषय है। जब स्कूल परिसर पानी में डूब जाते हैं तो केवल भवन बंद नहीं होता, बच्चों की शिक्षा की निरंतरता टूटती है। जिन बच्चों के परिवार पहले से आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं, उनके लिए पढ़ाई से दूर होना भविष्य के लिए बड़ा नुकसान बन सकता है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा को राहत व्यवस्था का हिस्सा मानकर वैकल्पिक व्यवस्था पर गंभीरता से काम होना चाहिए।

किसी बच्चे की किताब पानी में बह जाना शायद हमारे लिए छोटी घटना हो, लेकिन उस बच्चे के लिए वह उसके भविष्य का एक हिस्सा है।
इसी तरह पशुपालकों की पीड़ा भी अक्सर चर्चा से बाहर रह जाती है। जिन परिवारों की जीविका पशुओं पर निर्भर है, उनके लिए पशु ही पूंजी हैं। बाढ़ में चारे की कमी, पशुओं के लिए सुरक्षित स्थान और इलाज की व्यवस्था नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो जाती है। राहत व्यवस्था में पशुओं के लिए चारा और चिकित्सा सुविधा को भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बाढ़ पीड़ित कब तक हर वर्ष उसी पीड़ा को झेलते रहेंगे।
क्या हर साल बाढ़ आएगी और हम सिर्फ राहत की तैयारी करेंगे।
क्या हर साल घर डूबेंगे और हम नाव भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लेंगे।
क्या हर साल फसल बर्बाद होगी और किसान मुआवजे की उम्मीद में महीनों कार्यालयों के चक्कर लगाएगा।
क्या हर साल बच्चे स्कूल से दूर होंगे और हम इसे प्रातिक मजबूरी कहकर आगे बढ़ जाएंगे।
प्रति को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं, लेकिन आपदा से होने वाले नुकसान को कम करना निश्चित रूप से संभव है।
इसके लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों के आधार पर दीर्घकालिक नीति जरूरी है। जल निकासी की स्थायी व्यवस्था, कमजोर तटबंधों की समय पर मरम्मत, सुरक्षित उंचे स्थानों पर सामुदायिक आश्रय, बाढ़-पूर्व चेतावनी की प्रभावी व्यवस्था, स्थानीय नावों और नाविकों की सूची, स्वास्थ्य दलों की तैनाती, पशु चारा बैंक और आपातकालीन खाद्य भंडार जैसी व्यवस्थाएं केवल कागजों में नहीं, जमीन पर मजबूत होनी चाहिए।
बाढ़ आने के बाद दौड़ने से बेहतर है कि बाढ़ आने से पहले तैयारी पूरी हो।
और यहां स्थानीय समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। संकट की घड़ी में प्रशासन के साथ समाज को भी खड़ा होना होगा। जिनके पास साधन हैं, उन्हें जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। लेकिन सहायता भी सम्मान के साथ होनी चाहिए। किसी पीड़ित की मजबूरी को तमाशा बनाकर तस्वीर खींचना संवेदना नहीं है।
मदद वह है जिसमें सामने वाले की गरिमा बची रहे।
बाढ़ पीड़ितों को केवल भोजन की थाली नहीं चाहिएय उन्हें यह भरोसा भी चाहिए कि वे अकेले नहीं हैं।
उन्हें केवल नाव नहीं चाहिएय उन्हें सुरक्षित भविष्य की राह चाहिए।
उन्हें केवल मुआवजे का आश्वासन नहीं चाहिएय उन्हें ऐसी व्यवस्था चाहिए जिससे अगली बाढ़ में उनका नुकसान कम हो।
उनकी चुप्पी को उनकी सहमति मत समझिए।
जो व्यक्ति दिन-रात पानी में घिरा है, वह शिकायत करने के लिए भी ऊर्जा कहां से लाए जिसका घर डूब गया, जिसकी फसल चली गई और जिसकी रोजी बंद हो गई, वह किस दरवाजे पर दस्तक देता फिरे
शायद इसी मजबूरी से उसके भीतर एक आवाज उठती है किसको सुनाऊँ कौन सुनेगा़. इसलिए चुप रहते हैं।
यह चुप्पी खतरनाक है।
क्योंकि किसी गरीब की चुप्पी का अर्थ यह नहीं कि उसे दर्द नहीं है। किसी किसान का मौन यह नहीं बताता कि उसकी फसल का नुकसान मामूली है। किसी मां की आंखों में आंसू न दिखें तो इसका मतलब यह नहीं कि उसका डर खत्म हो गया।
कई बार इंसान इतना थक जाता है कि शिकायत करना भी छोड़ देता है।
यही वह क्षण है जब व्यवस्था को स्वयं उसके पास जाना चाहिए।
जरूरतमंद को यह नहीं कहना चाहिए कि वह अपनी समस्या लेकर आए। व्यवस्था को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जरूरतमंद की समस्या उसके दरवाजे तक पहुंचे।
बिहार की बाढ़ हमें हर साल एक सवाल देती है हम विकास को किस नजर से देखते हैं । क्या विकास केवल सड़क, भवन और पुल का नाम है या विकास का अर्थ यह भी है कि किसी गरीब परिवार को आपदा के समय सम्मानजनक सुरक्षा मिले।
किसी गांव में सड़क बन जाने से विकास पूरा नहीं होता, अगर बरसात में वही गांव महीनों कट जाए।
किसी स्कूल की नई इमारत बन जाने से शिक्षा पूरी नहीं होती, अगर बाढ़ के समय बच्चों की पढ़ाई का कोई वैकल्पिक इंतजाम न हो।
किसी किसान को बीज उपलब्ध करा देने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती, अगर उसकी फसल बार-बार बाढ़ में डूबती रहे और उसके पास जोखिम से बचने का कोई साधन न हो।
विकास की असली कसौटी वही है जहां सबसे कमजोर व्यक्ति सुरक्षित महसूस करे।
आज जरूरत है कि बाढ़ को केवल मौसमी खबर मानना बंद किया जाए। इसे बिहार की स्थायी चुनौती के रूप में देखा जाए। बाढ़ प्रभावित परिवारों की आवाज को नीति निर्माण का हिस्सा बनाया जाए। स्थानीय लोगों के अनुभव को महत्व दिया जाए। जो गांव हर साल डूबते हैं, उनकी वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक और मानवीय अध्ययन हो।
क्योंकि बाढ़ का पानी सिर्फ नक्शे पर नहीं फैलता, वह लोगों की जिंदगी में फैलता है।
वह किसी की रसोई में घुसता है, किसी की किताब में घुसता है, किसी के खेत में घुसता है, किसी के सपनों में घुसता है।
और जब पानी उतरता है तो पीछे छोड़ जाता हैकीचड़, बीमारी, कर्ज, बेरोजगारी और टूटे हुए सपने।
इसलिए बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा को सिर्फ एक मौसम की खबर बनाकर भुला देना अन्याय होगा।
आज जरूरत है कि सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और आम नागरिक मिलकर यह संकल्प लें कि बाढ़ के समय कोई परिवार भूखा न रहे, कोई बीमार व्यक्ति इलाज से वंचित न हो, कोई बच्चा शिक्षा से पूरी तरह कट न जाए और किसी किसान की बर्बादी को केवल आंकड़ा बनाकर फाइल में बंद न कर दिया जाए।
आंकड़ों के पीछे इंसान हैं।
राहत सूची के पीछे परिवार हैं।
मुआवजे के पीछे किसी की पूरी जिंदगी की मेहनत है।
बाढ़ पीड़ितों को सहानुभूति चाहिए, लेकिन उससे कहीं अधिक संवेदनशील और जवाबदेह व्यवस्था चाहिए।
उनकी आवाज सुनी जानी चाहिएतब, जब पानी गांव में प्रवेश कर रहा होय तब भी, जब पानी उतर रहा होय और तब भी, जब कैमरे और खबरें वहां से लौट चुकी हों।
क्योंकि असली परीक्षा आपदा के दौरान दिखाई देने में नहीं, आपदा के बाद भी साथ खड़े रहने में है।
बिहार की बाढ़ हमें यह याद दिलाती है कि नदी का पानी कभी भेदभाव नहीं करता, लेकिन उसका नुकसान गरीब को सबसे अधिक झेलना पड़ता है। इसलिए राहत और पुनर्वास में सबसे पहले उन्हीं लोगों की चिंता होनी चाहिए, जिनके पास संकट से लड़ने के साधन सबसे कम हैं।
आइए, बाढ़ पीड़ितों की चुप्पी को आवाज दें।
उनके दर्द को आंकड़ा नहीं, इंसान समझें।
उनकी मजबूरी को तमाशा नहीं, जिम्मेदारी समझें।
और ऐसा बिहार बनाएं जहां बाढ़ आए तो प्रति की चुनौती से लड़ने की तैयारी हो, लेकिन किसी गरीब को यह कहने की मजबूरी न हो
किसको सुनाऊँ कौन सुनेगा़. इसीलिए चुप रहते हैं।
क्योंकि लोकतंत्र में सबसे कमजोर की आवाज अगर नहीं सुनी गई, तो सबसे ऊंची आवाज भी अधूरी है।
बाढ़ का पानी उतर जाएगा, लेकिन सवाल वहीं रहेगाक्या हम पीड़ितों की जिंदगी में भी राहत पहुंचा पाए
यही सवाल सरकार से भी है, समाज से भी और हम सबकी संवेदना से भी।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## एडवांस बुकिंग को मिला शानदार रिस्पॉन्स

# अमेरिका से न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया तक, नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी की बोहरूपी : द गोल्डन डाकू ने मचाई इंटरनेशनल धूम

***नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी*** की बहुप्रतीक्षित बंगाली फिल्म बोहरूपी : द गोल्डन डाकू की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। दुर्गा पूजा के खास मौके पर रिलीज होने जा रही इस फिल्म ने इंटरनेशनल मार्केट में भी अपनी मजबूत पकड़ बनानी शुरू कर दी है। अमेरिका के बाद अब अस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भी फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। घोषणा के बाद से ही नंदिता रय और शिबोप्रसाद मुखर्जी की इस फिल्म को दुनियाभर में बसे बंगाली दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता मिल रही है। अमेरिका में एडवांस बुकिंग शुरू होने के बाद अब अस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भी बुकिंग खुलना फिल्म के बढ़ते इंटरनेशनल क्रेज को दर्शाता है।




फिल्म की यह इंटरनेशनल हलचल भारत में इसके थिएट्रिकल रिलीज से पहले देखने को मिल रही है, जो इसे इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित बंगाली फिल्मों में से एक बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। बड़े कैनवास, हाई-स्टेक्स कहानी और बोहरूपी यूनिवर्स की वापसी के साथ फिल्म ने पहले ही दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा कर दिया है। वहीं, विदेशों में शुरू हुई एडवांस बुकिंग इस बात का संकेत है कि फिल्म को लेकर उत्सुकता बंगाल और भारत की सीमाओं से कहीं आगे तक पहुँच रही है।

इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए नंदिता रय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने कहा,यूएसए में एडवांस बुकिंग शुरू होने के बाद अब बोहरूपी : द गोल्डन डाकू की एडवांस बुकिंग अस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भी शुरू हो गई है। यह पहली बार है जब हमारी किसी फिल्म को इस तरह का शानदार इंटरनेशनल रिस्पन्स मिला है। हम इसके लिए बेहद आभारी हैं कि बंगाली सिने क्लब अस्ट्रेलिया ने इसे संभव बनाया और फिल्म को अपना समर्थन दिया।

फिल्म में एक्शन, इमोशन, मिस्ट्री और लार्जर-दैन-लाइफ स्टोरीटेलिंग का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा। शिबोप्रसाद मुखर्जी एक कुख्यात डाकू की भूमिका में नजर आएँगे, जबकि जीशु सेनगुप्ता एक दमदार पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, सोहिनी सरकार एक बार फिर दर्शकों की पसंदीदा झिमली के किरदार में वापसी कर रही हैं, हालाँकि इस बार उनके किरदार के कई नए पहलू देखने को मिलेंगे।

दुर्गा पूजा 2026 के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही बोहरूपी : द गोल्डन डाकू की इंटरनेशनल एडवांस बुकिंग ने फिल्म के बढ़ते कद को और मजबूत कर दिया है। अमेरिका से लेकर अस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तक, द गोल्डन डाकू अब सरहदें पार कर दुनिया भर के दर्शकों तक अपनी कहानी पहुँचाने के लिए तैयार है।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# म्यूटेशन-परिमार्जन के मामलों का समय पर करें निष्पादन : डीएम

## क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रतिदिन आम लोगों से मिलें, विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों का करें निरीक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को ड़ राजेंद्र प्रसाद भवन के सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, डीडीसी ड प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता राजष्ण झा सहित जिलास्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, बीडीओ एवं सीओ उपस्थित रहेस बैठक में नीलामपत्र वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले दो माह में नीलामपत्र मामलों के निष्पादन में काफी प्रगति हुई है। सभी नीलामपत्र पदाधिकारी इसी गति को बनाए रखें। उन्होंने वारंट एवं नोटिस की तामिला संबंधित व्यक्ति को सही तरीके से कराने तथा उसका रिकर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। बडी वारंट से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेने को भी कहा।राजस्व महाभियान की समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी राजस्व पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को म्यूटेशन, परिमार्जन एवं मापी से संबंधित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व महाभियान से संबंधित डैशबोर्ड तैयार कर प्रतिदिन की उपलब्धियों का डाटा अपलोड करने को कहा।


जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक करते डीएम, एडीएम व डीडीसी।

डीएम ने कहा कि जिले में प्राप्त होने वाली अधिकांश शिकायतें म्यूटेशन, परिमार्जन एवं मापी से संबंधित हैं। ऐसे में अंचलाधिकारी इन मामलों पर विशेष ध्यान दें और लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आम लोगों के फोन रिसीव करने और उनकी समस्याएं सुनकर समाधान करने का निर्देश दिया।
जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों को प्रतिदिन आम लोगों से मिलने के लिए समय निर्धारित करने तथा उस अवधि में कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहने को कहा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया। सरकारी योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता पर भी क्षेत्रीय पदाधिकारी ध्यान दें। साथ ही नवस्थापित डिग्री कलेजों का नियमित रूप से भ्रमण कर वहां की स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया।

## एक किलो से अधिक चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी(एनएसबी)** । नेपाल से भारत में चरस की तस्करी की सूचना पर 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 1005 किलोग्राम चरस बरामद की गई। कार्रवाई 7 अगस्त को सैनिक रोड के समीप की गई।एसएसबी की सीमा चौकी चंद्रमण को नेपाल से भारत की ओर चरस लाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना बिहार पुलिस के साथ साझा कर एसएसबी एवं पुलिस के तीन कर्मियों की संयुक्त नाका टीम गठित की गई। टीम ने सैनिक रोड के समीप नाका लगाया। इसी दौरान नेपाल की ओर से मोटरसाइकिल से भारत की तरफ आ रहे एक संदिग्ध युवक पर नजर पड़ी। उसके हाथ में नारंगी रंग का नायलन कैरी बैग था।नाका टीम को देखते ही संदिग्ध ने मोटरसाइकिल की गति बढ़ाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन जवानों ने कुछ ही दूरी पर उसे रोक लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मेवालाल राम, निवासी झिटकहिया, थाना आदापुर, पूर्वी चंपारण बताया। तलाशी के दौरान उसके बैग से नीले प्लास्टिक में लिपटे दो पैकेट मिले। जांच एवं वजन करने पर एक पैकेट में 500 ग्राम और दूसरे में 505 ग्राम, कुल 1005 किलोग्राम चरस बरामद हुई।पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वह चरस नेपाल के सतगंज से लेकर आया था और इसे झिटकहिया निवासी बलराम गिरि को सौंपना था। गिरफ्तार आरोपी, मोटरसाइकिल एवं जब्त मादक पदार्थ को अग्रेतर कानूनी कार्रवाई के लिए थाना महुआवा को सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी थी।


गिरफ्ताार तस्कर व पुलिस।

## नशा मुक्ति अभियान की निगरानी को ले जिला व प्रखंड स्तर पर कमेटियां गठित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नेशनल एक्शन प्लान फर ड्रग डिमांड रिडक्शन (छ।च्क्क्) एवं नशा मुक्त भारत अभियान (छडठ।) के प्रभावी क्रियान्वयन और मादक पदार्थों की मांग में कमी लाने संबंधी गतिविधियों के सतत अनुश्रवण के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर ड्रग डिमांड रिडक्शन कमेटियों का गठन किया गया है। अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर कमेटी की अध्यक्षता जिलाधिकारी तथा प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी करेंगे।जिला स्तरीय कमेटी में पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अधीक्षक मद्य निषेध सहित समाज कल्याण, कल्याण एवं युवा एवं कौशल विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। वहीं प्रखंड स्तरीय समिति में बीडीओ, सीओ, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, संबंधित थाना अध्यक्ष, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, आवास पर्यवेक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ तथा संबंधित नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी को नामित किया गया है। समितियां नशे के खिलाफ जागरूकता, रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और क्षमता निर्माण से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा करेंगी। साथ ही संवेदनशील एवं उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर केंद्रित हस्तक्षेप, विभागों के बीच समन्वय, उपचार व पुनर्वास सुविधाओं की समीक्षा तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया जाएगा। जिला एवं प्रखंड स्तरीय समितियों की बैठक प्रत्येक माह कम से कम एक बार होगी। विभागीय निर्देश के अनुसार जिला स्तरीय बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार और प्रखंड स्तरीय बैठक द्वितीय बुधवार को आयोजित की जाएगी। अवकाश होने पर बैठक अगले कार्यदिवस में होगी। बैठक की कार्रवाई जिला सामाजिक सुरक्षा कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी, जिसे समेकित कर समाज कल्याण विभाग, पटना को भेजा जाएगा।

## ट्रक की चपेट में आने से छात्र की मौत, सड़क जाम

### स्कूल से लौटते समय हादसा, आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

**पहाड़पुर(एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के मिश्राइन टोला बाजार चौक के समीप सोमवार दोपहर करीब दो बजे मलाही-गहरी मुख्य मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में 10 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान मिश्राइन टोला निवासी ष्णा साह के पुत्र राज कुमार के रूप में हुई है। वह राजकीय मध्य विद्यालय सरेया मिश्राइन टोला खास में कक्षा तीन का छात्र था।जानकारी के अनुसार, राज कुमार सोमवार को स्कूल में लंच के लिए घर आया था। लंच करने के बाद वह वापस स्कूल लौट रहा था। इसी दौरान मुख्य सड़क पर एक ट्रक की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि छात्र की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। बेटे की मौत की खबर सुनकर पिता ष्णा साह का रो-रोकर बुरा हाल है। मां चंदा देवी समेत अन्य परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। बताया गया कि राज कुमार तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा थाआक्रोशित लोगों ने सड़क किया जाम हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया और घटना में जिम्मेदार वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। सड़क जाम होने से मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है।


विलाप करते परिजन।

## गुरु की सख्ती शिष्यों के नव निर्माण के लिए होती है : प्रो मृगेंद्र

**मोतिहारी (एनएसबी)।** शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के बीएड विभाग में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (ड) मृगेंद्र कुमार, बीएड विभागाध्यक्ष ड प्रमोद कुमार राय, ड के के सिन्हा, ड प्रियरंजन झा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य प्रो मृगेंद्र कुमार ने छात्र छात्राओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि शिक्षक को कभी कभी छात्र छात्राओं के चरित्र निर्माण,भविष्य निर्माण के लिए सख्त भी होना पड़ता है इसका मतलब यह नहीं कि शिक्षक छात्रों का भला नहीं चाहते। उन्होंने गुरु शिष्य की महिमा का बखान करते हुए बताया कि शिष्य कुम्हार की उस बेडौल कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं जिसे शिक्षक तरास कर एक सही आकार देते हैं। बीएड विभागाध्यक्ष ड प्रमोद कुमार राय ने शिक्षार्थियों को अनुशासित एवं संयमित रहने की सीख दी। इस अवसर पर सहायक सहायक प्राध्यापक ड मधुलिका कुमारी, ड मधुबाला मौर्या, ड जयंती झा,जलेश्वर कुमार, रविरंजन,सनी,प्रिंस,प्रभाकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षु विवेक ,विकास ,सिमरन ,अस्मिता ,विनोद ,विक्रांत ,हिमांशु, अपूर्व केशव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


छात्रों को संबोधित करते प्राचार्य।

# एलआईसी के उत्कृष्ट अभिकर्ता व अधिकारी सम्मानित, बीमा सप्ताह समापन समारोह में डीएम ने एलआईसी के 70 वर्षों के सफर को सराहा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की मोतिहारी शाखा में सोमवार को बीमा सप्ताह का समापन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, मुख्य प्रबंधक दिवाकर चौधरी, मैनेजर एडमिन अनवार आलम, सहायक शाखा प्रबंधक एजेंसी पुष्कर शाकंभरी, सुनील कुमार एवं विकास अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।समारोह को संबोधित करते हुए डीएम सौरभ सुमन यादव ने एलआईसी के 70 वर्षों के गौरवशाली इतिहास की सराहना की। उन्होंने कहा कि एलआईसी ने अपने कार्यों से देशभर में लोगों का विश्वास अर्जित किया है। उन्होंने एलआईसी के अधिकारियों एवं अभिकर्ताओं को बधाई देते हुए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने तथा संस्था को सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएम व अन्य।

समारोह के दौरान वित्तीय एवं बीमा सेवाओं में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 से अधिक अभिकर्ताओं, विकास अधिकारियों, लिका एवं सीएलआईए को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने सम्मानित लोगों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया। सम्मानित होने वालों में राजीव रंजन कुमार, नवनीत कुमार, शीला कुमारी, दिलीप कुमार दुबे, मनोज कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद प्रसाद गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य प्रबंधक दिवाकर चौधरी ने की। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विकास अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने किया। समारोह में एलआईसी के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में अभिकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तकनीकी सहायक के रिक्त पद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु प्रमाण-पत्र सत्यापन की तिथि निर्धारित’

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला पंचायती राज पदाधिकारी, दरभंगा पवन कुमार ने बताया कि निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में तकनीकी सहायक के रिक्तपद पर नियोजन से संबंधित जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 29 अगस्त 2026 को आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के आलोक में तकनीकी सहायक के रिक्तपद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु चयनितधचिति अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन 11 सितंबर से 13 सितंबर 2026 तक जिला परिषद, दरभंगा के सभागार में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपने मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। संबंधित बैठक की कार्यवाही की प्रति एन आई सी दरभंगा की वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 12 सितंबर 2026 को प्रातरू 10 बजे से अपरा 4 बजे तक काउंटरवार शेष अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। वहीं, 13 सितंबर 2026 को प्रातरू 10 बजे से अपरा 4 बजे तक 11 एवं 12 सितंबर को अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के लिए प्रमाण-पत्र सत्यापन का अवसर दिया जाएगा।

### स्टेडियम की सुरक्षा के लिए एसडीएम ने एसपी को लिखा पत्र

**बेनीपुर (एनएसबी)।** जननायक कर्पूरी ठाकुर बाबा नागार्जुन स्टेडियम, बेनीपुर की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। स्टेडियम परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाने और बड़े आयोजनों के दौरान अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, बेनीपुर ने वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा से दो गृहरक्षकों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है। एसडीएम मनीष कुमार झा ने एसपी को पत्र लिखकर कहा है कि इस स्टेडियम में जिला स्तर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल और विविध कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है, जिसमें आमजन एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहती है। ऐसे में सरकारी संपत्ति की सुरक्षा हेतु गृहरक्षकों की तैनाती नितांत आवश्यक है।गौरतलब है कि इससे पूर्व 07.08.2026 को एसडीएम द्वारा वरीय जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा को भी इसी संबंध में पत्र लिखा गया था। जिसके जवाब में समादेष्टा कार्यालय के ज्ञापांक 1397, दिनांक 02.09.2026 द्वारा बताया गया कि दरभंगा जिला में विधि-व्यवस्था के अंतर्गत कुल 611 गृहरक्षकों की प्रतिनियुक्ति की स्वीति प्राप्त है और सभी 611 जवान विभिन्न थानाध्यदाधिकारियों के अधीन तैनात हैं।समादेष्टा ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि विषयांकित प्रतिनियुक्ति हेतु विधि-व्यवस्था में तैनात गृहरक्षकों का रेश्योनालिजेशन करना होगा, जिसके लिए वरीय पुलिस अधीक्षक से पत्राचार आवश्यक है। रेश्योनालिजेशन के बाद ही स्टेडियम की सुरक्षा में गृहरक्षकों की तैनाती पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी।इसी आलोक में अब अनुमंडल पदाधिकारी ने एसपी दरभंगा से आग्रह किया है कि स्टेडियम की सुरक्षा के मद्देनजर दो गृहरक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने की पा की जाय।

### आज सुबह सैदनगर तथा एकमी फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 8 सितंबर, 2026 को गावर एजेंसी के द्वारा 33ध्11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, जेल से निकलने वाली 11केवी सैदनगर फीडर एंव 11केवी एकमी फीडर में 11 केवी लाइन का शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण सैदनगर एवम एकमी फीडर का लाइन प्रातरू 5 बजे से 8 बजे पूर्वाहन तक लाइन बंद रहेगा ।प्रभावित होने वाले क्षेत्र है- एचपी गैस एजेंसी ,राजेंद्र नगर,एकमी बांध, डेंटल कलेज मिथिला नगर, जनकपुरी, हाउसिंग बोर्ड कलोनी, मिथिला नगर, खराजपुर, फ्रेंच कलोनी, सैदनगर, राजेंद्र नगर,शास्त्री नगर, शक्तिनगर, अभंडा, बसेरा कलोनी, किसान नर्सरी ,काली धाम,चित्रगुप्त नगर आदि है।

## संक्षिप्त खबरें

### मध्यस्थता से विवाद का समाधान समय व पैसे की होती है बचत

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के ग्राम कचहरी भवन, कवलपुर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के साथ-साथ विवादों के वैकल्पिक समाधान की जानकारी दी गई।प्राधिकार के अधिवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने व्यावसायिक विवादों के समाधान, मध्यस्थता एवं वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से विवाद का समाधान कराया जाता है, जिसमें किसी एक पक्ष की जीत या हार नहीं होती। दोनों पक्षों की सहमति से समझौता कराया जाता है। इससे लोगों को न्यायालय के चक्कर लगाने से राहत मिलने के साथ समय और पैसे की भी बचत होती है।शिविर में सरपंच पुनदेव सहनी, पीएलवी सिद्धांत कुमार, उपसरपंच अजमल कमाल उर्फ लाल, समाजसेवी अजय सहनी, सचिव संतोष कुमार सहित पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### नदी में डूबे अधेड़ का शव बेलागांव में बरामद

**दरियापुर (सारण)।** दरियापुर प्रखंड के दुर्बला गांव निवासी 45 वर्षीय अरुण राय के नदी में डूबने की आशंका के बाद चलाए जा रहे खोज अभियान में सोमवार अहले सुबह सफलता मिली। बेला गांव के पास नदी किनारे अरुण राय का शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि अरुण राय के नदी में डूबने की आशंका के बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम लगातार नदी में उनकी तलाश कर रही थी। नदी में पानी का बहाव अधिक होने के कारण खोज अभियान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अहले सुबह बेला गांव के पास नदी किनारे शव मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, हालांकि घटना को लेकर गांव में मातम पसरा हुआ है। प्रशासन की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ब्लड जांच रिपोर्ट में देरी, मरीज परेशान

**दरियापुर (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरियापुर में ब्लड जांच की जिम्मेदारी निजी जांच एजेंसी को दिए जाने के बावजूद मरीजों को समय पर जांच रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, विश्वम्भरपुर गांव निवासी अंशु कई दिनों से अपनी ब्लड जांच रिपोर्ट के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं। बताया गया कि 31 अगस्त को उनका खून जांच के लिए लिया गया था, जिसकी रिपोर्ट सामान्यतः दो दिनों के भीतर मिल जानी चाहिए थी। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिली। मरीज को बताया गया कि रिपोर्ट जिला स्तर से नहीं आई है। वहीं, अस्पताल में ब्लड जांच की जिम्मेदारी संभाल रही निजी एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि एजेंसी ने दरियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना कोई स्थायी कर्मचारी नहीं रखा है। ऐसे में अस्पताल का ड्रेसर ही खून का सैंपल लेने और जांच संबंधी कार्यों में लगाया जा रहा है। मरीजों का कहना है कि जांच की रिपोर्ट समय पर नहीं मिलने से इलाज में भी परेशानी हो सकती है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मामले की जांच कराकर समय पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा निजी एजेंसी द्वारा पर्याप्त कर्मचारियों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए छपरा में जागरूकता रथ रवाना

**छपरा।** आम जनमानस को सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से सोमवार, 7 सितम्बर 2026 को सुबह 10 बजे व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार (क्स्।), सारण के प्रांगण में आगामी दिनांक 12.09.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने और नागरिकों को जागरूक करने के लिए विशेष श्प्रचार वाहनश (जागरूकता रथ) श्री अनंत सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण द्वारा हरी झंडी दिखाकर विशेष प्रचार वाहनो को रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री हम्बिर सिंह बाघेल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालयय श्री सैयद मोहम्मद फजलूल बारी, जिला अपर सत्र न्यायाधीश प्रथमय श्री अनुराग कुमार त्रिपाठी,जिला अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीयय विशेष उत्पाद न्यायाधीश प्रथम, द्वितीय तृतीयय जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, श्री राजीव कुमार, तथा अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण, के अलावे पूर्णेन्दु रंजन, मुख्य लैड्स, एवं लैड्स कर्मी, क्स्।कर्मी, एवं न्यायालय कर्मी और बिहार ग्रामीण बैंक के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण करेगा। इसका मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों को लोक अदालत के माध्यम से मुकदमों के आपसी समझौते के आधार पर त्वरित और निःशुल्क निष्पादन की जानकारी देना है। लोगों को यह समझाना कि लोक अदालत में सुलझाए गए मामलों की कोई अपील नहीं होती और इससे समय व धन दोनों की बचत होती है, एवं दीवानी मामलो का न्याय शुल्क भी वापस किया जाता है। लाउडस्पीकर और पंपलेट्स के माध्यम से बैंक ऋण, दीवानी मामले दवा वाद और अन्य समनीय मामलों के साथ ट्रैफिक चालान, बिजली, पानी बिल, वन विभाग से संबंधित (ब्वउचवनदकंइसम) अपराधों के निपटारे के लिए प्रेरित करना है। वाहन को रवाना करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि ष्लोक अदालत न्याय का वह द्वार है जहाँ कोई हारता नहीं, बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है।ष उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों को जादा से जादा आपसी सहमति से समाप्त कराएं।

### पशु का इलाज एवम दवा वितरण किया गया

**मकेर।** थाना क्षेत्र के बघाकोल पंचायत के गंडक नदी के सीमावर्ती गाँव में एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गांव के पशुओँ का इलाज किया गया साथ ही दवा का वितरण किया गया । बिससूत्री अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह के नेतृत्व में मोबाइल पशु चिकित्सा1962 ने कैम्प लगाकर पशुओं का इलाज और दवा का वितरण किया गया साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगो का इलाज एवम दवा का वितरण किया गया था । इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने मंडल अध्यक्ष सह बिससूत्री अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह के कार्यो की सराहना मिली ।

### 12000 की आबादी को पहुंचाया गया सुरक्षित स्थान पर

**छपरा।** सारण जिले में 08 प्रखंडों के 39 पंचायतधगर पंचायत क्षेत्र के 121गांव बाढ़ प्रभावित, 237152 से अधिक आबादी प्रभावित है इसमें से 1200 की आबादी को निष्क्रमित कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है । 198 नाव एवं 06 बोट एंबुलेंस परिचालित, राहत शिविरों में प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध छपरा 7 सितंबर,2026 सारण जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार संचालित किए जा रहे हैं। दिनांक 07 सितंबर 2026 को 10.00 बजे प्रातः तक प्राप्त बाढ़ दैनिक स्थिति प्रतिवेदन के अनुसार जिले के 08 प्रखंडों के 39 पंचायतधगर पंचायत क्षेत्रों के 121 गांव बाढ़ प्रभावित हैं। इन क्षेत्रों में कुल 2,37152 की आबादी प्रभावित हुई है। प्रभावित आबादी में से 1,200 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर निष्क्रमित किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन एवं राहत-बचाव कार्यो के लिए 198 नावों का परिचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 06 बोट एंबुलेंस भी तथा 26 मेडिकल कैंप भी संचालित हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल टीमों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। आवश्यकता के अनुसार बीमार एवं जरूरतमंद लोगों को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इलाज किए गए मरीजों की संख्या है -2449। मिली जानकारी के मुताबिक बाढ़ पीड़ितों के लिए सारण जिले में दो बाढ़ आश्रय स्थल कार्यरत हैं। प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए 17 सामुदायिक रसोई केंद्र संचालित हैं। इसमें अब तक 24340 लोगों को भोजन कराया गया है। इसके अतिरिक्तअब तक 8945 खाद्यध्ड्राई राशन पैकेट वितरित किए गए हैं। बाढ़ राहत शिविरों में भी प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के संरक्षण एवं सुरक्षा की भी समुचित व्यवस्था की गई है। पशुओं के लिए 08 पशु आश्रय स्थल संचालित हैं, जहां 678 पशुओं को आश्रय दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मजदूरी के लिए बाहर गया युवक चार माह से लापता, मां ने थाने में दिया आवेदन

**सोनवषाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** अतलखा पंचायत के सरुआ की महादलित समुदाय की महिला भुखनी देवी ने अपने बेटे के चार माह से लापता होने को लेकर सोमवार को थाना में आवेदन देकर पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई है। आवेदन में महिला ने बताया है कि उसका 12 वर्षीय बेटा विष्णु कुमार मजदूरी के लिए बिराटपुर पंचायत के परोकिया गांव निवासी आनंद साह के साथ बाहर गया था। करीब चार माह से बेटे से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। महिला के अनुसार, उसने आनंद साह से बेटे के बारे में जानकारी मांगी तो पहले कुछ समय में वापस भेजने की बात कही गई, लेकिन बाद में कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई। महिला ने बताया कि बेटे की काफी खोजबीन करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका है। इससे परिजन चिंतित हैं। आवेदन के माध्यम से पुलिस से मामले की जांच कर लापता बेटे की खोजबीन करने की मांग की गई है।



### दरभंगा तारामंडल में आयोजित ह्यमिथिला मीटह्न में युवा क्रांति के राष्ट्रीय संयोजक बिमलेश कुमार भगत सम्मानित

**रक्तदान व मानव सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान; क्षेत्रवासियों व सामाजिक कार्यकत्ताओं में हर्ष की लहर।**

**बनमा इटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** मिथिला की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी दरभंगा स्थित तारामंडल सभागार में आयोजित भव्य ह्यमिथिला मीट-2026 (फाउंडर मेंबर्स समिट)ह्न में सहरसा जिले के बनमा इटहरी प्रखंड निवासी, चर्चित युवा समाजसेवी व युवा क्रांति सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक बिमलेश कुमार भगत को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सामाजिक सरोकारों, रक्तदान और पीड़ित मानवता की निस्वार्थ सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ह्यसोशल एक्टिविस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ भारत, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार महथा एवं राष्ट्रीय संरक्षक सुमन कुमार महासेठ के नेतृत्व में किया गया था। मंच पर बिमलेश कुमार भगत को हरियाणा (करनाल) के पूर्व आर्मी कैप्टन सुरेश सैनी द्वारा स्मृति चिह्न एवं संस्थापक सदस्य का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें संस्था की बिहार राज्य कार्यकारिणी में भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों से 200 से अधिक प्रमुख समाजसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के सामाजिक कार्यकताओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना तथा उन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और सुरक्षा उपलब्ध कराना रहा।



### अरसी में आंगनबाड़ी केंद्रों के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**सोनवषाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत पड़रिया पंचायत के अरसी में सोमवार को नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का विधिवत उद्घाटन किया गया। पड़रिया पंचायत अंतर्गत अरसी गांव के वार्ड 07 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-236 के नवनिर्मित भवन का अतिथियों ने उद्घाटन फीता काटकर किया गया। मौके पर बीडीओ अमित आनंद, मनरेगा पीओ रेजा इकबाल, सीडीपीओ प्रभा रानी, मुखिया सुलेखा देवी, मुखिया प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पीआरएस राहुल कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उद्घाटन के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी आयोजित की गई। इस दौरान महिलाओं को पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य देखभाल एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। मुखिया प्रतिनिधि मनोज शर्मा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अतिथियों ने कहा कि नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन से बच्चों को बेहतर वातावरण में प्रारंभिक शिक्षा, पोषण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस दौरान केंद्र की सेविका चंद्रमणि कुमारी एवं सहायिका सुमन देवी ने अतिथियों को स्वागत किया।



### धार्मिक न्यास परिषद को सुची समर्पित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पशु देवता के रुप में प्रसिद्ध संत शिरोमणि बाबा कारु खिरहरि मंदिर परिसर में पुर्व के न्यास समिति पर लगाए गए गवन के वाद सोमवार को न्यास धारी निरंजन कुमार ने प्रेसवार्ता करते कहा कि उनके कार्यकाल में विकास को गति दिया गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास परिषद पटना के द्वारा न्यास धारी नियुक्त करने के वाद मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाया गया, श्रृद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल,चापाकल, शौचालय, धर्मशाला,का निर्माण कार्य कराया गया। उन्होंने कहा कि मंदिर में निशुल्क भंडारा, महिला सुरक्षा,का व्यापक प्रबंध किए गए। उन्होंने पुर्व का लेखा जोखा प्रस्तुत करते कहा कि धार्मिक न्यास परिषद को सुची समर्पित करने से बौखलाए पुर्व समिति सदस्य मंदिर व्यवस्था को अव्यवस्थित करना चाहते हैं जबकि उनके द्वारा परिषद पटना के निर्देश का पालन किया जाता है।मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख रियाज आलम,मुखिया पंकज कुमार सिंह,सनातन वोर्ड परिषद सह संयोजक सहरसा ज्योति अदिति राज,सरपंच संजीव कुंवर ने ग्रामीणों से आह्वान करते कहा कि मंदिर और मंदिर में बैठे संत बाबा कारु के ख्याति को देखते हुए इस स्थल की पवित्रता,साधना,श्रृद्धा, विश्वास को कायम रखने में न्यासधारी को सहयोग किया जाय ताकि श्रृद्धालु अपनी श्रृद्धा सुमन अर्पित कर सकें। इस संबंध में पुर्व न्यास समिति सचिव बैद्यनाथ खिरहरि ने बताया कि यह पद आजादी से लेकर आज तक कभी एकल पद नही रहा है और एकल पद न्यासधारी नियुक्त कर परिषद ने भुल कर दी है जिससे व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं दिखाई देता।



### ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज संस्थापक की मनाई 77 वीं जयंती

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** रामचंद्र विद्यापीठ व ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय रामचंद्र प्रसाद सिंह की 77 वीं जयंती सोमवार को दोनों ही संस्थान में आयोजित किया गया। सोनबरसा नगर पंचायत क्षेत्र स्थित रामचंद्र विद्यापीठ पैरामेडिकल व नर्सिंग कॉलेज के बहुउद्देशीय सभागार में सोहा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच स्वर्गीय रामचंद्र प्रसाद सिंह की 77वीं जयंती समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।इस अवसर पर रामचंद्र विद्यापीठ पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉक्टर राजन कुमार सिंह फिजियोथैरेपी विभागाअध्यक्ष डॉक्टर दानिश, पैरामेडिकल विभागाअध्यक्ष बबलू कुमार साह नर्सिंग प्राध्यापक नीतीश कुमार प्रशासनिक अधिकारी संजीत कुमार खा सहायक अनिकेत कुमार लेखापाल मनोज कुमार स्वागती ,ज्योति कुमारी, सत्यम कुमारी और रामचंद्र विद्यापीठ पैरामेडिकल व नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित अन्य मौजूद लोगों ने स्वर्गीय रामचंद्र प्रसाद सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया. वहीं दूसरी ओर स्थानीय ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में संस्थापक सदस्य रामचंद्र प्रसाद सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा, ने कहा कि रामचंद्र प्रसाद बाबू समाजीक व्यक्तित्व के साथ साथ शिक्षा के प्रति भी उनका बहुत लगाव था। उन्होंने रामचंद्र प्रसाद सिंह के जे्येष्ठ पुत्र रजनीश रंजन की तारीफ करते हुए अपने पिता के सपनों को साकार की दिशा में उनके योगदान की प्रसंशा किया.इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक सह जन संपर्क पदाधिकारी अभय मनोज, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ बसंत कुमार मिश्रा, डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ उमाशंकर सिंह, परीक्षा नियंत्रक अंशु गुप्ता, प्राध्यापक प्रमुख डॉ प्रियंका पांडेय, रंजय कुमार राजा, सुजवल चैधरी , रंजन कुमार सहित सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।



# प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के उल्लेख से रौनियार समाज में हर्ष की लहर

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, जिला सहरसा की आमसभा बैठक स्थानीय बाबाजी कुटी से आगे, बनगाँव रोड स्थित विजय रिसॉर्ट में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की, जबकि बैठक का सफल संचालन जिला महामंत्री राजीव कुमार रंजन ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।बैठक का शुभारंभ भारत के महान योद्धा एवं वीर शासक सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।बैठक में सर्वप्रथम विगत 30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाले जाने की चर्चा की गई। प्रधानमंत्री द्वारा भारत के इस महान वीर योद्धा के गौरवशाली इतिहास को देश के समक्ष प्रस्तुत किए जाने से रौनियार समाज के लोगों में अत्यंत हर्ष एवं गर्व की भावना व्याप्त है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को रौनियार समाज की ओर से सामूहिक रूप से पत्र भेजकर आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। इसके पश्चात विगत 9 अगस्त को सहरसा में आयोजित रौनियार वैश्य महासम्मेलन की विस्तृत समीक्षा की गई। महासम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकत्ताओं एवं समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम से संबंधित आय-व्यय का विवरण बैठक में प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से पारित किया गया।बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष राजनीति गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता ह्यमुन्नाह्न, हेमनारायण गुप्ता ह्यसोनूह्न, कोषाध्यक्ष नारायण गुप्ता ह्यलड्डूह्न, नरेश गुप्ता, कहरा प्रखंड अध्यक्ष श्याम गुप्ता उर्फ पप्पू, सोनवर्षा प्रखंड अध्यक्ष भूषण गुप्ता, सिमरी बख्तियारपुर अध्यक्ष योगेंद्र गुप्ता, डॉ. राजकिशोर प्रसाद, मुन्ना गुप्ता, पप्पू प्रकाश, शंकर गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, शिशुपाल कुमार, अरविंद गुप्ता, विजय गुप्ता, गिरधारी गुप्ता ,शंभू गुप्ता सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।बैठक का समापन समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा रौनियार समाज के गौरव और अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।


'मन की बात' सुनते रौनियार समाज

# कांवरियों ने मुन्ना भगत को कंधे पर उठाया, भावुक हुए श्रद्धाल

**सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** बाबा मटेश्वर नाथ को समर्पित चार दिवसीय 216 फीट विशाल महाकांवड़ पदयात्रा के सफल समापन के बाद सोमवार को बाबा मटेश्वर धाम परिसर में भावुकता और उत्साह का माहौल रहा। करीब 20 हजार कांवरियों की सहभागिता वाली इस ऐतिहासिक यात्रा की सफलता से भावुक हुए कांवरिया संघ के अध्यक्ष सह मटेश्वर धाम श्रावणी मेला के प्रारंभकर्ता मुन्ना भगत और शिवेंद्र पौद्दार को कांवरियों ने कंधे पर उठा लिया। इसके बाद कांवरिया जमकर झूमे और

**216 फीट विशाल महाकांवड़ पदयात्रा की सफलता पर कांवरियों ने जमकर झूमकर जताया आभार**

हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। कांवरियों ने मुन्ना भगत के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करते हुए उन्हें कंधे पर उठाकर उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मौजूद श्रद्धालु भी भावुक हो गए। कांवरियों का कहना था कि 216 फीट की विशाल महाकांवड़ पदयात्रा का सफल आयोजन सामूहिक प्रयास और बाबा मटेश्वर नाथ के प्रति अटूट आस्था का परिणाम है। आयोजन की सफलता पर मुन्ना भगत ने कांवरियों, सेवादारों, सहयोगियों और स्थानीय लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि बाबा मटेश्वर नाथ के भक्तों की सामूहिक आस्था और सहयोग का परिणाम है। हजारों कांवरियों ने श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ यात्रा में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। उन्होंने कहा कि चार दिनों तक चली यात्रा में कांवरियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर, भोजन, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। सभी के सहयोग से 216 फीट विशाल महाकांवड़ पदयात्रा को भव्य स्वरूप में संपन्न कराया जा सका। यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु गंगाजल लेकर बाबा मटेश्वर नाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंचे। जगह-जगह सेवा शिविरों में कांवरियों की सेवा की गई। यात्रा के सफल समापन के बाद कांवरियों में उत्साह और संतोष का माहौल रहा। मुन्ना भगत को कांवरियों द्वारा कंधे पर उठाकर सम्मान देने का दृश्य महाकांवड़ यात्रा के समापन का सबसे भावुक और यादगार क्षण रहा।


पदयात्रा की सफलता आभार

## एसपी के विक्रम सिहाग नेतृत्व में हुई मासिक अपराध गोष्ठी, गंभीर व संवेदनशील मामलों की गई समीक्षा

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में पुलिस अधीक्षक विक्रम के नेतृत्व में सोमवार को विकास भवन में अगस्त 2026 की मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था एवं लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। गोष्ठी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर एवं सिमरी बख्तियारपुर, वरीय पुलिस उपाधीक्षक-सह-रक्षित, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-01 एवं 02, पुलिस उपाधीक्षक साइबर, अंचल पुलिस निरीक्षक सदर एवं सिमरी बख्तियारपुर सहित जिले के सभी थानाध्यक्ष तथा पुलिस कार्यालय एवं पुलिस केंद्र की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। साथ ही लंबित कांडों के निष्पादन, गंभीर एवं संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष ध्यान देने तथा गंभीर एवं संवेदनशील कांडों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही फरार और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की अपराध एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित स्थिति की जानकारी दी। एसपी ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने और आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को सतर्कता एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।


मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी व पुलिस अधिकारी

## सरकार अल्पसंख्यकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है: नसीमुद्दीन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अल्पसंख्यक अधिकार मंच के राज्यव्यापी आहवान पर सहरसा स्टेडियम के बाहरी हिस्से में अल्पसंख्यकों के द्वारा अपने अधिकारों की रक्षा हेतु एक दिवसीय घरना दिया गया। अल्पसंख्यक अधिकार मंच के संयोजक तौहीद आलम की अध्यक्षता में चले धरनार्थियों को संबोधित करते अल्पसंख्यक अधिकार मंच के नेता नसीमुद्दीन ने कहा केन्द्र एवं राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के साथ सतौला व्यवहार कर रही है। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को खत्म कर रही है तथा भेदभाव भी कर रही है। वक्फ कानून में संशोधन कर अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। सच्चर एवं रंगनाथ मिश्र आयोग के सिफारिशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। अल्पसंख्यकों के नाम पर नफरत फैलाया जा रहा है और बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति रोटी सेकी जा रही है।तथा मदरसों में आधुनिक, तकनीकी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग किया।धरना का पुरजोर समर्थन करते सीपीएम जिला सचिव कामरेड रणधीर यादव ने कहा केन्द्र एवं राज्य दोनों ही सरकारें जनता के मुलभूत समस्याओं की अनदेखी कर धर्म मजहब की राजनीति करती है। मंहगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचारी से आमजन त्राहिमाम है और देश में हिन्दू मुस्लिम, मंदिर मस्जिद का उन्माद पैदा कर राजनीति की जा रही है जो एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के अच्छा नहीं है।धरना को अल्पसंख्यक अधिकार मंच के नेता प्रो ए आर रहमान,नसीम मिस्त्री, मुर्शीद आलम, नौशाद आलम, रेहान खां उर्फ रिंकू, अमीर खां, असफाक अंसारी, कारी, जुबेर, जफ्फर इमाम, मंसुर आलम, मकसूद आलम,सोनी खातुन,जसीमा खातून आदि ने संबोधित किया। सभा के अन्त में प्रतिनिधिमंडल द्वारा अपनी 13 सुत्री मांगों का स्मार पत्र जिला पदाधिकारी सहरसा को समर्पित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आग्रह किया गया।


घरना देते अल्पसंख्यक समाज के कार्यकत्त्रा

# हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन ने 13 जिलों के शिक्षकों को किया सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के तत्वावधान में स्थानीय देव रिसॉर्ट, सहरसा में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार के सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, पूर्णिया सहित नेपाल तथा लगभग 13 जिलों से चयनित शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, विधान परिषद सदस्य डॉ.अजय सिंह, तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी बी.के. रवि, पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा सहित ब्रजेश मिश्रा, किशोर कुमार, डॉ. वंदना कुमारी ,डॉ. शौलेन्द्र कुमार ,विष्णु स्वरुप,केवल सच ब्रजेश मिश्रा और शिक्षक नेता मनीष सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन की संरक्षिका एवं रमेश झा महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. रेणु सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, समाज और मानव सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं ने शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उनसे शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अपने बेहतर कार्यों को निरंतर जारी रखने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे समाज की नई पीढ़ी के विचार, संस्कार और दृष्टिकोण को भी आकार देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक आधार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान शैक्षणिक अवसर हैं।हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे शिक्षकों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना तथा उनके योगदान को समाज के सामने लाना था। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद् एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष सिंह, प्रभाकरण देव, मानव सिंह, तरुण झा, आर्यन वत्स, सर्वेश, सुमित, रवि, आशीष बच्चन, सोनू झा, सम्भावित झा ,संजय बसिष्ठ, विद्या सिंह एवं नवीन सहित फाउंडेशन के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन शशिप्रभा जायसवाल ने किया। समारोह के दौरान शिक्षकों को सम्मानित किए जाने पर उपस्थित लोगों ने हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।



# कोसी कटाव प्रभावित नौला पंचायत में 350 से अधिक परिवारों को वितरित की राहत सामग्री

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर और तेज कटाव से प्रभावित नोला पंचायत के परिवारों की सहायता के लिए सेवा इंटरनेशनल ने राहत कार्य तेज कर दिया है। सेवा इंटरनेशनल और कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से नौला पंचायत में 350 से अधिक बाढ़ एवं कटाव प्रभावित परिवारों के बीच राशन किट और राहत किट का वितरण किया गया। नौला पंचायत के रसलपुर गांव के समाज सेवी एवं होली मिशन एकेडमी सहरसा के निदेशक अनिल कुमार यादव विगत दो वर्षो से अपने पंचायत के रसलपुर, एवं अन्य गांव में समाज सेवा में लगे हैं और आगे भविष्य मे भी सेवा कार्य में लगे रहेंनें का संकल्प व्यक्त किया।राहत सामग्री में प्रभावित परिवारों की दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए खाद्य सामग्री और घरेलू उपयोग की जरूरी वस्तुएं शामिल की गई हैं। राशन किट में चावल, दाल, आटा और चीनी जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई, जबकि राहत किट में साबुन, सर्फ/डिटर्जेंट, सैनिटरी नैपकिन सहित दैनिक उपयोग की अन्य जरूरी सामग्री शामिल है। सेवा इंटरनेशनल के अभिषेक ने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों तक तत्काल आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाना बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा, ह्लसेवा इंटरनेशनल, कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से सहरसा और सुपौल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य कर रहा है। हमारा उद्देश्य बाढ़ और कटाव से प्रभावित परिवारों तक समय पर आवश्यक सामग्री पहुंचाना और उनकी तत्काल जरूरतों में सहयोग करना है। नोला पंचायत के निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल यादव ने कहा कि कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ क्षेत्र में कटाव भी बढ़ गया है, जिससे पंचायत के कई परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा,ऐसे समय में सेवा इंटरनेशनल द्वारा चलाया जा रहा राहत कार्य पंचायत के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज लगभग 350 परिवारों तक राशन और राहत किट पहुंचाई गई है। इससे प्रभावित परिवारों को तत्काल आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हो सकेंगी और उन्हें काफी सहायता मिलेगी। कोसी क्षेत्र में बाढ़ और कटाव की चुनौती के बीच सेवा इंटरनेशनल स्थानीय स्तर पर प्रभावित परिवारों की जरूरतों का आकलन कर उन्हें आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य जारी रखे हुए है। संस्था का प्रयास है कि आपदा से प्रभावित अधिक से अधिक परिवारों तक समय पर राहत और आवश्यक सहयोग पहुंचाया जा सके।


राहत सामग्री बाटते समाज सेवी

## संक्षिप्त खबरें

### एक दर्जन महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को महिला बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई एक दर्जन से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी ड् मुकेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में अपरेशन से पूर्व सभी महिलाओं का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। योग्य पाई गई सभी महिलाओं का चिकित्सकों की टीम द्वारा सुरक्षित एवं सफल बंध्याकरण अपरेशन किया गया। अपरेशन के उपरांत स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं को आवश्यक दवाइयां वितरित कीं और देखभाल संबंधी जरूरी परामर्श दिया। इस मौके परएएनएम नीलम कुमारी, सोनी कुमारी, वंदना कुमारी, खुशबू कुमारी और शोभा कुमारी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी एवं दर्जनों स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं।

### बाढ़ प्रभावित रामपुर गांव का विधायक बाबूलाल शौर्य ने लिया जायजा

**गोगरी।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बाढ़ के पानी को देखते हुए परबत्ता विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाबूलाल शौर्य ने बाढ़ प्रभावित रामपुर गांव का निरीक्षण किया। विधायक ने गांव में पहुंचकर बाढ़ की स्थिति, जलजमाव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बाढ़ के कारण आवागमन, पेयजल, भोजन, पशुओं के चारा सहित अन्य परेशानियों से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा राहत कार्य में तेजी लाने की बात कही। विधायक ने कहा कि बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रभावित परिवारों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया।

### खगड़िया जिला क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**खगड़िया।** खगड़िया जिला क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार ने की। बैठक में संघ की आगामी क्रिकेट गतिविधियों एवं सत्र 2026-27 से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बाबूलाल शौर्य क्षेत्र में आए हुए बाढ़ के कारण इस बैठक में व्हाट्सएप वीडियो कलिंग के द्वारा अपनी उपस्थिति हुये। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। साथ ही जिला क्रिकेट लीग 2026-27 के आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए पूर्व बैठक में 17 सितंबर से जिला क्रिकेट लीग जो होना था उसे बाढ़ के कारण स्थगित करके 4 अक्टूबर 2026 कर दिया गया है। बैठक में सत्र 2026-27 के लिए चयन समिति के गठन का भी निर्णय लिया गया। चयन समिति में सदान्द प्रसाद (चेयरमैन), करमवीर कुमार, मुकेश कुमार एवं रजनीश कुमार को शामिल किए जाने का उल्लेख बैठक की कार्यवाही में किया गया है। इसके अलावा बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित क्रिकेट संबंधी कार्यक्रम में जिला क्रिकेट संघ की भागीदारी को लेकर भी निर्णय लिया गया। बैठक की कार्यवाही में 18 सितंबर को पटना में होने वाले कार्यक्रम का उल्लेख है। बैठक में जिला क्रिकेट लीग के विभिन्न डिवीजनों के आयोजन को लेकर भी निर्णय लिया गया। कार्यवाही के अनुसार सुपर डिवीजन, ए डिवीजन तथा जूनियर डिवीजन के आयोजन को लेकर आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। जिला क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी ने आगामी सत्र की क्रिकेट गतिविधियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित करने पर जोर दिया। बैठक में जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष बिनोद कुमार, सचिव देवराज कुमार, बिट्टू कुमार,रजनीश कुमार, पूर्व सचिव सदानंद प्रसाद और करमवीर कुमार उपस्थित थे।

# परबत्ता में दर्जनों गांव जलमग्न, जीएन बांध और निर्माणाधीन फोरलेन पर ले रहे शरण

## प्रशासनिक अधिकारी लगातार कर रहे प्रभावित इलाकों का दौरा


बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते मुखिया।

**परबत्ता (एनएसबी)।** गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण परबत्ता प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। कई पंचायतों के दर्जनों वार्डो में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हैं। कई स्थानों पर मुख्य सड़कों पर पानी के तेज बहाव के कारण आवागमन बाधित हो गया है। ऐसे में लोगों की रोजमर्रा की जिंी भी प्रभावित होने लगी है। कई परिवार घर-बार छोड़कर उंचे स्थानों, खासकर जीएन बांध और अन्य सुरक्षित जगहों पर शरण लेने को मजबूर हैं। कुछ परिवार अपने सदस्यों को रिश्तेदारों के यहां भेज रहे हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर सामुदायिक किचन शुरू किए गए हैं। प्रशासन के अनुसार सोमवार तक 11 सामुदायिक किचन संचालित किए जा रहे हैं। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करीब दो दर्जन स्थानों पर सरकारी नावों का परिचालन किया जा रहा है, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। बाढ़ की स्थिति पर प्रशासन की लगातार नजर बनी हुई है। गोगरी एसडीओ संजय कुमार, स्थानीय विधायक बाबूलाल शौर्य और अंचलाधिकारी हरिनाथ राम प्रभावित इलाकों का लगातार दौरा कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा बाढ़ पीड़ितों से स्थिति की जानकारी ली जा रही है तथा उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया जा रहा है। जीएन बांध-बिशौनी गांव के समीप बाढ़ के पानी के उछाल की आशंका को देखते हुए सुरक्षात्मक कार्य कराया गया है। वहीं माधवपुर ढाला के समीप जीएन बांध पर भी सुरक्षा के मद्देनजर कार्य किया गया है। जीएन बांध पर जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण विभाग की विशेष नजर बनी हुई है। जानकारी हो कि माधवपुर पंचायत के सभी 13 वार्डो की करीब 10 हजार आबादी बाढ़ से प्रभावित बताई जा रही है। मुख्य सड़क पर पानी के तेज बहाव के कारण सड़क संपर्क बाधित है। वही कबेला पंचायत के वार्ड संख्या 1 से 6, दरियापुर भेलवा के वार्ड संख्या 6, जोरावरपुर के वार्ड संख्या 16 और 17 तथा तेमथा करारी के वार्ड संख्या 1, 2, 3 और 5 में भी बाढ़ का असर है। लगार पंचायत के वार्ड संख्या 5 से 10, भरसो पंचायत के वार्ड संख्या 7 से 16 तथा कुल्हड़िया पंचायत के वार्ड संख्या 8, 9 और 10 के लोग भी बाढ़ से प्रभावित हैं। वहीं सौढ़ दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 10 और 11 तथा सौढ़ उत्तरी पंचायत के वार्ड संख्या 7, 8, 9, 10, 12 और 13 में पानी पहुंचने से कई परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। वार्ड प्रभावित सैकड़ो घरों में पानी प्रवेश कर चुका है। बाढ़ प्रभावित कई परिवार सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। जीएन बांध के अलावा पसराहा-अगवानी निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर भी कुछ परिवार डेरा जमाए हुए हैं। पशुपालकों ने अपने मवेशियों को भी उंचे स्थानों पर पहुंचा दिया है। लगातार बढ़ते जलस्तर के बीच ग्रामीणों की नजर अब प्रशासन की राहत और बचाव व्यवस्था पर टिकी है।

## श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन

**खगड़िया।** खगड़िया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मानसी प्रखंड के पश्चिमी ठाठा पंचायत के धर्मचक स्थित श्री राम-जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर में सात दिवसीय आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने किया। जबकि अध्यक्षता व संचालन जदयू मानसी प्रखंड प्रवक्ता सुनील कुमार बबलू ने किया। कथा स्थल पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब और वातावरण में गूंजता प्रभु श्रीराम एवं श्रीष्ण का नाम मन-मस्तिष्क को अद्भुत शांति और आत्मिक आनंद से भर रहा था। वृंदावन धाम से पधारे पूज्य राम कथावाचक विवेक सागर दास जी महाराज तथा श्री ष्ण कथावाचिका दीक्षा किशोरी के मुखारविंद से निकली कथा और आध्यात्मिक वाणी का श्रवण कर हम सभी भाव-विभोर एवं धन्य-धन्य हो उठे। उनके श्रीमुख से प्रवाहित श्रीमद्भागवत एवं श्रीराम कथा के दिव्य संदेश ने जीवन में धर्म, प्रेम, करुणा, सदाचार और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान की। जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने भगवान और कथावाचक को अंग वस्त्र, माला एवं बुके से स्वागत सम्मानित व नमन करते हुए कहा कि जहाँ श्रीहरि की कथा होती है, वहाँ वातावरण ही नहीं, मनुष्य का अंतर्मन भी पवित्र हो जाता है। इसलिए शांति सौहार्द पूर्वक विवेक सागर दास जी महाराज का कथा श्रवण कर अपने जीवन को तार्थ बनायें। जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि जहाँ श्री राम और श्री ष्ण नाम का स्मरण होता है, वहाँ जीवन में शांति, संस्कार और सद्भाव का प्रकाश फैलता है।इन दो परमात्न के जीवन ति से हम मानव समाज में त्याग, संघर्ष,समर्पण, कर्त्तव्य और धर्म के अद्भुत सम्बर्द्धन होता है,जिसे आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार पटेल ने भी संबोधित किया। वहीं जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष निर्मला कुमारी , वंदना भारती , मिथिलेश देवी, ललन कुमार, भरत सिंह , छोटू सिंह,कुमोद सिंह,नीरज सिंह, राजेश सिंह,निर्मल सिंह एवं बाबू साहेब सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं भागवत कथा प्रेमी मौजूद रहे। ज्ञान यज्ञ के आयोजन में धर्मचक वासियों की भूमिका सराहनीय रही है।

## पचाठ में कटाव निरोधी कार्य युद्ध स्तर पर शुरू

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के बलैठा पंचायत स्थित वार्ड नंबर 11 (मुनि टोला पचाठ) में कोसी नदी के भीषण कटाव को देखते हुए विभाग ने सोमवार से कटाव निरोधी कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। काम को तेजी से पूरा करने के लिए दो संवेदकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कटाव को रोकने के लिए बैंबू रोल और ईसी बैग का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि जरूरत पड़ने पर हाथी पांव भी लगाए जाएंगे। बाढ़ प्रमंडल-2 के कनीय अभियंता नवनीत दास ने बताया कि कटाव स्थल पर एक सप्ताह पहले भी 150 बैंबू रोल लगाए गए थे। कटाव की गंभीरता को देखते हुए अब एक सौ और बैंबू रोल तथा एक हजार ईसी बैग की मदद से निरोधी कार्य फिर से शुरू किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पिछले 15 दिनों से जारी कोसी के भीषण कटाव में चतुरी मिस्त्री, रामरूप मुनि, उपेंद्र मुनि, रूदल मुनि, परदेसी मुनि, सेठो मुनि, बिजेंद्र मुनि, मुकुल मुनि, पंकज मुनि, फुटेश मुनि और रोहित मुनि के घर नदी में समा चुके हैं। इसके अलावा लगभग 65 बीघा उपजाऊषि भूमि भी कोसी के गर्भ में विलीन हो गई है। राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने स्थल का निरीक्षण कर चार परिवारों के घर नदी में विलीन होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सभी चिति प्रभावित परिवारों को आपदा प्रबंधन के तहत पलीथिन शीट उपलब्ध करा दी गई है। हालांकि, हल्का कर्मचारी द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद विस्थापित परिवारों तक अभी तक राशन सहायता नहीं पहुंच सकी है, जिससे पीड़ितों में निराशा है।


कटाव निरोधी कार्य में लगे मजदूर।

## दो दिवसीय मेला सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के कुर्बन और फुलवरिया गांव में श्रीष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मेला सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान दोनों गांवों में भक्तिमय माहौल के बीच विविध सांस्तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुर्बन गांव में चंद्र नाट्य कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 'किरण म्यूजिकल झांकी ग्रुप' की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों की एक से बढ़कर एक झांकियों और प्रस्तुतियों को देख ग्रामीण गद नजर आए।कार्यक्रम के दूसरे दिन का औपचारिक उद्घाटन कुर्बन पंचायत के मुखिया रजनीकांत राहुल और सरपंच संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सांस्तिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। मेले के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही। मौके पर बुद्धिजीवी समेत पंचायत वासी उपस्थित थे।


उद्घाटन करते मुखिया।

## शिक्षक शशिकांत को किया गया सम्मानित

**खगड़िया।** सदर प्रखंड क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय ताँतीटोला के षिक्षक शशिकान्त कुमार को शैक्षणिक सत्र 202-26 में विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास एवं शिक्षण कार्य के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा, प्रेरणा तथा विशिष्ट सेवा को लेकिर सम्मानित किया गया। सम्मान के साथ नयी जिम्मेदारी दी गयी। और मिशन खगड़िया का शिक्षा संकल्प "पढ़तै खगड़िया" अमरैला स्कीम में डिजिटल लर्निग 6-12 बच्चों के लिये सहयोगी संस्थान खान एकेडमी, मातृशक्ति सहभागिता ह समिति द्वारा घर, टोले-मोहल्ले, आँगनबाड़ी, विद्यालय को जोड़कर बच्चों को अधिगम उपस्थिति, स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास को मजबूती करना है। वही तरल आधारित पढ़ाई मित्र के माध्यम 3-8 के बच्चों को सीखने की स्तर की पहचा, डिजिटल लर्निग असेस्मेन्ट प्लेटफार्म सहयोगी संस्थान प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) और गणित के अभ्यास के लिये 4-7 के बच्चों के किये डिजिटल प्लेटफार्म सहयोगी संस्थान एक्सएल प्रोग्राम, स्वैच्छिक बाल भागीदारी में विद्यार्थी स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और समाजिक विकास का भावना और डिजिटल कोडिंग स्किल इस पहल का उद्देश्य बच्चों को कोडिंग, लजिक, प्रब्लेम सोंलबिंग और टेक्नेलजी की तैयारी के लिये सशक्त बनाना है। षषिकांत ने कहाकि यह सम्मान में दिया गया और जिम्मेदारी के साथ शिक्षक और विद्यार्थी को ध्यान रखना जो शिक्षक अपने कर्तव्य का पालन करते रहना है और अन्य किसी पहलुओं को नजर अन्दाज करना जो जिला प्रशासन निगरानी करेगी। ब्ब् लेबल में योग्य शिक्षक को नामित करने की चर्चा की गयी है। जो समय-समय पर शिक्षकों के साथ संवाद कर सकेंगे। षिक्षक षषिकांत ने कहा कि जिला पदाधिकारी के बात साफ-साफ शब्दों में कहा गया है कि आने वाले समय इन छः स्कीम को लागू करना और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना शामिल हैं। यह पहल खगड़िया जिला से शुरुआत किया गया है। और आगे बिहार राज्य ही नहीं उसे पूरा देश देखेगा।


सम्मानित करते अधिकारी।

# बापू मध्य विद्यालय में शुरू हुई सामुदायिक रसोई


खाना खिलाते जनप्रतिनिधि।

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में गंगा और गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से बाढ़ का पानी नीचे इलाके में लगातार फैल रहा है। हालांकि प्रशासन के द्वारा बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद की जा रही है। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने बताया कि गंगा और गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से खगड़िया सदर प्रखंड, गोगरी प्रखंड,परबत्ता प्रखंड और मानसी प्रखंड के कुछ पंचायतों में बाढ़ का पानी प्रवेश किया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जिला प्रशासन के द्वारा नाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जो लोग विस्थापित हुए हैं उसके लिए सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता पहुंचाई जाएगी। इधर खगड़िया नगर परिशद क्षेत्र. के वार्ड नंबर तीस के बाढ़ पीड़ितों को लिये सोमवार से सामुदायिक रसोई की षुरूआत की गयी है। नगर परिषद खगड़िया के वार्ड नं-30 की वार्ड पार्षद सह शशक्त स्थायी समिति सदस्य रूबी कुमारी एवं पूर्व वार्ड पार्षद रणवीर कुमार ने कहा कि ष्णापुरी बलुआही वार्ड नं-30 के बाढ़ पीड़ित परिवार जो अपने घरों को छोड़कर बापू मध्य विद्यालय में बाढ़ राहत शिविर में शरण लिए हुए हैं उन्हें जिला प्रशासन के द्वारा सामुदायिक रसोई चलवाकर पका पकाया भोजन चावल-दाल सब्जी खिलाया गया। बापू मध्य विद्यालय में बनाये गये बाढ़ राहत शिविर में सदर विधायक बबलू कुमार मंडल,सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी सिंधु कमल ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिले और सामुदायिक रसोई चलाकर जो भोजन कराया जा रहा था उसके गुणवत्ता के बारे में बाढ़ पीड़ित परिवार से पूछा कि खाना बढ़िया है कि नहीं क्या -क्या सुविधा मिल रहा है और क्या जरुरत है। पूर्व वार्ड पार्षद रणवीर कुमार ने सदर विधायक बबलू कुमार मंडल और सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार से मांग किया कि बाढ़ राहत शिविर में छोटे-छोटे बच्चे हैं बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था और सुबह नाश्ता के लिए चूड़ा-चीनी दिया जाय ताकि लोग भूखे न रहे खाना बनने में समय लगता है तबतक छोटे-छोटे बच्चे सहित लोगों को भूखे रहना पड़ता है। बाढ़ राहत शिविर में नगर परिषद क्षेत्र के ष्णापुरी बलुआही वार्ड नं30 में गंडक नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण लगभग सत्तर से अधिक घरों में पानी आ जाने के कारण लोग अपने घरों को छोड़कर घर के सामानों और बच्चे सहित ऊँचे स्थानों सड़क पर आ गये थे तो सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार से बात कर ष्णापुरी बलुआही के बाढ़ पीड़ित परिवारों को रहने के लिए व्यवस्था का करने के लिए कहा तो उन्होंने अविलंब संज्ञान लिया और बापू मध्य विद्यालय को खुलवाकर बाढ़ राहत शिविर बनवया और शाम में ही उन्होंने जेनरेटर समुचित प्रकाश के लिए लाइट लगवाया और बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए गद्दा आदि की व्यवस्था करवाया। बाढ़ राहत शिविर के प्रभारी बापू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक चन्द्रमणि मिश्र , राजस्व कर्मचारी सौरभ कुमार, शिक्षक नीरज कुमार,अभिनव रौशन,प्रकाश पासवान, अजय कुमार आदि बाढ़ राहत शिविर में मौजूद रहकर बाढ़ पीड़ित परिवारों को समय पर भोजन करवा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अपनी पत्नी की विदाई कराने गया एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र की माली पंचायत के रुकमणियां गांव से अपनी पत्नी की विदाई कराने गए एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने अपने बेटे के अपहरण का आरोप लगाते हुए बेलदौर थाने में आवेदन देकर उसकी सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई है। मामला मधेपुरा जिले के आलमनगर थाना क्षेत्र के बसनबाड़ा (वार्ड नंबर 4) का है। यहां की रहने वाली हीरा देवी (पति अनिल साह) के अनुसार, उनका बेटा संतोष कुमार 4 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे अपनी पत्नी श्वेता कुमारी को लिवाने के लिए ससुराल बेलदौर के रुकमणियां गया था। आरोप है कि वहां ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका मोबाइल छीन लिया और गाली-गलौज व मारपीट करते हुए उसे एक कमरे में बंधक बना दिया। हीरा देवी ने बताया कि 5 सितंबर को बेटे के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद संतोष के चाचा सुनील साह, भाई मिथुन कुमार और दो दोस्त (सुनील व दिलखुश) रुकमणियां गांव पहुंचे। आरोप है कि वहां उपेंद्र साह, सिकंदर साह, जयष्ण कुमार, चंदन देवी, श्वेता कुमारी, ललिता देवी और अनिल साह ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 की पुलिस टीम को दी गई। आरोप है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही ससुराल पक्ष के लोगों ने संतोष को कहीं गायब कर दिया, जिससे परिजन किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं।बताया जा रहा है कि संतोष और उसकी पत्नी के बीच शादी के बाद से ही विवाद चल रहा था और मामला फैमिली कोर्ट में लंबित था। कोर्ट में हुए समझौते के बाद ही संतोष पत्नी की विदाई कराने गया था। बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और लापता युवक संतोष कुमार की तलाश के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

### फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद की तैयारी की समीक्षा

**खगड़िया।** आगामी नौ सितंबर को बछौता स्थित शारदा फार्म हाउस में आयोजित होने वाले फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने की कवायद तेज हो गई है। कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करने पटना से पहुंचे जदयू के प्रदेश महासचिव, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सह संवाद कार्यक्रम प्रभारी शम्भू प्रसाद कुशवाहा का जिला अतिथि गृह में जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं सम्मान किया। स्वागत के उपरांत जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कार्यक्रम प्रभारी शम्भू प्रसाद कुशवाहा ने बछौता स्थित शारदा फार्म हाउस पहुंचकर सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के लिए तैयार किए जा रहे मंच, दर्शक दीर्घा, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था तथा सुरक्षा एवं स्वागत संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक उमेश सिंह कुशवाहा के खगड़िया आगमन के दौरान प्रस्तावित स्वागत स्थल एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी ने विभिन्न स्तरों पर चल रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि फरक्का जल संधि पर आयोजित नीतीश संवाद कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले मुख्य अतिथि संजय कुमार झा एवं उमेश सिंह कुशवाहा का खगड़िया की धरती पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत-सम्मान और अभिनंदन किया जाएगा। इसे लेकर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी तत्परता और उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हैं। मौके पर जदयू के पंकज कुमार पटेल, आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, प्रभाकर चौधरी मन्टून, कुमारी निर्मला, धर्मेंद्र महतो,सावन कुमार बंटी,राका सहाय, वन्दना भारती एवं जयप्रकाश मौर्य आदि दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खगड़िया के मानव ने लखीसराय में लहराया परचम

**खगड़िया।** लखीसराय जिला शतरंज संध कि ओर से अन्डर 15 अंर्तजिला शतरंज प्रतियोगिता 6 सितंबर को आयोजित किया गया था,जिसमें कई जिला के कुल 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कई उम्दा खिलाड़ियों को पछारते हुए खगड़िया गांधीनगर के रहने बाले और नेशनल स्कूल खगड़िया का छात्र मानव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुसरे खिलाड़ी लक्ष्य राज कि प्रदर्षन सामान्य रही। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मानव को बिहार राज्य शतरंज संघ के संयुक्त सचिव शिवप्रिय भारद्वाज लखीसराय जिला शतरंज संध के संरक्षक प्रकाश महतों व अन्य पदाधिकारी के हाथों ट्रफी देकर सम्मानित किया गया। उक्त बातो कि जानकारी नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत ने दी है। यशवंत ने आगे बताया कि मानव कुमार बहुत ही प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी है। अंर्तजिला शतरंज खेल में दर्जनों बार प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है। मानव ने अपने जीवन का पहला प्रतियोगिता नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के द्वारा आयोजित निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता से किया और लगातार अकादमी में बीस से ज्यादा प्रतियोगिता खेल कर अपने शतरंज के मारक क्षमता को बढ़ाया। इस जीत से जय खगड़िया शतरंज क्लब के पदाधिकारी अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी केशव कुमार यशवंत एवं माधव कुमार यशवंत ने मानव कुमार को बधाई दिया है।


सम्मानित करते अतिथि।

### राजकीय शिक्षक सम्मान मिलने पर शिक्षिका मधु कुमारी का स्वागत

**गोगरी।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जयंती ग्राम औता की शिक्षिका मधु कुमारी को वर्ष 2026 का राजकीय शिक्षक सम्मान मिलने के बाद विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षक साथियों, प्रधान शिक्षक अविनाश कुमार,वार्ड पार्षद श्वेता कुमारी सहित औता के ग्रामवासियों की ओर से भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह में ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने फूल-माला, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर शिक्षिका मधु कुमारी को सम्मानित किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि मधु कुमारी ने अपने समर्पण, मेहनत और नवाचारपूर्ण शिक्षण कार्यो के माध्यम से न केवल विद्यालय के बच्चों का भविष्य संवारने का कार्य किया है, बल्कि औता गांव का नाम पूरे राज्य में गौरवान्वित किया है। ग्रामीणों ने कहा कि एक छोटे से सरकारी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए शिक्षा को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए मधु कुमारी द्वारा किए जा रहे प्रयास अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायी हैं। उनके राजकीय शिक्षक सम्मान से विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में गर्व और उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर शिक्षिका मधु कुमारी ने सम्मान के लिए विद्यालय परिवार, शिक्षक साथियों और ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि विद्यालय, बच्चों और पूरे ग्राम समुदाय के विश्वास एवं सहयोग का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।समारोह में विद्यालय परिवार, शिक्षक साथी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



शिक्षिका मधु कुमारी व अन्य।

# बाढ़ के बीच रेलवे में हाई अलर्ट, पटरियों की सुरक्षा पर कड़ी नजर

# भागलपुर-जमालपुर रेलखंड पर 20 से 30 किमी की रफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए रेलवे ने भी हाई अलर्ट जारी कर दिया है। बाढ़ का असर रेल परिचालन पर न पड़े और रेल पटरियों की सुरक्षा बनी रहे, इसके लिए संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर भागलपुर-जमालपुर-किउल रेलखंड पर रेलकर्मियों की सक्रियता बढ़ गई है।

भागलपुर से जमालपुर के बीच ट्रेनों की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा तक सीमित कर दी गई है। वहीं, जमालपुर-किउल रेलखंड पर फिलहाल ट्रेनों का परिचालन और निर्धारित गति सामान्य रखी गई है। रेल अधिकारियों के अनुसार इस हिस्से में बाढ़ से अभी रेलखंड को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।हालांकि धरहरा, अभयपुर और कजरा स्टेशन के आसपास पिछले दिनों रेल पटरी में क्रैक और धंसने की शिकायत सामने आने के बाद रेलवे की चिंता बढ़ गई है। एईएन लाइन राजीव कुमार के निर्देश पर संबंधित टीम ने रेलखंड की जांच कर आवश्यक सतर्कता बरती। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूई टीम लगातार रेल पटरियों और ट्रैक की स्थिति की निगरानी कर रही है तथा गड़बड़ी मिलने पर तत्काल सुधार कार्य किया जा रहा है।इधर सोमवार को जमालपुर बड़ी पुल के नीचे सिगल से पइंट तक आवश्यक कार्य सावधानीपूर्वक बिना ब्लक लिए कराया गया। कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई।वहीं रेल पथ-2 के वरीय अनुभाग अभियंता के मौके पर लगातार मौजूद नहीं रहने को लेकर रेलकर्मियों के बीच चर्चा बनी हुई है। ऐसे संवेदनशील समय में संबंधित अधिकारी की नियमित मौजूी और मनिटरिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं।



रेलखंड पर कार्य करते पीडब्ल्यूई।

## टिकट चेकिंग में 139 यात्री धराए 128 लाख जुर्माना वसूला

### जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर सघन जांच से बेटिकट यात्रियों में बढ़ा कार्रवाई का खौफ

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर सोमवार को मुख्य टिकट निरीक्षक सुमन कुमार शर्मा के नेतृत्व में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान के दौरान रेलवे के नियमों की अनदेखी कर बिना टिकट यात्रा करने वाले 139 यात्रियों को पकड़ा गया। इन यात्रियों से कुल 1,27,965 रुपये जुमनि की राशि वसूल की गई।लगातार चल रहे टिकट जांच अभियान से रेलखंड पर बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों में कार्रवाई का खौफ देखा जा रहा है। वहीं, अभियान के कारण रेलवे के राजस्व में भी इजाफा हो रहा है। टिकट निरीक्षण टीम ने यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करते हुए यात्रा करने की सलाह दी।मुख्य टिकट निरीक्षक सुमन कुमार शर्मा ने कहा कि रेल यात्रा शुरू करने से पहले प्रत्येक यात्री के पास वैध टिकट होना अनिवार्य है। बिना टिकट यात्रा करना रेलवे नियमों का उल्लंघन है और पकड़े जाने पर जुर्माना देना पड़ सकता है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे यात्रा से पहले टिकट अवश्य लें और रेलवे को होने वाले आर्थिक नुकसान को रोकने में सहयोग करें।उन्होंने कहा कि भारतीय रेल देश की महत्वपूर्ण संपत्ति है। रेलवे के विकास और बेहतर यात्री सुविधाओं के लिए यात्रियों का सहयोग जरूरी है। टिकट लेकर यात्रा करने से रेलवे का राजस्व बढ़ता है और इससे विकास कार्यों को गति मिलती है।अभियान में मुकेश कुमार यादव, अनीशा राज, गोविंद, विल्सन, वीरेंद्र कुमार, दिवेश, निक्की सहित टिकट जांच टीम के कई सदस्य मौजूद थे।



टिकट चेकिंग करते सीआईटी।

## पूर्वी क्षेत्र में टिकट घर व रास्ते की मांग, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जमालपुर(मुंगेर)।** भारत सरकार के पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के जमालपुर आगमन पर जदयू युवा नेता सह वार्ड पार्षद सुमित कुमार उर्फ सोनू मंडल ने विधायक नचिकेता मंडल की उपस्थिति में जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ता रजनीकांत प्रसाद सहित पूर्वी क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने जमालपुर जंक्शन के पूर्वी हिस्से में टिकट घर एवं स्टेशन तक आने-जाने के लिए रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि जमालपुर जंक्शन के पूर्वी क्षेत्र में करीब 50 हजार की आबादी रहती है। इसी क्षेत्र में नगर परिषद, प्रखंड, अंचल, रेल कारखाना, डीजल शेड, केंद्रीय विद्यालय, नोट्रेडम स्कूल, रेलवे अस्पताल सहित कई महत्वपूर्ण संस्थान हैं। बावजूद इसके स्टेशन के पूर्वी हिस्से से यात्रियों के लिए सीधी सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। मुख्य मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे कई बार यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है।लोगों ने डाकघर के समीप टिकट घर खोलने तथा स्टेशन तक आने-जाने के लिए मार्ग बनाने की मांग की। मंत्री ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।इसके अलावा वार्ड नंबर 15 में वार्ड पार्षद राजू पासवान, अरुण साह एवं लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शिवलाल रजक की मौजूी में मंत्री ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं। मौके पर वार्ड पार्षद दीपांजलि देवी, आलोक कुमार, कैलाश सिंह, सुदेश मंडल,वशिष्ठ कुमार,निलेश कुमार, प्रमोद कुमार मंडल,नवल सहित कई लोग मौजूद थे।




मंत्री को समस्या से अवगत करवाते सोनू मंडल।

## बच्चन मेमोरियल फुटबल टूर्नामिंट में उड़ीसा एवं बंगाल की टीम पहुंची सेमी फाइनल में

### खेले गए अंतिम लीग मैच में बंगाल ने बिहार को हराया

**जमालपुर (मुंगेर)।** जेएसए मैदान, जमालपुर में रविवार को छठे अजय कुमार सिंह बच्चन मेमोरियल महिला फुटबल टूर्नामिंट के तीसरा मैच बिहार एवं बंगाल के बीच खेला गया। खेले गए मैच में पहला गोल बंगाल की ओर से जर्सी नंबर 14 के सपना टुडू ने मैच के 19 में मिनट में कर अपनी टीम को 1 - 0 बढ़त बना दिया। वही दूसरा गोल करने को लेकर बिहार की टीम गोल करने को लेकर एक के बाद एक प्रयास करते रहे पर उनका यह प्रयास गोल पोस्ट में तब्दील नहीं कर सकी। बंगाल की टीम इस तरह बंगाल की टीम मैच में 1 - 0 से विजई रही और ग्रुप ए का बंगाल टीम बेहतर अंक लेकर पहले स्थान पर रही। वहीं दूसरे टीम के लिए उड़ीसा और बिहार के अंक बराबर होने के कारण टस से फैसला किया गया जिसमें उड़ीसा की टीम विजई रही। इस तरह ग्रुप ए में उड़ीसा की दूसरे स्थान पर रही। टूर्नामिंट में उड़ीसा एवं बंगाल की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश किया।मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बंगाल की गोलकीपर मिन्नी बास्के को दिया गया।मैच के मुख्य अतिथि मुख्य पार्षद पार्वती देवी विशिष्ट अतिथि रेल एसपी विद्यासागर एवं विद्युत वीपीके मिंज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।रेफरी की भूमिका शिवरत गौतम, मनीष कुमार, संतोष कुमार और मोहम्मद सलाम ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में सचिव रामगोपाल शर्मा सहित सज्जन सिंह, प्रहलाद राउत, रिंकू सिंह, अनिल पासवान, मृत्युंजय सिंह, राकेश कुमार, दिलीप हेमवरम, मिथुन कुमार, संजय ट्विंकल, अमित कुमार, रतन घोष और राजेश सिंह का सहयोग रहा।



खिलाड़ी से हाथ मिलाते अतिथि।

## बाढ़ पीड़ितों एवं प्रशासन में समन्वय स्थापित करेगा इंडो नेपाल फ्रैंडशिप फोरम

### बाढ़पीड़ितों के बीच जाकर फोरम करेगा जमीनी हकीकत की पड़ताल

**जमालपुर (मुंगेर)।** इंडो नेपाल फ्रैंडशिप फोरम की एक विशेष बैठक जमालपुर दलहट्टा दुर्गा स्थान में अध्यक्ष संजय केशरी की अध्यक्षता में आयोजित कर बाढ़पीड़ितों एवं प्रशासन में समन्वय स्थापित करने का निर्णय लिया गया। संबोधित करते हुए अध्यक्ष संजय केशरी ने कहा कि प्रशासनिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमलोग बाढ़ग्रस्त इलाकों का मुआयना कर प्रशासन को जमीनी हकीकत से अवगत करायेंगे ताकि बाढ़ राहत अभियान का लाभ सही तरीके से बाढ़पीड़ितों को मिल सके। राकेश गोप एवं रविशंकर यादव ने कहा कि हर साल बाढ़पीड़ितों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है जबकि इसके स्थाई समाधान के लिए आज तक सरकारें घोषणा करके गहरी नींद में सो जाती है। रामकुमार सिंह एवं वार्ड आयुक्त राकेश तिवारी ने कहा कि फरक्का बराज के निर्माण के साथ ही गंगा नदी में शुरू हो गई गाद की समस्या आज कोढ़ बन चुकी है। इस अवसर पर पवन कुमार चौधरी, अजय प्रसाद सिंह, रामकुमार तांती, रमेश केशरी, अमलेश यादव, दीपक कुमार, ओमप्रकाश, मंगल कुमार एवं सत्यनारायण साह सहित अन्य साथीगण उपस्थित थे।




बैठक करते इंडो नेपाल फ्रैंडशिप फोरम।

# स्टॉल पर मनमानी की कीमत चुका रहे यात्री चेतावनी के बाद भी जारी है अधिक वसूली

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर संचालित स्टलों पर यात्रियों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यात्रियों की शिकायत के बाद संबंधित स्टल संचालकों को चेतावनी दिए जाने के बावजूद कथित तौर पर अधिक कीमत वसूलने का सिलसिला जारी है। इससे यात्रियों में रेल प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। जमालपुर-भागलपुर, पटना और दिल्ली की यात्रा करने वाले राकेश कुमार, पिंटू कुमार, पूनम देवी, राजू कुमार, विक्की कुमार, अरुण पासवान सहित कई यात्रियों ने बताया कि प्लेटफार्म पर पानी, बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक, कुरकुरे समेत अन्य खाने-पीने की वस्तुओं के लिए निर्धारित मूल्य से अधिक राशि ली जा रही है। यात्रियों का आरोप है कि सामान खरीदने के बाद जब अधिक कीमत पर सवाल किया जाता है तो दुकानदारों की ओर से मनमानी की जाती है।यात्रियों के अनुसार, पूर्व में भी इसकी शिकायत संबंधित रेल पदाधिकारियों से की गई थी। पिछले दिनों यात्रियों ने सीएमयाई संजीव कुमार गुप्ता से स्टल संचालकों की शिकायत की थी। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकानदारों को निर्धारित मूल्य पर ही सामान बेचने की चेतावनी दी थी। बावजूद इसके यात्रियों का कहना है कि स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है।यात्रियों ने रेल प्रशासन से स्टेशन के सभी स्टलों की औचक जांच कराने और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करने वाले संचालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।




प्लेटफार्म पर स्टॉल धारी दुकान।

## संक्षिप्त खबरें

### लूट की कैब के साथ चार गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला थाना क्षेत्र में लूट की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूटी गई कैब के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार आरोपितों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है और लूट की घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का भी पता लगाने में जुटी है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, कैब लूट की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। तकनीकी जांच और उपलब्ध सुरागों के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए लूटी गई कैब बरामद कर ली तथा चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के दौरान पुलिस लूट की पूरी घटना का क्रम, वारदात में इस्तेमाल किए गए साधनों तथा गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपितों ने इससे पहले भी किसी अन्य आपराधिक घटना को अंजाम दिया है या नहीं।पुलिस की कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हालांकि, मामले में पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी और गिरफ्तार आरोपितों की पहचान का आधिकारिक खुलासा किया जाना बाकी है।कैब लूट के मामले में त्वरित कार्रवाई कर वाहन की बरामी और चार आरोपितों की गिरफ्तारी से पुलिस की सक्रियता सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त और निगरानी को और मजबूत किए जाने की जरूरत है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है ।

### ढीबर हाई स्कूल जलमग्न पठन-पाठन पर संकट

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंडारक प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ का पानी अब शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचने लगा है। प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय ढीबर का पूरा परिसर बाढ़ के पानी से जलमग हो गया है। विद्यालय परिसर में पानी भर जाने से छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विद्यालय तक पहुंचना और सुरक्षित तरीके से आवागमन करना चुनौती बन गया है।बताया जाता है कि लगातार बढ़ रहे बाढ़ के पानी के कारण विद्यालय परिसर में जलजमाव की स्थिति गंभीर होती जा रही है। परिसर में चारों ओर पानी फैल जाने से विद्यालय का सामान्य शैक्षणिक माहौल प्रभावित हुआ है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में भी चिंता बढ़ने लगी है।ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के दौरान विद्यालय परिसर में पानी भरने से पढ़ाई प्रभावित होने के साथ-साथ भवन एवं विद्यालय की अन्य परिसंपत्तियों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। जलजमाव के कारण बच्चों के विद्यालय आने-जाने में विशेष परेशानी हो रही है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विद्यालयों को सुरक्षित रखने और बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रशासन के समक्ष बड़ी चुनौती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्यालय परिसर से पानी की निकासी, बच्चों की सुरक्षा तथा आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग की है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बाढ़ का पानी यदि इसी तरह बढ़ता रहा तो विद्यालय में पठन-पाठन पूरी तरह बाधित हो सकता है। प्रशासन को स्थिति का तत्काल जायजा लेकर आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है, ताकि बाढ़ के बीच बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों प्रभावित न हों।

### मुंगेर से आए कारीगरों की मदद से चल रही थी मिनी गन फैक्ट्री, चार गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस द्वारा मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन मामले में सोमवार को एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता कर कार्रवाई की जानकारी दी। पुलिस ने मौके से 12 अर्धनिर्मित और एक निर्मित हथियार समेत हथियार बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण व अन्य सामान बरामद किए हैं। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।एसडीपीओ के अनुसार, हथियार निर्माण के लिए मुंगेर से कारीगर बुलाए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर हथियार निर्माण और इसकी सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### विवेक देवराय कमेटी के सिफारिश के अनुसार पीपीपी मॉडल पर जमीन आवंटित करने की मांग

**जमालपुर(मुंगेर)।** रेलवे के आसपास के क्षेत्र से हटाए गए फुटकर विक्रेताओं के सवाल को लेकर जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने पूर्व रेलवे मालदा के डीआरएम सहित जीएम, डीएम एसपी सहायक सुरक्षा आयुक्त एवं स्थानीय थानाध्यक्ष को पत्र भेज कर जमालपुर स्टेशन के आसपास अपनी रेहड़ी लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले फुटकर विक्रेताओं को विवेक देवराय कमेटी के सिफारिश के अनुसार पीपीपी माडल पर जमीन आवंटित करने की मांग की है। श्री यादव ने अपने लिखे पत्र में कहा कि मडल स्टेशन जमालपुर के बाहरी परिसर में बरसों से कई फुटकर विक्रेता धंधा कर अपना घर परिवार बाल बच्चे का भरण पोषण कर रहा है जिसके द्वारा कोई स्थाई अतिक्रमण नहीं किया जाता है बावजूद अतिक्रमण और जम के नाम पर तमाम तरह के नियम कानून हथकंडा और डंडा भी इसी पर चलाया जाता है जबकि इस भूमिका में रेल खुद सवालों के कटघरे में खड़ा है एक तरफ चहारदीवारी के अंदर फूड वैन लगाने के नाम पर मडल स्टेशन के मुख्य द्वार को रेलवे खुद अतिक्रमण को बढ़ावा दे रही है और दूसरी तरफ अतिक्रमण और जाम के नाम पर फुटकर विक्रेता से रोजगार छिनी जा रही है। जो रेलवे की नीतियों पर सवाल खड़ा करता है जबकि विवेक देवराय कमेटी 2015 के सिफारिश के अनुसार निजी डेवलपर्स को रियायत के तहत फुटकर विक्रेता और दुकानदारों को पीपीपी मडल पर खाली पड़ी जमीन का व्यवसायिक उपयोग रेल हित में जरूरी बताया बावजूद रेलवे अधिकारियों इसे लागू करने के बजाए इसे उजाड़ने का कुत्य कर रहे हैं।श्री यादव ने आगे लिखा की रेलवे अगर इस मामले में अविलम्ब संज्ञान नही लेती है तो संघर्ष मोर्चा फुटकर विक्रेता के समर्थन में आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेगी।

### हथियार के बल घर में घुसे आरोपी परिवार, युवती का किया अपहरण

**जमालपुर (मुंगेर)।** सफियासराय थाना क्षेत्र के सिंघिया चौक में हथियार के बल घर में घुसकर एक युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। घटना को लेकर युवती के पिता ने थाने में आवेदन देकर छह नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस युवती की बरामी और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। पिता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री से दोस्ती कर प्रेम-संबंध बनाने लगा। आवेदन के अनुसार, उक्त युवक अपना नाम आर्यन बताता था, जबकि उसका वास्तविक नाम नियाजुल हक है। आरोप है कि दो सितंबर की सुबह करीब चार बजे सिंघिया निवासी मो़ महफूज आलम का पुत्र नियाजुल हक उर्फ आर्यन अपने पिता महफूज, समीना खातून, रानी खातून, शमशाद खान और आफताब समेत कुछ अज्ञात लोगों के साथ हथियार लेकर उसके घर पहुंचा। आरोपियों ने दरवाजा खटखटाकर जबरन खुलवाया और पिस्तौल का भय दिखाकर युवती को अपने साथ ले गए। पिता ने बताया कि इससे पूर्व भी सफियासराय थाना के तहत अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस ने युवती को सकुशल बरामद किया था। इसके बावजूद दोबारा अपहरण किए जाने का आरोप लगाया गया है। इधर, प्रभारी थानाध्यक्ष शिवरानी कुमारी ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर सफियासराय थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। युवती की खोजबीन और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बाढ़ राहत शिविर का किया निरीक्षण

**सोनपुर (एनएसबी)** छपरा,07 सितंबर,2026। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज सारण जिले के सोनपुर शहर स्थित स्काउट एंड गाइड सेंटर में संचालित बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राहत शिविर में रह रहे बाढ़ प्रभावित लोगों से आत्मीयता के साथ बातचीत कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्वयं प्रभावित लोगों के साथ भोजन किया तथा भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। राहत शिविर में रह रहे लोगों ने व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें भोजन, आवासन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने राहत शिविर में संचालित कम्युनिटी किचन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने पंजीकरण-सह-नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग रहने की व्यवस्था का निरीक्षण किया और शिविर में रह रहे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने राहत शिविर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र एवं शैक्षणिक शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, शैक्षणिक गतिविधियों एवं खान-पान के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित बच्चों की शिक्षा एवं अन्य आवश्यक गतिविधियां प्रभावित न हों तथा शिविरों में बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा सेवाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से उपलब्ध जांच एवं उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि बीमार होने की स्थिति में बाढ़ प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए परेशानी न हो। पशु चिकित्सा शिविर की भी जानकारी लेते हुए उन्होंने पशुओं के लिए पर्याप्त दवाएं उपलब्ध रखने तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशु चारा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के पानी में डूबने से हुई मृत्यु के मामलों में मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ से हुई फसल क्षति का आकलन कराया जाएगा तथा प्रभावित किसानों को नियमानुसार समुचित मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में आपदा की स्थिति में सरकार पूरी तरह प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, चिकित्सा, पढ़ाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की लगातार मनिटरिंग की जा रही है तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की स्थिति सामान्य होने के बाद घर-घर जाकर नुकसान का आकलन कराया जाएगा तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव राहत उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने गंगा में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी और कहा कि गंगा के स्ट्रेच को एक सीमा में बांधने के संबंध में केंद्रीय जल आयोग से भी बातचीत की गई है, ताकि प्रत्येक वर्ष बाढ़ से उत्पन्न होने वाली समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में लगभग 17 से 18 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। फरक्का बराज से अभी लगभग 15 लाख क्यूसेक पानी का लगातार डिस्चार्ज हो रहा है। उन्होंने अगले दो-तीन दिनों में स्थिति में और राहत मिलने की संभावना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आपदा से लोगों को राहत दिलाने के लिए सरकार द्वारा हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, गृह विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, सारण के जिला पदाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव, सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री रोशन कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



शिविर का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

### कार्मिक एवं यांत्रिक विभाग के बीच रोमांचक मुकाबला ड्रॉ

**सोनपुर (एनएसबी)** मंडल के रेलवे स्टेडियम में आयोजित मेजर ध्यानचंद खेलो उत्सव2026 के अंतर्गत आज कार्मिक विभाग एवं यांत्रिक विभाग के बीच अंतर विभागीय फुटबल प्रतियोगिता का बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। पूरे मैच के दौरान दोनों टीमों ने उत्ष्ट तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रणनीति अपनाई। कार्मिक विभाग ने तेज पासिंग और सशक्त आक्रमण से कई अवसर बनाए, वहीं यांत्रिक विभाग की मजबूत रक्षापंक्ति और गोलकीपर ने शानदार बचाव करते हुए विपक्षी टीम को बढ़त बनाने का अवसर नहीं दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं और मुकाबला ड्र घोषित किया गया। आज के मैच का सफल संचालन नवीन सिंह, नसीम रियाजी एवं रबिन लकड़ा ने अंपायर के रूप में किया। प्रतियोगिता का आयोजन सोनपुर मंडल द्वारा मेजर ध्यानचंद की स्मृति में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों की टीमें उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ राहत शिविर में तीन वर्षीय बच्ची की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र में आई बाढ़ के बीच राहत शिविर में रह रहे एक परिवार की तीन वर्षीय बच्ची की सोमवार सुबह मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृत बच्ची की पहचान मऊ धनेश्वर दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी सूरज राम की तीन वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ मकतब में राहत शिविर बनाया गया है। बाढ़ के कारण सूरज राम का परिवार भी इसी राहत शिविर में रह रहा था। सोमवार की सुबह अचानक बच्ची की तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार नंदनी पहले से बीमार चल रही थी और उसका इलाज समस्तीपुर के चिकित्सक से कराया जा रहा था। राहत शिविर में बच्ची की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया दिनेश प्रसाद सिंह, बीडीओ महताब अंसारी और सीओ कुमार हर्ष ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की ओर से पीड़ित परिवार को सहायता के रूप में 7,500 रुपये का सहयोग दिया गया। राहत शिविर में बच्ची की मौत की घटना के बाद वहां रह रहे बाढ़ पीड़ितों में भी चिंता और ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

### मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में आठ घायल, दो सदर अस्पताल रेफर

आपसी विवाद को लेकर विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की घटनाएं

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में आठ पुरुष एवं महिलाएं घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों की मदद से सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों में बेलसंडी गांव निवासी 35 वर्षीय सीमा देवी, लदौड़ा गांव निवासी 28 वर्षीय संजीत कुमार पासवान तथा बरहेता गांव निवासी 85 वर्षीय मोहन मंडल, 42 वर्षीय रेणु देवी, 29 वर्षीय खुशबू कुमारी, 30 वर्षीय सोनू कुमार, 50 वर्षीय अनीला देवी और दियाशंकर शामिल हैं। अस्पताल में चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं, मोहन मंडल और रेणु देवी की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर किया गया। घटना की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.के. ठाकुर ने दी। बताया जाता है कि विभिन्न गांवों में आपसी विवाद के बाद मारपीट की घटनाएं हुईं। घटना के बाद घायलों के परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। संबंधित मामलों में स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है।

### श्रीकृष्ण-राधा की प्रतिमा विसर्जन के साथ तीन दिवसीय जन्माष्टमी मेला संपन्न

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड के गढ़सिसाई पंचवटी चौक पर आयोजित तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला सोमवार को श्रीकृष्ण एवं राधा की प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सोमवार की संध्या आयोजन समिति के सदस्यों ने पूजा स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में हाथी-घोड़ा पालकी और 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु श्रीकृष्ण और राधा की प्रतिमा के साथ भगवान शंकर, माता पार्वती, नंद, वासुदेव आदि की प्रतिमाओं को लेकर गढ़सिसाई पुल के समीप पहुंचे, जहां विधिवत प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इससे पूर्व आयोजन समिति की ओर से मेला एवं पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस प्रशासन तथा सफाई कार्य में लगे कर्मियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में अविनाश भारद्वाज, नरेश महतो, अनिल कुमार, महेश कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

### आरबी कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का समापन, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**दलसिंहसराय/एनएसबी।** रामाश्रय बालेश्वर महाविद्यालय, दलसिंहसराय में 29 अगस्त से छह सितंबर तक आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सोमवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) संजय झा ने की, जबकि संचालन खेल पदाधिकारी उदय शंकर विद्यार्थी ने किया। खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी, वालीबाल और फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य एवं खेल पदाधिकारी ने प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिताओं में भूमिका निभाने वाले रेफरी और अंपायरों को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य प्रो. झा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, प्रेम, सहयोग और सद्भावना की भावना विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य ने खेल पदाधिकारी को छात्रों के हित में महाविद्यालय स्तरीय वार्षिक खेल कैलेंडर तैयार करने और नियमित रूप से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने का निर्देश दिया। मौके पर डॉ. विमल कुमार, डॉ. धीरज कुमार पाण्डेय, डॉ. अपूर्व सारस्वत, डॉ. सोहित राम, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. राजकिशोर, संजय कुमार सुमन, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. मुकेश कुमार झा, डॉ. पूर्णिमा कुमारी पोद्दार, डॉ. एस.एम. रहमानी, डॉ. जवाहरलाल, डॉ. हरीश सामरिया सहित अन्य प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं खेल प्रतिभागी उपस्थित थे। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# मोहनपुर, मोहिउद्दीननगर और विद्यापतिनगर में युद्धस्तर पर राहत-बचाव कार्य जारी



**समस्तीपुर/एनएसबी।** जिले के बाढ़ प्रभावित मोहनपुर, मोहिउद्दीननगर और विद्यापतिनगर प्रखंडों में जिला प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ-साथ भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, अस्थायी आश्रय और पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।

जिला मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तीनों प्रखंडों में करीब 2,33,212 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए 58 सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इन रसोइयों के माध्यम से अब तक करीब 25,858 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा चुका है।

प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत देने के उद्देश्य से 31,398 पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया गया है। इससे बाढ़ पीड़ित परिवारों को अस्थायी आश्रय और बारिश से बचाव में मदद मिल रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रभावित क्षेत्रों में 18 मेडिकल कैंप संचालित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में लोगों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को प्रभावित इलाकों में लगातार सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। बाढ़ प्रभावित पशुओं की सुरक्षा के लिए 17 पशु राहत/शेड कैंप बनाए गए हैं। पशुओं के लिए चारा और भूसा उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक 216 क्विंटल भूसा एवं पशु चारा वितरित किया जा चुका है। इसके अलावा 17 पशु चिकित्सा कैंप भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां अब तक 264 पशुओं को उपचार एवं दवा उपलब्ध कराई गई है। राहत एवं बचाव कार्य के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन सुचारू बनाए रखने के लिए कुल 192 नावों का परिचालन किया जा रहा है। इन नावों के माध्यम से बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ राहत सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आवश्यकता के अनुसार राहत एवं बचाव कार्यों को और तेज किया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बाढ़ के दौरान अनावश्यक रूप से जोखिम वाले क्षेत्रों में न जाएं और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# पूसा के छह शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026



**समस्तीपुर/एनएसबी।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पूसा प्रखंड के छह शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। रोसड़ा में मुसाय नायक सीता देवी एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षकों को उनके शैक्षणिक योगदान, नवाचार और शिक्षण-अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार के जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, धार्मिक न्यास परिषद के सदस्य सायन कुणाल तथा विधान पार्षद डॉ. तरुण सहित अन्य अतिथियों ने सम्मानित शिक्षकों को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्रदान किया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों में मध्य विद्यालय गोपालपुर के शिक्षक संजय कुमार गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय ग्रामीण प्रतिष्ठान बिरौली के प्रधान शिक्षक सूर्य प्रकाश, शिक्षक आमिर अली इमाम, प्राथमिक विद्यालय पातेपुर गोपीनाथ के प्रधान शिक्षक रणधीर कुमार और शिक्षक शंकर पासवान समेत छह शिक्षक शामिल हैं। शिक्षकों को विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, शैक्षणिक नवाचारों तथा टीएलएम यानी शिक्षण-अधिगम सामग्री के बेहतर उपयोग के लिए यह सम्मान दिया गया। सम्मान मिलने पर पूसा के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजीव नयन, प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# बरनवाल वैश्य महासभा की बैठक में चुनाव की तैयारियों पर हुई चर्चा

**दलसिंहसराय/एनएसबी।** श्री भारत वर्षीय बरनवाल वैश्य महासभा, वाराणसी के सत्र 2026-29 के लिए नई कार्यसमिति के गठन को लेकर चुनावी तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को दलसिंहसराय शहर के मेन बाजार स्थित बरनवाल सेवा सदन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के संरक्षक प्रो. अनिल कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन प्रिंस कुमार राजू ने किया।

बैठक में बिहार प्रदेश कार्यसमिति के अध्यक्ष राजू बरनवाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आगामी चुनाव को लेकर रणनीति, मतदान प्रक्रिया और मतदाताओं को जोड़ने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। यूपी और बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रतिनिधियों ने समाज की एकता को मजबूत करने तथा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का संकल्प लिया। बैठक में बताया गया कि आगामी 25 अक्टूबर को देवघर में मतदान होगा। इसमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, एक नवंबर को देवरिया में भारत के शेष राज्यों एवं नेपाल के मतदाताओं के लिए मतदान कराया जाएगा। चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया 13 सितंबर से बरनवाल सेवा सदन, वाराणसी में होने की जानकारी दी गई। मौके पर डॉ. अजय प्रकाश, अशोक प्रसाद बरनवाल, प्रदीप बरनवाल, जयशंकर प्रसाद, अनिल कुमार बबलू, विवेक हर्ष, ज्योति प्रकाश, राकेश बरनवाल, राजन बरनवाल, संजय बरनवाल, शशिभूषण बरनवाल, कृष्ण मोहन, ब्रजेश बरनवाल, दीपक बरनवाल, राम कुमार, हरि ओम लाल, अनिल कुमार लाल, मनीष बरनवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

# बिहार में बाढ़ त्रासदी पर सरकार को घेरा, स्थायी समाधान की मांग

**राजद जिला प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने कहा—हर साल बाढ़ में बह जाती है जनता की गाढ़ी कमाई**

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** एक निजी कार्यक्रम में मोहनगर पहुंचे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के समस्तीपुर जिला प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने बिहार में बाढ़ की विकराल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार पर बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान में विफल रहने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर और मोहनपुर प्रखंड सहित बिहार के एक दर्जन से अधिक जिले और करीब 50 से अधिक प्रखंड बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ के कारण लाखों लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई परिवारों के सामने भोजन, पेयजल, आवास, पशुचारा और स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि बिहार में बाढ़ की समस्या कई दशकों से बनी हुई है, लेकिन सरकार अब तक इसका स्थायी निदान निकालने में सफल नहीं हो सकी है। प्रत्येक वर्ष बाढ़ के दौरान आम लोगों की गाढ़ी कमाई, फसल और संपत्ति बर्बाद हो जाती है। इसके बावजूद सरकार की कार्रवाई राहत और हवाई सर्वेक्षण तक सीमित रह जाती है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए दीर्घकालिक और वैज्ञानिक नीति बनाई जाए। नेपाल से निकलने वाली नदियों पर उच्चस्तरीय बांध निर्माण, तटबंधों को मजबूत करने तथा नदियों की गाद की नियमित सफाई के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय भी जरूरी है। राजद प्रवक्ता ने केंद्र सरकार से बिहार की बाढ़ की गंभीरता को देखते हुए इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने तथा राज्य के लिए विशेष पैकेज देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत सामग्री, सामुदायिक रसोई, स्वच्छ पेयजल और पर्याप्त दवा की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने बाढ़ से प्रभावित किसानों को उचित फसल क्षतिपूर्ति देने तथा क्षतिग्रस्त मकानों और पशुधन के नुकसान की भरपाई के लिए भी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने की अपील की।

राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि बाढ़ से हर वर्ष होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सरकार को तात्कालिक राहत के साथ-साथ स्थायी समाधान की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे।

# जन्माष्टमी आयोजन समितियों के पूजा पंडालों का विजुअल आर्ट फाउंडेशन ने किया निरीक्षण

**दलसिंहसराय/एनएसबी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर शहर में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और आकर्षक पूजा पंडालों का विजुअल आर्ट फाउंडेशन की टीम ने निरीक्षण किया। संस्था की टीम ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर पूजा समितियों द्वारा किए गए आयोजन, पंडाल की सजावट और कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। टीम ने टेन स्टार क्लब, अंबेडकर नवयुवक कृष्ण जन्मोत्सव समिति, 32 नंबर गुमटी के समीप आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव तथा चिल्ड्रेन यंग क्लब के पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने आयोजकों से कार्यक्रमों की जानकारी ली और आयोजन की व्यवस्थाओं को देखा।

विजुअल आर्ट फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बेहतर, आकर्षक और रचनात्मक आयोजन करने वाली पूजा समितियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाता है। इसी उद्देश्य से संस्था की टीम द्वारा शहर के विभिन्न पंडालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टेन स्टार क्लब, हीरालाल साह धर्मशाला की ओर से विजुअल आर्ट फाउंडेशन के सदस्यों को सम्मानित किया गया। संस्था के अभिभावक चंदन प्रसाद भी मौजूद रहे। संस्था के मुख्य कर्ता के रूप में अमित मालाकार और जितेंद्र कुमार उपस्थित थे। सम्मान के लिए संस्था के सदस्यों ने आयोजन समिति के प्रति आभार जताया। मौके पर विजुअल आर्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष मो. सुलेमान, कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव प्रकाश, सचिव उत्सव जायसवाल, अमित पोद्दार, हेमंत आनंद, सज्जन कुमार, बलराम पंडित, रूपक कौशल, आलमगीर अंसारी, विपीन कुमार एवं शैलेश कानू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# वांछित आरोपी को पकड़ने गई पुलिस से ग्रामीण उलझे, आरोपी को छुड़ाया

**दलसिंहसराय/एनएसबी।** थाना क्षेत्र के केवटा गांव में सोमवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब पुलिस एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची। पुलिस ने आरोपी को अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन इसी दौरान उसके परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने पुलिस टीम का विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते मामला सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामे में बदल गया और ग्रामीणों ने पुलिस के कब्जे से आरोपी को छुड़ा लिया।

बताया गया है कि दरोगा संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम एक मामले के अनुसंधान के सिलसिले में केवटा गांव पहुंची थी। पुलिस टीम ने एक युवक को पकड़ लिया और उसे थाने ले जाने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान आरोपी के परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए आरोपी को छुड़ाने का प्रयास किया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग सड़क पर जमा हो गए और पुलिस तथा ग्रामीणों के बीच नोकझोंक होने लगी। इसी दौरान ग्रामीणों ने पुलिस के कब्जे से आरोपी को छुड़ा लिया।

घटना के दौरान पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई किए जाने की भी बात सामने आई है, जिसमें पुलिस के एक जवान को चोट लगने की सूचना है। घटना के बाद काफी देर तक सड़क पर लोगों की भीड़ जमा रही, जिससे अफरातफरी का माहौल बना रहा।

सूचना मिलने के बाद पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया है। मामले में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।

# 13 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पोस्टमार्टम से खुलेगा मौत का राज

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, एफएसएल टीम ने जुटाए नमूने**



**कल्याणपुर एनएसबी।** चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर पंचायत में सोमवार को 13 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद 112 की टीम एवं चकमेहसी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घर से किशोरी का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान मालीनगर पंचायत निवासी जगनदेव राय की 13 वर्षीय पुत्री गुंजा कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया है कि किशोरी के पिता रोजी-रोटी के सिलसिले में प्रदेश से बाहर रहते हैं। गुंजा अपनी सौतेली मां के साथ रहती थी। उसकी सगी मां का पहले ही निधन हो चुका है।

किशोरी के पिता ने पुलिस को फोन पर बताया कि गुंजा मिर्गी की बीमारी से पीड़ित थी और उसका इलाज चल रहा था। वहीं, घटना के बाद आसपास के लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं भी सामने आईं। कुछ स्थानीय लोगों द्वारा किशोरी के साथ उसकी सौतेली मां द्वारा मारपीट किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका की सौतेली मां ममता देवी की ओर से पुलिस को आवेदन दिया गया है, जिसमें किशोरी के बीमार होने की बात कही गई है।

घटना की वास्तविक वजह क्या थी और किशोरी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मामले की जांच के लिए समस्तीपुर से एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक नमूने एकत्र किए। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे एसडीओ, राहत एवं बचाव व्यवस्था का लिया जायजा



**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने शेरपुर दियारा, बालकृष्णपुर मड़वा सहित विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही राहत एवं बचाव व्यवस्था का जायजा लिया।

एसडीओ ने प्रभावित क्षेत्रों में संचालित किचेन शेड, भोजन व्यवस्था और राहत शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि राहत शिविरों में रह रहे लोगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल उसका समाधान करने को कहा।

उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में नावों के संचालन की स्थिति की भी जानकारी ली। नावों की उपलब्धता और परिचालन की समीक्षा करते हुए जरूरत वाले स्थानों पर नियमित रूप से नाव चलाने का निर्देश दिया गया।

एसडीओ ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के मवेशियों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे पशु चारे की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान पशुपालकों और उनके पशुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त चारे की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में निचले और असुरक्षित क्षेत्रों से निकलकर सुरक्षित स्थानों अथवा राहत शिविरों में चले जाएं। मौके पर बीडीओ महताब अंसारी, जदयू प्रदेश महासचिव धीरेंद्र कुमार सिंह, मुखिया संजीत सहनी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बंद घर से सामान की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड के मेहंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बोध बिगहा गांव में एक बंद घर से सामान चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी गृहस्वामी के परिजनों द्वारा मेहंदिया थाने को दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार बोध बिगहा गांव निवासी नन्हे साव अपने पूरे परिवार के साथ दमन में रहकर काम करते हैं और कभी-कभार ही गांव आते हैं। फिलहाल गांव में सोलर प्लेट लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसी कार्य को देखने के लिए उनके परिजन बीते शनिवार की रात दमन से गांव स्थित घर लौटे थे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि घर के कई सामान गायब हैं।चोरी हुए सामान की विस्तृत जानकारी अभी जुटाई जा रही है। प्रथम दृष्टया घर से बर्तन, चावल, साड़ी, एं/एलईडी टीवी सहित अन्य घरेलू सामान चोरी होने की बात सामने आ रही है। परिजनों द्वारा इसकी सूचना मेहंदिया पुलिस को दी गई है।इस संबंध में मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना गृहस्वामी के परिजनों द्वारा दी गई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने के साथ-साथ घटना की जांच कर रही है।

### फरार तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना की पुलिस ने बीते रविवार की रात्रि थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो से फरार तीन वारंट अभियुक्तों को विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को उनके संबंधित गांवों से गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा। गिरफ्तार आरोपितों में धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता,, ग्राम वलीदाद, परमात्मा राम, ग्राम हरदिया; और विनोद राम, ग्राम हरदिया शामिल हैं।थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि तीनों अभियुक्तों के खिलाफ लंबे समय से अजमानतीय वारंट जारी था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर गुप्त सूचना के आधार पर उनके संबंधित गांवों से गिरफ्तारी की। गिरफ्तारी के बाद सभी अभियुक्तों को थाना लाकर आवश्यक पूछताछ और कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस ने उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी जुटाई। इसके बाद तीनों को न्यायालय में पेश किया गया है पुलिस के अनुसार, वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। न्यायालय के निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### देशी शराब बरामदउ, कई माह से चोरी-छिपे कर रहा था शराब की बिक्री

**मेहंदिया (एनएसबी)।** परासी थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 20 लीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से सैदपुर गांव निवासी मंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मंटू कुमार पिछले कई माह से चोरी-छिपे शराब की बिक्री करने का काम कर रहा था। पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की गई। परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सैदपुर गांव मे एक व्यक्ति द्वारा चोरी-छिपे देशी शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की, जिसमें मंटू कुमार के घर से 20 लीटर देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुआ टीएचआर का वितरण

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन का वितरण किया गया .इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर निर्धारित मात्रा में लाभुकों को पोषाहार का वितरण कराया गया है। वितरण कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए महिला पर्यवेक्षिका सोनल कुमारी, पूनम कुमारी, पिंकी कुमारी रिमी कुमारी सहित अन्य पर्यवेक्षिकाओं ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया और अपने देख-रेख में लाभार्थियों के बीच टीएचआर का वितरण कराया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के बीच चावल, दाल,सोयाबीन सहित अन्य पौष्टिक सामग्री का वितरण किया गया। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षिकाओं ने सेविकाओं को निर्देश दिया कि कोई भी योग्य लाभार्थी वंचित न रहे और वितरण में पारदर्शिता बरती जाए।

### जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा राहत एवं बचाव कार्य

**अरवल (एनएसबी)।** बाढ़ की स्थिति में सुधार, राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में जिले में पुनपुन नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण निचले इलाकों में उत्पन्न जलभराव की स्थिति में अब लगातार सुधार दर्ज किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी के साथ राहत एवं बचाव कार्य लगातार संचालित किए जा रहे हैं। बाढ़ का अब तक का कुल संचित प्रभाव जिले में अब तक बाढ़ / जलभराव से 03 प्रखंडों की 15 पंचायतों के 25 गांव प्रभावित हुए हैं। इससे लगभग 6.750 लोग प्रभावित हुए। वर्तमान स्थिति में उल्लेखनीय सुधार वर्तमान में प्रभावित क्षेत्रों की संख्या में कमी आई है। फिलहाल 02 प्रखंडों की 11 पंचायतों के 19 गांव प्रभावित हैं तथा लगभग 3,250 लोग प्रभावित हैं। किसी भी नगर परिषद वार्ड के प्रभावित होने की सूचना नहीं है। पुनपुन नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। बंशी, कुर्था एवं करपी सहित विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण में अधिकांश स्थानों पर जलस्तर में स्थिरता एवं कमी पाई गई है। नदी का पानी लगातार कम होने से प्रभावित इलाकों में स्थिति सामान्य होने की ओर अग्रसर है। राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर राहत कार्य संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में 08 नावों का परिचालन किया जा रहा है तथा 02 सामुदायिक रसोई संचालित हैं। अब तक प्रभावित परिवारों के बीच 533 ड्राई राशन पैकेट एवं 430 से अधिक पॉलीथिन शीट्स का वितरण किया गया है। स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा सेवाएं सक्रिय प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए 16 स्थायी स्वास्थ्य शिविर संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही बोट एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सकीय दल प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचकर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। पशुओं की देखभाल एवं उपचार के लिए 05 पशु चिकित्सा शिविर भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां आवश्यकतानुसार पशुओं का उपचार एवं अन्य जरूरी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिला पदाधिकारी का संदेश जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने कहा कि राहत, भोजन, स्वास्थ्य, आवासन एवं पशु चारे से संबंधित व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार एवं सतर्क है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों एवं अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करें तथा बाढ़ एवं राहत कार्यों से संबंधित जानकारी के लिए केवल जिला प्रशासन के आधिकारिक माध्यमों से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें। जिला प्रशासन, अरवल हर परिस्थिति में जिलेवासियों की सहायता एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### दस सूत्री मांगों को लेकर एआईएसएफ का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**पटना (एनएसबी)।** पटना विश्वविद्यालय में छात्रों की दस सूत्री मांगों को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल सोमवार से पटना विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में शुरू हुआ। भूख हड़ताल की शुरूआत तीन छात्र नेताओं बिट्टू भारद्वाज, प्रिंस राज एवं किशलय को माला पहनाकर की गई। इस अवसर पर भाकपा नेता शंभू जी ने भूख हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि आज जिस तरह देश में छात्रों और युवाओं की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है तथा पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, उसी तरह पटना विश्वविद्यालय के कुलपति भी तानाशाही के रास्ते पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों की मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। एआईएसएफ के पटना जिला सचिव मीर सैफ अली ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय देश के सातवें सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है और इसकी अपनी गौरवशाली परंपरा रही है। लेकिन वर्तमान कुलपति के रवैये के कारण विश्वविद्यालय की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि एलएलबी प्रवेश परीक्षा रद्द नहीं की गई और पीजी में हुई व्यापक फीस वृद्धि को अविलंब वापस नहीं लिया गया, तो एआईएसएफ विश्वविद्यालय में आंदोलन को और व्यापक करेगा।

# समाहरणालय सभाकक्ष में अंतर विभागीय समन्वय बैठक संपन्न


बैठक करते डीडीसी।

**अरवल (एनएसबी)।** राष्ट्रीय पोषण माह के सफल क्रियान्वयन को लेकर अंतर-विभागीय समन्वय बैठक आयोजित 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष, अरवल में अंतर विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी, अमृषा बैंस के निदेशानुसार बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त, शैलेश कुमार द्वारा की गई। बैठक में आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका, योजना सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों, विभागीय दायित्वों एवं आपसी समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) श माला कुमारी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 9वां राष्ट्रीय पोषण माह 09 सितम्बर 2026 से 08 अक्टूबर 2026 तक मनाया जाएगा। इस वर्ष पोषण माह की थीम 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान मुख्य रूप से निम्न विषयों पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना। आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताजा एवं गर्म पका भोजन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर। सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पोषण गतिविधियों में समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना। बाल विकास हेतु पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए उचित पोषण तथा प्रारंभिक देखभाल के महत्व के प्रति जागरूक करना। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु पात्र लाभार्थियों को नकद अंतरण एवं योजना से संबंधित जागरूकता बढ़ाना।

बैठक में बताया गया कि पोषण माह के दौरान प्रत्येक दिन विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं पंचायत स्तर पर विविध जागरूकता एवं सहभागिता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के बेहतर पोषण के साथ समुदाय में पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक के अंत में उप विकास आयुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा अंतर विभागीय समन्वय के साथ राष्ट्रीय पोषण माह-2026 को सफल बनाने का निर्देश दिया गया।

## सार्वभौम शाक द्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के बैठक आयोजित


बैठक में भाग लेते लोग।

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** आगामी 20 सितंबर को अरवल जिले के शिव शक्ति मैरिज हॉल उमैराबाद में अखिल भारतीय सार्वभौम शाक द्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक आयोजित की जाएगी ।इस बैठक को सफल बनाने के लिए अरवल जिला के कार्यकारिणी सदस्यों संतोष कुमार पाठक अध्यक्ष, पंकज पांडे उपाध्यक्ष ,राकेश रंजन मिश्रा सचिव,सहित दर्जनों लोग काफी मेहनत कर रहे हैं ।इन लोगों के द्वारा गांव-गांव में जाकर संघ से जुड़े हुए लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं ।आगामी 20सितंबर को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगतगुरु निग्रहाचार्य स्वामी श्रीभागवतानंद गुरु जी उपस्थित रहेंगे ।साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर पतंजलि मिश्रा पूर्व अध्यक्ष वेद विभाग हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, निशांत मिश्रा सहायक प्रोफेसर कालिदास विश्वविद्यालय नागपुर सहित कई गणमान्य उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय जी भी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे ।कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के गौरवशाली इतिहास पर विभिन्न विद्वानों के द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही शिक्षा चिकित्सा एवं कर्मकांड विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। जिले के तमाम प्रबुद्ध जनों से संगठन के लोगों ने आग्रह किया है कि आप इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर के विद्वानों के आशीर्वचनों को सुनकर लाभ उठाएं।

## सांसद ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा पीड़ित परिवारों को की आर्थिक मदद


पीड़ित परिवारों से मिलते सांसद।

**कुर्था (एनएसबी)** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को अरवल जिले के बाढ़ प्रभावित कुर्था, करपी एवं वंशी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कई पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद भी दी और संकट की इस घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और उनके परिवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से किसानों को हुए नुकसान का शीघ्र आकलन कराया जाना चाहिए तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को बाढ़ प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने के साथ किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए भी ठोस कदम उठाने चाहिए। वही उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव मदद के लिए वे लगातार उनके बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को उठाते रहेंगे।

## आंगनबाड़ी केदो पर एक होम राशन का हुआ वितरण


राशन लेती महिलाएं।

**अरवल(एनएसबी)।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन का वितरण, अधिकारियों ने किया निरीक्षण जिला पदाधिकारी, अमृषा बैंस के निदेशानुसार समेकित बाल विकास सेवाएँ अरवल अंतर्गत जिले के अरवल, कलेर एवं सोनभद्र वंशी सूर्यपुर परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज टेक होम राशन का वितरण किया गया।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं की देखरेख में पात्र लाभुकों के बीच टीएचआर का वितरण सुनिश्चित कराया गया। इस दौरान 06 माह से 03 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को चावल, दाल एवं सोयाबीन युक्त पौष्टिक टेक होम राशन प्रदान किया गया। टीएचआर वितरण के साथ-साथ आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा लाभुकों को संतुलित पोषण, स्तनपान एवं पूरक आहार के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक भी किया गया। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर पात्र लाभुकों को ससमय, निर्धारित मात्रा में एवं गुणवत्तापूर्ण टीएचआर उपलब्ध कराने तथा वितरण से संबंधित विवरण की पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। टीएचआर वितरण की वास्तविक स्थिति एवं गुणवत्ता के आकलन के लिए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान वितरण व्यवस्था, लाभुकों की उपस्थिति, टीएचआर की मात्रा एवं पोषण ट्रैकर पर प्रविष्टि की स्थिति का जायजा लिया गया। वितरण कार्य में संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं एवं सहायिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं


लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 04 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से नली-गली, नगर परिषद कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, आईसीडीएस कार्यालय एवं शिक्षा विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। अरवल नगर परिषद स्थित ग्राम अरवल सिपाह के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि नाली की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर पानी की जलजमाव काफी हो जाती है, जिससे परेशानी हो रही है। उचित कार्रवाई करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित एन.पी.एस. निसरपुरा विद्यालय अरवल के मिनू कुमारी द्वारा बताया गया कि मैं इस विद्यालय के अध्यापिका हूँ तथा मुझे तबियत खराब रहने के कारण आने-जाने में काफी असुविधा हो रही है। मुझे निकटवर्ती विद्यालय में प्रतिनियुक्ति करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

## बाढ़ में लापता विराज सिंह के परिजनों से मिले पप्पू यादव


परिजनों से मिलते पप्पू यादव।

**कुर्था (एनएसबी)।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के कांवरिया गांव पहुंचकर बाढ़ में लापता हुए विराज सिंह के परिजनों से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए। हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

विदित हो कि पुनपुन नदी में आई बाढ़ के दौरान विगत 4 सितंबर को कांवरिया गांव निवासी विराज सिंह की मौत हो डूबने से गई थी। घटना के बाद से लगातार उनकी तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक उनका शव बरामद नहीं हो सका है। शव नहीं मिलने से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अरवल के जिलाधिकारी से बातचीत की और विराज सिंह के शव की तलाश में अभियान को तेज करने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों से पीड़ित परिवार को हरसंभव प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराने की भी अपील की। इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि कठिन घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा रहना और हरसंभव मदद करना हमारी जिम्मेदारी है। बाढ़ की इस त्रासदी में जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उनके साथ हम मजबूती से खड़े हैं।

## अपने अधिकारों, लोकतंत्र और न्याय के लिए संघर्ष का रास्ता चुनें छात्र

**पटना (एनएसबी)।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉ. नेहा बोरा सोमवार को पटना विश्वविद्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों से संवाद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उनके साथ भाकपा-माले की विधान पार्षद कॉ. शशि यादव भी मौजूद रहीं। पटना विवि के समीप आयोजित छात्र संवाद को संबोधित करते हुए नेहा बोरा ने कहा कि आज छात्रों के सामने दो रास्ते हैं- एक रास्ता उन्हें स्वतंत्र भारद्वाज जैसे भाजपा-आरएसएस के गुंडों की राजनीति की ओर ले जाता है, जबकि दूसरा रास्ता निशू की तरह अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाने और सवाल करने का है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे डर और चुप्पी की राजनीति को ठुकराकर अपने अधिकारों, लोकतंत्र और न्याय के लिए संघर्ष का रास्ता चुनें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री हासिल करने की जगह नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना और सामाजिक बदलाव की प्रयोगशाला होते हैं। ऐसे में विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, लोकतांत्रिक चरित्र और छात्रों के अधिकारों पर किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नेहा बोरा ने पटना विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 को बचाने के संघर्ष को तेज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पटना विवि के लोकतांत्रिक और स्वायत्त चरित्र को कमजोर करने वाली किसी भी कोशिश के खिलाफ छात्रों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत शिविर में लोगों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, लोगों को खुद भोजन परोसा, साथ किया भोजन

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैशाली जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हाजीपुर में संचालित बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राहत शिविर में रह रहे लोगों से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

जिले में गंगा ब्रिज थाना के सामने संचालित बाढ़ राहत शिविर में मुख्यमंत्री ने कम्युनिटी किचन का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन वितरण काउंटर और निबंधन सह नियंत्रण कक्ष में व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्वयं लोगों को भोजन परोसा। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता देखी और शिविर में रह रहे लोगों से पूछा कि उन्हें भोजन एवं अन्य सुविधाओं में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं है। लोगों ने बताया कि शिविर में अच्छी व्यवस्था है और उन्हें पर्याप्त भोजन मिल रहा है।


मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत शिविर में लोगों को खुद भोजन परोसा।


मुख्यमंत्री ने शिविरों में जाकर लोगों से सीधे संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने राहत शिविर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों से बातचीत की। उन्होंने शैक्षणिक शिविर में भी बच्चों से उनकी पढ़ाई, शैक्षणिक गतिविधियों और खान-पान के बारे में जानकारी ली। शिविर में महिलाओं और पुरुषों के लिए की गई अलग-अलग रहने की व्यवस्था का भी उन्होंने जायजा लिया और दोनों शिविरों में जाकर लोगों से सीधे संवाद किया। स्वास्थ्य शिविर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से उपलब्ध जांच और इलाज की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि बीमार होने की स्थिति में बाढ़ पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सा शिविर की भी जानकारी ली और अधिकारियों को पशुओं के लिए पर्याप्त दवा उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन को पशु चारा की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बाढ़ के कारण पशुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। माननीय मुख्यमंत्री ने बाढ़ के पानी में डूबने से हुई मृत्यु के मामलों में मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

राहत शिविर के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा नदी के जलस्तर में लगभग 17 से 18 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। फरक्का बराज से अभी लगभग 15 लाख क्यूसेक पानी का लगातार डिस्चार्ज हो रहा है। अगले दो-तीन दिनों में स्थिति में और राहत मिलने की संभावना है। पदाधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आपदा से लोगों को निजात दिलाने के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। वर्तमान में आपदा की स्थिति है और ऐसी घड़ी में सरकार पूरी तरह लोगों के साथ खड़ी है। बाढ़ प्रभावित लोगों को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, इलाज, पढ़ाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर स्थिति की मनिटरिंग की जा रही है। स्थिति सामान्य होने के बाद एक-एक हाउस होल्ड की जांच कर नुकसान का आकलन किया जाएगा तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव राहत प्रदान की जाएगी। गंगा नदी के स्ट्रेच को एक सीमा में बांधने के संबंध में केंद्रीय जल आयोग से भी बातचीत की गई है, ताकि प्रत्येक वर्ष बाढ़ से उत्पन्न होने वाली समस्या से लोगों को स्थायी रूप से निजात दिलाई जा सके।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक लालगंज संजय सिंह, विधायक , वैशाली सिद्धार्थ पटेल, जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह, पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें : एक नजर में

### अगस्त में 895 अभियुक्त गिरफ्तार अवैध शराब व हथियार भी जब्त

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर वैशाली पुलिस ने अगस्त 2026 के महीने में विशेष अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी और सघन जांच अभियान चलाया गया। इस व्यापक अभियान के तहत पुलिस द्वारा 895 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर देते हुए


एसएसपी शुभांक मिश्रा ।

1873 जमानतीय, अजमानतीय वारंट और कुर्की जब्ती के मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया। अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए पुलिस टीम ने विभिन्न इलाकों से 10622 लीटर देशी और 5073 लीटर विदेशी शराब जब्त की। इसके साथ ही अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत 26 मामले दर्ज किए गए और 23 जिंदा कारतूस तथा 2 खोखा बरामद किए गए। सड़क सुरक्षा और संदिग्धों पर नजर रखने के उद्देश्य से चलाए गए सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से 39.29 लाख रुपये का शमन शुल्क लिया गया। एसएसपी शुभांक मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस का यह जीरो टलरेंस अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

## राघोपुर में बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच पहुँची 'चिराग के भरोसा' की राहत

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'चिराग के भरोसा' कार्यक्रम के तहत हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित राघोपुर प्रखंड के वीरपुर क्षेत्र में पीड़ित परिवारजनों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।

इस दौरान पार्टी के विधान पार्षद जनाब अशरफ अंसारी, युवा प्रदेश अध्यक्ष सह संयोजक विधानमंडल वेद प्रकाश पांडेय सहित अन्य ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुँचकर राहत सामग्री वितरित की और उनकी समस्याओं को जाना।



'चिराग के भरोसा' कार्यक्रम के तहत हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित राघोपुर प्रखंड के वीरपुर क्षेत्र में पीड़ित परिवारजनों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।

विधान पार्षद अशरफ अंसारी ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा की इस कठिन घड़ी में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का प्रत्येक कार्यकर्ता पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है। पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि संकट के समय समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता और विश्वास पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान के नेतृत्व में 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' की भावना के साथ पार्टी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं सहयोग का कार्य कर रही है। जब तक जरूरतमंद परिवारों को मदद की आवश्यकता है, तब तक पार्टी के कार्यकर्ता सेवा और सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।

उक्त आशय की जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी गुड्डू कुमार जायसवाल ने देते हुए बताया कि राहत वितरण के दौरान पार्टी के वरीय नेता अवधेश सिंह , प्रदेश महासचिव हरिहर पासवान , राघोपुर प्रखंड अध्यक्ष रामजीवन पासवान , सुजीत कुमार, रौनक कुमार, राकेश पासवान, मनोहर चौधरी, सोनू कुमार, पंकज झा, सुनील कुमार सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वैशाली में 750 बाल विवाह रुकवाए, भारत से उठी आवाज बनी वैश्विक संकल्प : डा सुधीर कुमार शुक्ला

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भारत से उठी बाल विवाह के खिलाफ आवाज आज पूरी दुनिया का संकल्प बन गई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 27 नवंबर को बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया जाना हमारे लिए गौरव का विषय है। लेकिन यह केवल जश्न मनाने का नहीं, बल्कि अपनी जिम्मेदारी को और मजबूत करने का अवसर है। जब तक किसी गांव का एक भी बच्चा बाल विवाह के खतरे में है, हमारी लड़ाई अधूरी है। उक्त बातें स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव डा. सुधीर कुमार शुक्ला ने भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली के सभागार में आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में 27 नवंबर को भारत सरकार ने नागरिक समाज संगठनों के सहयोग से 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की थी। अब इसी तारीख को संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित कर भारत में चल रहे अभियान को वैश्विक पहचान दी है। डा. शुक्ला ने कहा कि उनकी संस्था जस्ट राइट्स फर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन के रूप में वैशाली, सिवान, बक्सर समेत कई जिलों में बाल विवाह के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। सरकार और प्रशासन के सहयोग से कानूनी हस्तक्षेप के माध्यम से 2,000 से अधिक बाल विवाह रुकवाए गए हैं।

## छात्र छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा, ब्रिटानिया के प्रतिनिधि आति कुमारी एवं स्वास्थ्य शिविर के संचालक डक्टर सुजाता व डाक्टर पिंकी ने किया। नियमित स्वास्थ्य के हिसाब से विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में हीमोग्लोबिन से लेकर अन्य कोई महत्वपूर्ण जांच कर बच्चों को इसकी जानकारी दी गई एवं हीमोग्लोबिन की मात्रा कैसे बढ़ेगी इसके बारे में विस्तार से बतलाया गया। इस अवसर पर पंकज कुशवाहा ने कहा -स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ देश का निर्माण करता है इसलिए हम सभी को यह अभियान है हमारा विद्यालय -स्वस्थ विद्यालय। इस मौके पर छात्र- छात्राओं को आवश्यक दवाइयां भी दी गई। इस अवसर पर सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी ,शकुंतला सिन्हा, विनीता कुमारी,संगीता कुमारी, गीता कुमारी, सारिका कुमारी, आशा कुमारी, मोहम्मद अफजल हुसैन, सजिना प्रवीण के अलावे काफी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।



स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।

## ललित-निबन्ध की कलात्मकता पाठकों को आकर्षित करती है : बी ठाकुर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ललित-निबन्ध की कलात्मकता पाठकों को आकर्षित और प्रभावित करती है। अच्छे निबन्ध सुधी पाठकों को चिंतन के लिए भी विवश करते हैं। इसमें निबन्धकार का ज्ञान और भाषा-सामर्थ्य भी प्रकट होता है। ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निबन्ध-कौशल में गुणात्मक विकास होता है। यह बातें, हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित हिन्दी पखवारा एवं पुस्तक-चौदस-मेला के वें दिन, सोमवार को, विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई निबन्ध-लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को उदबोधित करते हुए, विद्वान साहित्यकार और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी बी ठाकुर ने कही। उन्होंने विद्यार्थियों को निबन्ध-लेखन के कौशल से भी अवगत कराया।


साहित्य सम्मेलन में मेरे प्रिय साहित्यकार विषय पर आयोजित हुई निबन्ध-लेखन प्रतियोगिता।

किलकारी बिहार बाल भवन, सैदपुर, शिवम् कौन्वेन्ट, न्यू बाइपास, कंकड़बाग, पटना, संत जौंस पब्लिक हाई स्कूल, पार्क रोड, कदमकुआं,प्रभुतारा स्कूल, सकरीगली, पटना, गंगस्थली बालिका ज्ञानपीठ, दीघा, इन्फेंट जिजस स्कूल, खाजेकला, पटना सिटी आदि विद्यालयों के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने मेरे प्रिय शिक्षक विषय पर, अत्यंत सार-गर्भित और सुंदर निबन्ध लिखे। इन्हें लेखन के लिए मिनट का समय दिया गया था।

इस अवसर पर, निर्णायक मण्डल के सदस्य डा नीतू सिंह, प्रतियोगिता आयोजन समिति के संयोजक ई अशोक कुमार, डा नागेश्वर यादव, कृष्णरंजन सिंह, इन्दु भूषण सहाय, नम्रता कुमारी, वी के मिश्र, हृदय नारायण झा, ईशा कुमारी आदि उपस्थित थे। शिक्षक, विद्यार्थी एवं पुस्तक-प्रेमियों ने पुस्तक-मेले से पुस्तकों की भी खरीद की।

## बिहार के पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता का ओडिशा के डिप्टी सीएम सह पर्यटन मंत्री ने किया स्वागत

**पटना/एनएसबी।** बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के भुवनेश्वर प्रवास के दौरान ओडिशा की उपमुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री प्रभाती परिडा ने शिष्टाचार भेंट की एवं बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं ओडिशा की उपमुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री प्रभाती परिडा के बीच पर्यटन एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ एवं चर्चा हुई। बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि ओडिशा की उपमुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री प्रभाती परिडा से हुई वार्ता से दोनों राज्यों के पर्यटन विकास को नई उँच्चाइयों तक ले जाने की दिशा में यह मुलाकात अत्यंत सुखद एवं काफी सार्थक रही।


बिहार के पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता का ओडिशा के डिप्टी सीएम सह पर्यटन मंत्री प्रभाती परिडा ने किया स्वागत।

## बीएसएपी के एडीजी नैयर हसनैन खान मुजफ्फरपुर पहुंचे, बीएमपी 6 में समीक्षा बैठक व निरीक्षण कर आलाधिकारियों को दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

### एडीजी नैयर हसनैन खान ने कहा - करीब 40 महिला जवानों को एनएसजी में कमांडो कोर्स के लिए भेजा गया है

**पटना/ एनएसबी।** बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, बीएसएपी के एडीजी नैयर हसनैन खान सोमवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। मालीघाट स्थित बीएमपी बीएसएपी 6 परिसर में उन्होंने डीआईजी और कमांडेंट के साथ बैठक कर वाहिनी की अब तक की कार्ययोजना और चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। मीडिया से बातचीत में एडीजी नैयर हसनैन खान ने बताया कि उनका मुजफ्फरपुर दौरा मुख्य रूप से औपचारिक समीक्षा के उद्देश्य से था। समीक्षा के बाद उन्होंने वाहिनी परिसर का स्थल निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं के साथ-साथ चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा लिया। एडीजी नैयर हसनैन खान ने जवानों से उनके सुझाव और समस्याओं की जानकारी ली। एडीजी नैयर हसनैन खान ने कहा कि बीएसएपी 6 को एक बेहतर बेसिक प्रशिक्षण इकाई के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बीएसएपी की क्षमता बढ़ाने के लिए दो नई बटालियन के गठन का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन है। एडीजी नैयर हसनैन खान ने कहा कि बटालियन के गठन की निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस पर जल्द निर्णय होने की उम्मीद है। इसके साथ ही बीएसएपी जवानों की क्षमता बढ़ाने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स रैफ की तर्ज पर प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य जवानों को आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी परिस्थितियों से निपटने के लिए अधिक सक्षम बनाना है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर बिहार को आंतरिक सुरक्षा के मामलों में बाहरी बलों पर कम निर्भर रहना पड़े। एडीजी नैयर हसनैन खान ने बताया कि करीब 40 महिला जवानों को एनएसजी में कमांडो कोर्स के लिए भेजा गया है। वहां उन्हें विशेष कमांडो प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


बीएसएपी के एडीजी नैयर हसनैन खान मुजफ्फरपुर पहुंचे।

## खबरें खास-खास

### महनार में बाढ़ राहत कार्य तेज, सामुदायिक रसोई व राहत शिविर शुरू

**नौ निबंधित नावों से प्रभावित इलाकों में आवागमन, चिकित्सा शिविर व पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था, महनार के चमरहरा स्थित राहत शिविर में भोजन करते बाढ़ प्रभावित लोग**

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से महनार के दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया है। एसडीओ अंकित कुमार, एसडीपीओ प्रवीण कुमार, बीडीओ मुकेश कुमार और आरओ पूजा राय ने प्रभावित क्षेत्रों व राहत शिविर का जायजा लिया। अधिकारियों ने प्रभावित लोगों को भोजन, चिकित्सा और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अलीपुर हट्टा और हसनपुर दक्षिणी में सामुदायिक रसोई संचालित है। नगर परिषद के वार्ड 21 देशराजपुर और वार्ड 20 में जहाज घाट के पास सामुदायिक भवन में भी रसोई शुरू की जा रही है। चमरहरा पंचायत स्थित जगदीश उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाढ़ से विस्थापित परिवारों के लिए राहत शिविर चल रहा है, जहां आवासन और भोजन की व्यवस्था है। राहत शिविर व सामुदायिक रसोई में चिकित्सा शिविर लगाकर प्रभावित लोगों की जांच की जा रही है। पशुओं के लिए चारा व चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। आवागमन और बचाव के लिए नौ निबंधित नावों का परिचालन हो रहा है। अलीपुर हट्टा, हसनपुर, हबराहा, बहलोलपुर और फतेहपुर कमाली में नावें लगाई गई हैं। संवेदनशील घाटों पर दंडाधिकारी तैनात कर जलस्तर व तटबंधों की निगरानी की जा रही है।


अलीपुर हट्टा और हसनपुर दक्षिणी में सामुदायिक रसोई संचालित ।

### महनार में किसानों के बीच बांटे गए 400 मालभोग केले के पौधे

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** महनार प्रखंड के लावापुर में किसानों की आय बढ़ाने और बागवानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 400 मालभोग केले के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, महनार के सहयोग, जिलेबिया जगदीश बुद्ध फाउंडेशन के मार्गदर्शन तथा रूडसेट संस्थान के प्रोत्साहन से आयोजित हुआ। मौके पर प्रखंड उद्यान पदाधिकारी मनोज कुमार, जिलेबिया जगदीश बुद्ध फाउंडेशन के सदस्य कुमार सौरभ, अखिलेश सिंह, सचिव ब्रजेश कुमार राय, प्रखंड प्रमुख नेहा कुमारी सहित संस्था के प्रतिनिधि व किसान मौजूद थे। इस दौरान किसानों को केले की वैज्ञानिक खेती, सिंचाई, खाद-उर्वरक प्रबंधन और रोग-कीट नियंत्रण की जानकारी दी गई। मनोज कुमार ने कहा कि किसान पारंपरिक खेती के साथ बागवानी फसलों को अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। ब्रजेश कुमार राय ने कहा कि संस्था किसानों को पौधों के साथ तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराएगी। प्रखंड प्रमुख नेहा कुमारी ने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने और पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की।


महनार में किसानों के बीच मालभोग केले के पौधे वितरित करतीं प्रखंड प्रमुख नेहा कुमारी ।

### राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक जगदीश मित्तल को श्रद्धांजलि

**साहित्य के एक मानक स्तंभ थे जगदीश मित्तल : सिद्धेश्वर**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पूरे देश भर के रचनाकारों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय फलक पर साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक देव सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश मित्तल हजारों कवियों ,लेखकों एवं साहित्यकारों की फौज खड़ी कर इस दुनिया से विदा हो गए । उनके सकारात्मक उद्देश्य के कारण राष्ट्रीय कवि संगम आज राष्ट्रीय फलक पर एक मानक स्तंभ बनकर सक्रिय और सृजनशील है । राष्ट्रीय कवि संगम की पटना जिला इकाई के द्वारा आज एक शोक - सभा का आयोजन धनंजय कुमार बब्लू के आवास ललिता मेन्शन, प्रियदर्शी नगर, डीपीएस, बेली रोड पर किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए, उपरोक्तउद्गार राष्ट्रीय कवि संगम पटना जिला इकाई के सचिव एवं साहित्यकार सिद्धेश्वर ने व्यक्त किया ।

संस्था के पटना जिला इकाई के अध्यक्ष एवं कलाकार अविनाश बंधु ने कहा - वे सिर्फ हम साहित्यकारों के संरक्षक ही नहीं बल्कि अभिभावक की तरह थे । इसलिए हम सब उन्हें बाबूजी भी कहा करते थे । संस्था के संयोजक एवं कवि धनंजय कुमार बबलू ने कहा कि जगदीश मित्तल ने जो साहित्य का अलख जगाया है उसे हम जागृत किये रखेंगे । संस्था के प्रांतीय सह महा मंत्री डा. अंकेश कुमार ने कहा कि जगदीश मित्तल जी जिन्हें हम सभी बाबू जी कहते है उनकी भौतिक उपस्थिति भले न हो पर उनकी वैचारिक उपस्थिति हमेशा हम सभी के साथ रहेगी। राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने दस्तक एवं अन्य अवसरों के माध्यम से सशक्त कवियों की कई पीढ़ियों को तैयार करने का काम किया है। राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक जगदीश मित्तल जिन्हें हम प्यार से बाबूजी कहते हैं का दिल्ली के एक अस्पताल में पिछले दिन निधन हो गया। पिछले 4 दिनो से वे वेंटिलेटर पर थे। उनका जीवन सादगी से भरा था । अन्य वक्ताओं ने कहा कि 2007 में उनके द्वारा स्थापित संस्था राष्ट्रीय कवि संगम कवियों की आज सबसे बड़ी वैश्विक संस्था है जिसकी शाखाएं लगभग चालीस देशों में फैली हैं। यह संस्था देश एवं विदेश के कवियों को मंच प्रदान कर उन्हें साहित्यिक समृद्धि प्रदान कर रही है। उनकी याद में आज पूर्वा 11 बजे एक शोक सभा आयोजित हुई, जिसमें वक्ताओं ने जगदीश मित्तल के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शुभ चन्द्र सिन्हा, सिद्धेश्वर, डा अंकेश कुमार, अविनाश बंधु, शंकर भगवान सिंह, मनोज कुमार चौरसिया एवं धनंजय कुमार बब्लू और सिद्धेश्वर , उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की । सभी लोगों ने बाबूजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं एक मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति हेतु प्रार्थना की कि प्रभु मृतात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। सभी विद्वतजनों ने उनके द्वारा शुरू किए गए अभियान को और तीवता प्रदान करने का संकल्प लिया ताकि राष्ट्रीय कवि संगम नित्य नई उंच्चाइयां प्राप्त कर सके और इसका विस्तार और अधिक -से- अधिक देशों में हो सके।

*प्रस्तुति : धनंजय कुमार बबलू*



### वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने वाली दो महिला जवान निलंबीत

**पटना / एनएसबी।** वीआईपी ड्यूटी के दौरान अनुपस्थितिः 02-09-2026 को मुख्यमंत्री के चैंबर ऑफ कमर्स में प्रस्तावित कार्यक्रम के अवसर पर रूट लाइन जाँच के दौरान बाटा मोड़ पर यातायात संचालन हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। बिना सूचना और अनुमति के गायब रहनाः जाँच के क्रम में बाटा मोड़ पर तैनात म0सि0 9688 निशा कुमारी एवं गृह 0ध104079 रूची कुमारी की खोजबीन करने पर वे अपने निर्धारित पोस्ट से अनुपस्थित पाई गईं, जो बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के अपने ड्यूटी स्थल से वापस चली गई थीं। गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनताः माननीय मुख्यमंत्री के वीआईपी कार्यक्रम जैसे अति-महत्वपूर्ण अवसर पर बिना सूचना के ड्यूटी से गायब रहना इन कर्मियों की घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, मनमानेपन और आदेशों के स्पष्ट उल्लंघन को प्रदर्शित करता है। महिला सिपाही का निलंबनः उपरोक्तगंभीर आरोपों के मद्देनजर मसि0ध9688 निशा कुमारी को तत्काल प्रभाव से जीवन यापन भत्ता पर निलंबित कर दिया गया है, जिनका निलंबन अवधि में मुख्यालय यातायात संचालन, पटना रहेगा। विभागीय कार्रवाई और अग्रतर प्रतिवेदनः निलंबित महिला सिपाही के विरुद्ध श्प्रपत्र कश गठित कर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने तथा एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण की मांग करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही, गृह 0ध104079 रूची कुमारी के विरुद्ध भी जिलाधिकारी, पटना को अलग से प्रतिवेदन समर्पित किया जा रहा है, जिसपर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।